संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, रविवार, 09 जून 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive


मोहाली एयरपोर्ट पर हुए घटनाक्रम में महिला कर्मचारी के खिलाफ की गई एकतरफा कार्रवाई के विरोध में प्रदर्शन किया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
वर्ष: 13 अंक: 158 पृष्ठ: 12
RNI : HPHIN/2012/48072
actionindiauna@gmail.com | हिमाचल संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## आदर्श विचार



"मन की शांति से बढ़कर इस संसार में कोई भी संपत्ति नहीं है।"
- भगवत गीता

## मन की बात



"युवा वही होता है, जिसके हाथों में शक्ति, पैरों में गति, हृदय में ऊर्जा और आंखों में सपने होते हैं।" -स्वामी विवेकानंद

# राहुल गांधी बनेंगे नेता प्रतिपक्ष !

● कांग्रेस कार्यसमिति ने राहुल गांधी को विपक्ष का नेता बनाए जाने का प्रस्ताव पारित किया, राहुल गांधी ने मांगा सोचने का समय

### प्रस्ताव पारित

▶▶ सोनिया गांधी कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष चुनी गईं, राहुल गांधी को लोकसभा में विपक्ष का नेता बनाए जाने की मांग

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** कांग्रेस कार्यसमिति की शनिवार को दिल्ली के अशोका होटल में हुई बैठक में सर्वसम्मति से राहुल गांधी को विपक्ष का नेता बनाए जाने का प्रस्ताव पारित किया है। हालांकि बताया यह भी जा रहा है कि फिलहाल राहुल ने नेता प्रतिपक्ष का पद स्वीकारने से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा है कि उन्हें अभी इस बारे में विचार करने के लिए समय चाहिए। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस को पिछले तीन लोकसभा चुनावों के बाद पहली बार बेहतर स्थिति में है। वह 99 सदस्यों के साथ संसद में दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। विपक्ष का नेता पद का दावा करने के लिए किसी भी दल के पास लोकसभा की कुल सदस्य संख्या के 10 प्रतिशत निर्वाचित सदस्य होने जरूरी हैं। पिछले दो लोक सभा चुनावों में कोई भी दल इस आहर्ता को पूरा नहीं कर सका था। कांग्रेस इस बार राहुल गांधी के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव लड़ी है। कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक से पहले सभी पार्टी नेताओं का कहना था कि राहुल गांधी को विपक्ष का नेता पद स्वीकार करना चाहिए।
**उत्तर-दक्षिण भारत का पार्टी में संतुलन:** साथ ही राहुल गांधी के नेता विपक्ष बनने से पार्टी में उत्तर और दक्षिण भारत का संतुलन बनाने में भी मदद मिलेगी। अभी कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और महासचिव केसी वेणुगोपाल दक्षिण से हैं, जबकि उत्तर भारत से पार्टी का कोई बड़ा नेता पार्टी के बड़े पद पर मौजूद नहीं है। दिग्विजय सिंह, आनंद शर्मा जैसे उत्तर भारत के नेता चुनाव हार गए हैं, तो अशोक गहलोत जैसे नेता चुनाव में उतरे ही नहीं थे। इससे उत्तर भारत का पार्टी में प्रतिनिधित्व कमजोर पड़ गया है। गांधी परिवार कांग्रेस में सबसे मजबूत हैं, लेकिन आधिकारिक तौर पर सोनिया गांधी या राहुल गांधी पार्टी के किसी आधिकारिक पद पर नहीं हैं, जबकि प्रियंका गांधी महासचिव हैं। चुनावों की दृष्टि से उत्तर भारत में पार्टी का मजबूत होना जरूरी है।





### कार्यकर्ताओं ने एक नई उमंग और जोश के साथ काम किया

**खरगे ने कहा कि** 'मैं कांग्रेस के अपने सभी वरिष्ठ सहयोगियों को धन्यवाद दूंगा, जिन्होंने एक टीम की तरह काम किया। ये हमारे सामूहिक प्रयासों का ही असर था कि देशभर में हमारे कार्यकर्ताओं ने एक नई उमंग और जोश के साथ काम किया। उन्होनेअपने-अपने क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया।'
**यहां हुई सीटों में बढ़ोतरी:** उन्होंने आगे कहा, 'यहां मैं इस बात का भी खास उल्लेख करना चाहूंगा कि जहां-जहां से भारत जोड़ो यात्रा और भारत जोड़ो न्याय यात्रा गुजरी, वहां पर कांग्रेस पार्टी के वोट प्रतिशत और सीटों में बढ़ोतरी हुई।

## 'हमें 24 घंटे, 365 दिन लोगों के बीच रहना होगा: खरगे

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक हुई। बैठक में कांग्रेस चुनाव नतीजों की समीक्षा की गई, साथ ही भविष्य की रणनीति पर भी मंथन हुआ। बैठक करीब साढ़े 11 बजे शुरू हुई। इसमें पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा सहित पार्टी के कई अन्य शीर्ष नेता शामिल हुए। बैठक में खरगे ने इस बात पर जोर दिया कि सत्ता में हो या नहीं, हमें निरंतर काम करते रहना है। उन्होंने कहा कि 24 घंटे, 365 दिन लोगों के बीच रहना होगा। उन्होंने कहा, 'कांग्रेस कार्यसमिति देशभर में फैले कांग्रेस पार्टी के नेताओं



और करोड़ों कार्यकताओं का धन्यवाद करती है, जिन्होंने पिछले कुछ महीनों में अथक परिश्रम किया। मैं आपकी दृढ़ इच्छा शक्ति, संकल्प और परिश्रम के लिए बधाई देता हूं।'
**जनता ने संविधान विरोधी ताकतों को कड़ा जवाब दिया:** उन्होंने आगे कहा कि जनता ने हम पर विश्वास जताकर तानाशाही शक्तियों और संविधान विरोधी ताकतों को कड़ा जवाब दिया है। हिंदुस्तान के मतदाताओं ने भाजपा के 10 साल की विभाजनकारी, नफरत और ध्रुवीकरण की राजनीति को खारिज किया है। इसके अलावा कांग्रेस नेता ने कांग्रेस के सभी नव-निर्वाचित सदस्यों को बधाई दी। कहा कि18वीं लोकसभा का सदस्य बनने पर सभी को शुभकामनाए। आप लोगों ने विपरीत परस्तिथियों में चुनाव लड़कर जीत हासिल की।
**लोगों के चहेते राहुल गांधी को बधाई:** खरगे ने सोनिया गांधी का भी आभारं जताया। कहा, 'इस अवसर पर मैं सोनिया गांधी को भी धन्यवाद देना चाहूंगा।

## शपथ ग्रहण समारोह में बुलाएंगे तो सोचेंगे: कांग्रेस



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने कहा है कि अभी तक नई सरकार के मंत्रीमंडल के शपथ ग्रहण समारोह में बुलाने के लिए निमंत्रण नहीं आया है। अगर शपथग्रहण समारोह में बुलाया जाता है और निमंत्रण पत्र भेजा जाता है तो उस पर विचार किया जाएगा। कांग्रेस कार्यसमित की बैठक के ठीक बाद एक पत्रकार वार्ता के दौरान एक सवाल के जवाब में जयराम रमेश ने यह कहा। देश में तीसरी बार मोदी सरकार बनने जा रही है। रविवार, 9 जून शाम सवा 7 बजे राष्ट्रपति भवन में नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। देश-विदेश के नेताओं को शपथ ग्रहण समारोह का न्योता भी भेजा जा रहा है। इस बीच कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा है कि आईएनडीआईए के नेताओं को शपथ ग्रहण समारोह का निमंत्रण नहीं आया है। अगर निमंत्रण आता है तो हमारे नेता इस पर विचार करेंगे। कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश और केसी वेणुगोपाल ने संयुक्त प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि 2024 लोकसभा का चुनाव लोकतंत्र और आम जनता की जीत है। कांग्रेस ने संविधान बचाने और समाजिक व आर्थिक समानता को मुद्दा बनाकर चुनाव मैदान में उतरी थी जिसका देश ने समर्थन दिया। इसके लिए कांग्रेस कार्यसमिति ने देशवासियों का आभार जताया है।

## इंडिया गठबंधन ने नीतीश को पीएम पद का ऑफर दिया था: केसी



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** जेडीयू के नेता केसी त्यागी ने नीतीश कुमार को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि जिन नेताओं ने नीतीश कुमार को आईएनडीआई गठबंधन का राष्ट्रीय संयोजक बनाने से इनकार कर दिया था, उन्होंने ही कुछ दिनों पहले उन्हें प्रधानमंत्री बनने का प्रस्ताव दिया था।' केसी त्यागी के इस बयान पर कांग्रेस की ओर से प्रतिक्रिया सामने आई है।
**केसी वेणुगोपाल ने दिया जवाब:** कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक के बाद हुए संवाददाता सम्मेलन में जब नीतीश कुमार के ऑफर से जुड़ा सवाल केसी वेणुगोपाल से पूछा गया तो उन्होंने कहा, "हमारे पास ऐसी कोई जानकारी नहीं है।" केसी त्यागी ने दावा किया कि आईएनडीआई गठबंधन के नेताओं की ओर से नीतीश को प्रधानमंत्री पद का ऑफर दिया गया, लेकिन उन्होंने इसे ठुकरा दिया।

## कुलविंदर पर एकतरफा कार्रवाई मामले में भड़का किसान यूनियन

### घेरा

▶▶ बीकेई प्रदेशाध्यक्ष औलख बोले- माताओं-बहनों के बारे में टिप्पणी करने पर गुस्सा स्वाभाविक

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा:** मोहाली एयरपोर्ट पर हुए घटनाक्रम में महिला कर्मचारी के खिलाफ की गई एकतरफा कार्रवाई के विरोध में शनिवार को भारतीय किसान एकता ने शहर में रोष मार्च निकाला। रोष मार्च नेहरू पार्क से शुरू होकर जनता भवन रोड से होते हुए सुभाष चौक, भगत सिंह चौक, सुरखाब चौक पर आकर संपन्न हुआ। किसानों ने निष्पक्ष जांच की मांग के लिए राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। बीकेई प्रदेशाध्यक्ष लखविंदर सिंह औलख ने बताया कि भाजपा नेताओं की फितरत बन चुकी है कि वह किसानों व किसान परिवारों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां करते रहते हैं। कंगना रनौत का विवादों के साथ पुराना रिश्ता है। दूसरी तरफ सीआईएसएफ जवान कुलविंदर कौर पिछले 16 सालों से अपनी ड्यूटी ईमानदारी से निभा रही हैं। भगत सिंह एयरपोर्ट पर 2.5 साल से उसकी पोस्टिंग है।

## मोदी 3.0 में दिखेगी किंगमेकर नीतीश की धमक

**टीम एक्शन इंडिया**
पटनाः राजनीतिक गलियारे में इन दिनों 20 साल बाद खूब गूंज रहा। यह कोई हिट फिल्म का नया वर्जन नहीं है। संदर्भ यह है कि केंद्र की सरकार में 20 साल बाद जदयू के एक से अधिक मंत्री दिखेंगे। वर्ष 2004 में मई के बाद जदयू के लिए इस तरह की उपलब्धि नहीं थी। नरेंद्र मोदी की सरकार में 2021-22 में कुछ दिनों के लिए जदयू के राज्य सभा सदस्य आरसीपी सिंह मंत्री जरूर हुए थे, पर इनके अलावा मई 2004 के बाद से केंद्रीय मंत्रिमंडल में जदयू की किसी भी तरह की उपस्थिति नहीं थी। बीच में यूपीए की सरकार केंद्र में बन गयी। वर्ष 2014 का चुनाव जदयू ने अलग होकर लड़ा और 2019 में जब केंद्रीय मंत्रिमंडल का गठन हो रहा था तब जदयू को एक मंत्री पद मिल रहा था जो उस वक्त उन्हें मंजूर नहीं था।
**2004 में मई तक जॉर्ज, शरद व नीतीश तीनों थे केंद्र में मंत्री :** 2004 के मई तक केंद्रीय मंत्रिमंडल में जॉर्ज फर्नांडीस, शरद यादवऔर नीतीश कुमार तीनों मंत्री थे। यह 2001 की सरकार थी, जब जदयू कुछ दिनों तक समता पार्टी के रूप में था। तब जॉर्ज फर्नांडिस के पास रक्षा मंत्रालय का कामकाज था। वह बिहार व जदयू का प्रतिनिधित्व कर रहे थे।

## राष्ट्रपति मुइज्जू पीएम मोदी के शपथग्रहण में होंगे शामिल

**टीम एक्शन इंडिया**
**माले:** मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। उन्होंने शनिवार को कहा कि यह उनके लिए सम्मान की बात होगी और इस ऐतिहासिक अवसर पर उनकी पहली भारत यात्रा यह दर्शाएगी कि द्विपक्षीय संबंध 'सकारात्मक दिशा' की ओर बढ़ रहे हैं। मुइज्जू की यह टिप्पणी प्रधानमंत्री मोदी के नई दिल्ली में शपथ ग्रहण



समारोह में शामिल होने के निमंत्रण को स्वीकार करने के बाद आई है। बता दें कि मोदी को रविवार को प्रधानमंत्री पद की शपथ दिलाई जाएगी, यह उनका लगातार तीसरा कार्यकाल होगा। राष्ट्रपति मुइज्जू ने प्रधानमंत्री मोदी और भारत सरकार के मंत्रिपरिषद के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने का निमंत्रण स्वीकार कर लिया है।

### नीट-यूजी | समिति एक हफ्ते के अंदर अपनी रिपोर्ट पेश करेगी: एनटीए के महानिदेशक सुबोध

## एनटीए ने ग्रेस मार्क्स की समीक्षा के लिए समिति गठित की

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** नीट-यूजी 2024 के नतीजों को लेकर चल रहे विवाद के बीच राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने 1,500 से ज्यादा उम्मीदवारों को दिए गए ग्रेस मार्क्स का पुनर्मूल्यांकन करने के लिए चार सदस्यीय समिति का गठन किया है। समिति एक हफ्ते के अंदर अपनी रिपोर्ट पेश करेगी। यह कदम बढ़े हुए अंकों के व्यापक आरोपों के बाद उठाया गया है, जिसके परिणामस्वरूप 67 उम्मीदवारों ने शीर्ष रैंक साझा की, जिनमें एक ही परीक्षा केंद्र के छह उम्मीदवार शामिल थे। एनटीए के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह ने नीट परीक्षा विवाद पर शनिवार को



एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि उम्मीदवारों ने कुछ मुद्दे उठाए हैं। उन्होंने कहा कि यह दुनिया या देश की सबसे बड़ी प्रतियोगी परीक्षा है, जो एक ही पाली में होती है, जिसमें लगभग 24 लाख उम्मीदवार और 4,750 केंद्र थे। इस परीक्षा का पैमाना सबसे बड़ा है। लगभग छह केंद्रों पर प्रश्नपत्रों के गलत वितरण के कारण लगभग 16,000 उम्मीदवार प्रभावित हुए। उम्मीदवारों ने आरोप लगाया कि उन्हें कम समय मिला। हमने उच्च न्यायालय में जवाब दिया है कि हमने विशेषज्ञों की एक शिकायत निवारण समिति बनाई है। यह समिति केंद्र से रिपोर्ट, सीसीटीवी फुटेज सहित समय की बबार्दी के विवरण पर गौर करेगी। समिति में यूपीएससी के पूर्व अध्यक्ष और अन्य शिक्षाविद शामिल हैं। समिति एक हफ्ते के अंदर अपनी रिपोर्ट पेश करेगी। उसके बाद फैसला लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमने सभी चीजों का पारदर्शी तरीके से विश्लेषण किया और नतीजे घोषित किए। 4,750 केंद्रों में से समस्या सिर्फ छह केंद्रों तक सीमित थी और 24 लाख उम्मीदवारों में से सिर्फ 1,600 उम्मीदवार प्रभावित हुए।




# स्कूली बच्चों को करवाया सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का दौरा

## बच्चों ने अपशिष्ट जल के पुनः उपयोग और पर्यावरण संरक्षण के बारे में जाना

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः एनटीपीसी** कोल डैम पर्यावरण प्रबंधन समूह ने बीते वीरवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हरनोड़ा के 35 विद्यार्थियों व अध्यापकों के लिए एनटीपीसी टाउनशिप जमथल स्थित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का दौरा करवाया। इस अवसर पर पवन शर्मा क्षेत्रीय अधिकारी हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड बिलासपुर, जेई एचपीएसपीसीबी अर्पण ठाकुर और वीरेंद्र विशेष रूप से उपस्थित थे। उन्होंने विद्यार्थियों को सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट एसटीपी की कार्यप्रणाली और अपशिष्ट जल के पुनरू उपयोग और पर्यावरण संरक्षण के बारे




में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि अपशिष्ट जल एक प्रभावी वैकल्पिक जल आपूर्ति है। अपशिष्ट जल उपचार संयंत्रों से पानी का पुनरू उपयोग पानी की कमी को दूर करने में मदद कर सकता है। यह पानी का एक सुरक्षित और अनुमानित स्रोत सुनिश्चित कर सकता है, साथ ही जल निकायों पर दबाव कम कर सकता है और जलवायु परिवर्तन की संभावना को संतुलित कर सकता है। जलवायु परिवर्तन के कारण पानी की उपलब्धता में परिवर्तन हो रहा है, जिससे अधिक क्षेत्रों में इसकी कमी हो रही है। ग्लोबल वार्मिंग ने पहले से ही पानी की कमी वाले क्षेत्रों में पानी की कमी पैदा कर दी है और कृषि सूखे का खतरा बढ़ा दिया है, जिससे फसल की पैदावार प्रभावित हुई है, और पारिस्थितिकी तंत्र की भेद्यता बढ़ गई है। उचित उपचार के बाद पानी का पुनः उपयोग करने से इसका जीवन चक्र बढ़ जाता है, जिससे जल संसाधनों का संरक्षण होता है। पुनः प्राप्त पानी में नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटेशियम जैसे पोषक तत्व होते हैं, जो आमतौर पर उर्वरकों में पाए जाते हैं। यदि पुनः प्राप्त पानी का उपयोग पौधों पर किया जाता है, तो पौधे पुनः प्राप्त पानी में पोषक तत्वों का उपयोग कर सकते हैं।

# नीट परीक्षा में चमके गुरु नानक मिशन पब्लिक स्कूल पांवटा साहिब के चार मेधावी छात्र

**एसपी जैरथ**

**नाहन** : देश की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक नीट परीक्षा में गुरु नानक मिशन पब्लिक स्कूल के चार विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इस परीक्षा में देवांश राणा ने 621, वृंदा गोयल ने 583, अवनी ठाकुर ने 569 तथा एकता ने 510 अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। इन सभी विद्यार्थियों ने मेडिकल कॉलेज में एडमिशन के लिए अपनी दावेदारी प्रस्तुत की है। इस परीक्षा परिणाम की आते




ही विद्यालय में हर्ष की लहर दौड़ गई विद्यालय के डायरेक्टर गुरजीत सिंह सैनी तथा प्रधानाचार्य गुरविंदर कौर चावला ने सफल हुए विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी तथा उनके

**बधाई**

**▶▶ देश की सेवा में अपना योगदान दे रहे हैं। विद्यालय प्रबंधन ने सभी शिक्षकों को भी हार्दिक बधाई दी**

परिजनों के साथ भी अपनी खुशी बांटी।विद्यालय इस बात पर गर्व का अनुभव करता है कि इससे पहले भी गुरु नानक मिशन पब्लिक स्कूल के कई विद्यार्थी नीट परीक्षा पास करके डॉक्टर बने हैं तथा देश की सेवा में अपना योगदान दे रहे हैं। विद्यालय प्रबंधन ने सभी शिक्षकों को भी हार्दिक बधाई दी।

# 'उद्योग मंत्री और विधानसभा उपाध्यक्ष त्यागपत्र दें'

## मेलाराम शर्मा ने कहा कि हर्षवर्धन चौहान को हाटीयों को चुनौती देना भी महंगा पड़ा

**एसपी जैरथ**

**नाहन : सिरमौर** जिला भाजपा प्रवक्ता मेलाराम शर्मा ने उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान और विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार के चुनाव क्षेत्र में कांग्रेस की हार को शर्मनाक करार दिया है। उन्होंने कहा कि रेणुका और शिलाई की जनता ने उद्योग मंत्री और विधानसभा उपाध्यक्ष सहित प्रदेश की सुक्खू सरकार को नकार दिया है। जिला भाजपा प्रवक्ता ने बताया कि शिमला संसदीय चुनाव क्षेत्र में 17 विधानसभा क्षेत्रों में से 15 क्षेत्रों में कांग्रेस सरकार को हार का मुह देखना पड़ा। उन्होंने कहा कि



पिछले डेढ़ साल के आहकार्यकाल के दौरान सुख सरकार ने विकास के नाम पर इन क्षेत्रों में कुछ भी नहीं किया । मेलाराम शर्मा ने कहा कि सुक्खू सरकार प्रदेश की चारों लोकसभा सीटें हारने के बाद जनता का विश्वास खो चुकी है और उन्हें

**शर्मनाक करार**

**▶▶ भविष्य में हाटीयों के साथ पंगा लेना बंद करें वरना अगले विधानसभा चुनाव में भी उन्हें इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा**

अब सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं है। जिला भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि इस बार कांग्रेसी नेताओं के झूठ महिलाओं और युवाओं को ठगने में नाकाम रहेए इसलिए चुनाव हार गए। उन्होंने कहा की उद्योग मंत्री और विधानसभा उपाध्यक्ष रेणुका और शिलाई चुनाव क्षेत्रों में पिछले डेढ़ वर्षों के दौरान सरकार की कोई एक उपलब्धि नहीं बता सकते क्योंकि उनकी सरकार ने डेट वर्ष के दौरान कोई काम किया ही नहीं और इसीलिए क्षेत्र की जनता ने उन्हें हरा दिया। मेलाराम शर्मा ने कहा कि हर्षवर्धन चौहान को हाटीयों को चुनौती देना भी महंगा पड़ा। उन्होंने हर्षवर्धन चौहान और विनय कुमार को चुनौती दी कि भविष्य में हाटीयों के साथ पंगा लेना बंद करें वरना अगले विधानसभा चुनाव में भी उन्हें इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

# पांवटा साहिब में पुलिस ने चरस सहित पकड़ा नशा तस्कर

**एसपी जैरथ**

**नाहन** : जिला सिरमौर के उपमंडल पांवटा साहिब के भंगानी में पुलिस ने चरस सहित एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। आरोपी की पहचान कांशी राम पुत्र रंगी राम निवासी अप्पर भंगानी, तहसील पांवटा साहिब के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्यवाही शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, पुलिस की टीम सिंघपुरा के पास नाकाबंदी कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने कांशी राम को शक के आधार पर जांच के लिए



रुकवाया। पुलिस को देखकर व्यक्ति घबरा गया।जब शक के आधार पर उसकी तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से 76.76 ग्राम चरस बरामद हुई। लिहाजा पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। डीएसपी पांवटा साहिब अदिति सिंह ने मामले की पुष्टि की है।

# मंडी के सुनीव सीख रहे समुद्री चुनौतियों का सामना करने के गुर



**खेमचंद शास्त्री**

**मंडीः** जैसे-जैसे समुद्री चुनौतियाँ विकसित होती जा रही हैं, मजबूत अंतर्राष्ट्रीय साझेदारी की आवश्यकता तेजी से महत्वपूर्ण होती जा रही है। एक साथ काम करके, भारतीय और जापान तटरक्षक खोज और बचाव अभियान, समुद्री कानून प्रवर्तन और पर्यावरण संरक्षण जैसी आम चुनौतियों का बेहतर ढंग से समाधान कर सकते हैं। जापान के क्योर स्थित तटरक्षक अकादमी मे चली चार दिवसीय कार्यशाला में मंडी के सुनीव मंढोत्रा समेत देश के चार तटरक्षक समुद्री चुनौतियों से निपटने के गुर सीख रहे हैं। मंडी से संबंध रखने वाले किसी तटरक्षक के लिए यह एक बड़ा अवसर माना जा रहा है। मंडी शहर के साथ लगते जरल मलोरी के सेवानिवृत पुलिस अधिकारी ब्रहमदास का बेटा सुनीव मंढोत्रा इन दिनों तमिलनाडू में श्रीलंका की सीमा पर तटरक्षक अकादमी में कमांडेट के तौर पर कार्यरत हैं जबकि अन्य तीन गोताखोर देश के दूसरे हिस्सों में कार्यरत हैं। सुनीव मंढोत्रा ने इस कार्यशाला के समापन पर पर यह जानकारी सांझा करते हुए बताया कि भारतीय तट रक्षक और जापान तट रक्षक बचाव गोताखोर गोताखोरी कार्यशाला में सहयोग करते हैं। उन्होंने बताया कि समुद्री सुरक्षा बढ़ाने और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम में, भारतीय तटरक्षक आईसीजी के चार विशेषज्ञ गोताखोर अधिकारी जापान तटरक्षक जेसीजी द्वारा आयोजित बचाव गोताखोर गोताखोरी कार्यशाला में भाग ले रहे हैं।

क्योर में जापान कोस्ट गार्ड अकादमी में 3 जून से 7 जून तक आयोजित हुई इस इस कार्यशाला का उद्देश्य सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करना, बचाव डाइविंग कौशल सेट को बेहतर बनाना और सुरक्षा प्रबंधन प्रशिक्षण को सुदृढ़ करना है।

# बड़ोल देवी मंदिर में श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ



**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर** : उपमंडल झंडूता के ग्राम पंचायत बड़ोल देवी के माता बड़ोल देवी मंदिर परिसर में सात दिवसीय श्री मद भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश यात्राए भागवत पुराण स्वागत, वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ किया गया। श्रीमद भागवत कथा का वर्णन पंडित पंडित सोनू शर्मा द्वारा किया जाएगा। प्रबंधक कमेटी बड़ोल देवी के अध्यक्ष राम पाल व पंडित दिनेश शर्मा ने बताया कि इस कथा का आयोजन समस्त प्रबंधक कमेटी बड़ोल देवी जी द्वारा 14 जून तक किया जाएगा। 14 जून को भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

# परेशानी का कारण बनी टाईलों वाली सडक से अब नाहन शहर को मिलेगी मुक्ति

**एसपी जैरथ**

**नाहन** : नाहन की सडकों पर परेशानी का सबक बनी टाइलों से अब शहर को मुक्ति मिल जाएगी। शहर में गुन्नू घाट से लेकर बस स्टैंड तक टाईलों को हटाकर तारकोल वाली सडक बनाने का कार्य शुरू कर दिया गया है।गौर हो कि शहर को गुन्नू घाट से लेकर दिल्ली गेट तक जोड? वाली चक्कर सडक पर लगाई गई टाइल्स सडक दुर्घटना का बड़ा कारण साबित हो रही थी। यही नहीं लगाई गई टाइल सही तरीके से न लगाए जाने के कारण गड्ढों में तब्दील हो चुकी थी। शहर की प्रबुद्ध जनता के द्वारा इस समस्या की बाबत बार.बार प्रशासन को अवगत भी कराया गया।बावजूद इसके



तारकोल वाली सडक ना बनाकर पहले से लगी टाइलों को ही ठीक करने का कार्य कई बार किया गया। शहर के लोगों ने समस्या से निजात पाने को लेकर स्थानीय विधायक अजय सोलंकी से गुहार लगाई। विधायक अजय सोलंकी के द्वारा लोगों की समस्या को ध्यान में रखते हुए तारकोल युक्त सडक बनाने के लिए डेढ़ करोड़ रुपए का बजट एमएलए प्रायोरिटी पर स्वीकृत करवाया गया।लोक निर्माण विभाग नाहन मंडल के द्वारा आज शुक्रवार से इस कार्यक्रम को शुरू भी कर दिया गया है। अधिशासी अभियंता आलोक जनवेजा ने खबर की पुष्टि करते हुए बताया शुक्रवार से जारी किए गए टायरिंग के कार्य को एक सप्ताह में कंप्लीट कर लिया जाएगा। उन्होंने लोगों से भी अपील करते हुए कहा कि सडक पर टाइलें हटाकर बेहतर तरीके से डामर युक्त सडक बनाई जा रही है।ऐसे में अधिशासी अभियंता के द्वारा इस रूट पर ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने को लेकर सहयोग की मांग भी की है। वहीं विधायक अजय सोलंकी ने बताया कि आचार संहिता खत्म हो चुकी है। उन्होंने बताया कि शहर सहित पूरे विधानसभा क्षेत्र में रुके हुए तमाम विकास कार्यों को अब तेजी से गति दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि बनोग से सब्जी मंडी तक अल्टरनेट बाईपास की डीपीआर शिमला भेजी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि जल्द ही 11 करोड़ से अधिक के एस्टीमेट की डीपीआर के स्वीकृत होते ही टेंडर लगाने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

# निशुल्क नेत्र जाँच शिविर का आयोजन

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडीः** हिमाचल मंडी जनकल्याण सभा दिल्ली द्वारा आयोजित निरूशुल्क नेत्र जाँच शिविर का आयोजन दुगार्पुर, मंडी में किया गया। इस जांच शिविर में दूर-दूर के क्षेत्रों से काफी संख्या में लोग अपनी आंखों की जांच करवाने हेतु दुगार्पुर पहुंचे। शिविर प्रातः 8 बजे से दोपहर 3 बजे तक पालमपुर रोटरी आई फाऊंडेशन, मारंडा, पालमपुर के अनुभवी डॉक्टरों की टीम के तत्वावधान में हुआए जिसमें लगभग 750 रोगियों ने अपनी आंखों की जांच के लिए पंजीकरण करवाया। जिनमें से मोतियाबिंद से पीड़ित 60 से अधिक रोगियों को ऑपरेशन की सलाह दी गई। जिन मरीजों को मोतियाबिंद रोग से ग्रसित




पाया गया उन्हें ऑपरेशन हेतु मेला मल सूद रोटरी आई हॉस्पिटल मारंडा, पालमपुर के लिए रेफर किया गया और सभी मरीजों को सभा की ओर से मुफ्त दवाइयां दी गई। जिन मरीजों को डॉक्टरों द्वारा चश्मा लगाने की सलाह दी गई, उनमें से सभा द्वारा अति गरीब लोगों को चश्मे भी निरूशुल्क दिए गए। डॉक्टरों द्वारा जिन मरीजों को ऑपरेशन करवाने की सलाह उन सभी को दोपहर 3 बजे के बाद सभा द्वारा दो बसों में निरूशुल्क मेलामल सूद रोटरी आई हॉस्पिटल, मारंडा, पालमपुर ले जाकर दाखिल किया गया जहां पर उन्हें निरूशुल्क खाना एवं अन्य सुविधाओं के साथ उनका मोतियाबिंद का लेंस सहित ऑपरेशन 9 जून को निरूशुल्क किया जाएगा। ऑपरेशन के पश्चात 10 जून को सभी मरीजों की जांच के पश्चात छुट्टी दी जाएगी। तत्पश्चात सभी मरीजों को बसों द्वारा शिविर स्थल दुगार्पुर में निरूशुल्क छोड़ा जाएगा। सभा के अध्यक्ष केआर वर्मा ने बताया कि सभा इस प्रकार के पहले भी 46 निः शुल्क नेत्र शिविर मंडी के दूरदराज के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित कर चुकी है।

# 09 जुलाई को होंगे साक्षात्कार


**चमन शर्मा**

**शिमलाः** महिला एवं बाल विकास हि.प्र. के अंतर्गत बाल विकास परियोजना शिमला शहरी के अधीनस्थ संचालित किये जा रहे आंगनवाडी केन्द्रों में आंगनवाड़ी कार्यकताओं/सहायिकाओं के विभिन्न रिक्त पदों को भरने हेतु साक्षात्कार लिये जाने हैं जिनके लिए 09 जुलाई 2024 को साक्षात्कार उपमंडल दण्डाधिकारी शिमला शहरी के कार्यालय में प्रातः 11 बजे आयोजित किया जाने हैं। बाल विकास परियोजना अधिकारी शिमला शहरी ने जानकारी देते हुए बताया कि ढली-2 केंद्र और इंजन घर केंद्र में कार्यकर्ता तथा कौमली बैंक, लद्दाखी मोहल्ला, विकासनगर-2 और अप्पर कैथू केंद्रों में सहायिका के पद रिक्त हैं। उन्होंने बताया कि जिन अभ्यार्थियों ने पहले ही कार्यालय में आवेदन किया है वे सभी अभ्यार्थी साक्षात्कार के लिये मान्य है तथा वाक-इन-इंटरव्यू होने के कारण साक्षात्कार के दिन भी आवेदन पत्र स्वीकार किये जायेंगे तथा अभ्यर्थी साक्षात्कार में भाग ले सकेगें। इन पदों हेतु केवल वही महिला उम्मीदवार ही पात्र है जो उपरोक्त रिक्तियों हेतु केवल सम्बन्धित आंगनवाडी केन्द्र के लाभान्वित क्षेत्र में 1 जनवरी 2024 को सामान्य रूप से रह रहे परिवार से सम्बन्ध रखती हो। इसके अतिरिक्त, उम्मीदवार की उम्र 18 वर्ष से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए और न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता कार्यकर्ता व सहायिका दोनों के लिए दस जमा दो होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उम्मीदवार के परिवार की वार्षिक आय 50000 रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिये जिसका प्रमाणपत्र तहसीलदार/नायब तहसीलदार द्वारा जारीध्प्रति हस्ताक्षरित किया होना चाहिये। उन्होंने बताया कि उच्च शैक्षणिक योग्यता, अपंग, विधवाएस्टेट होम/बालिका आश्रम के इनमेट्स, अनाथ, असहाय एवं परित्यक्ता, जिनके पति पिछले सात वर्ष से अनट्रेसेबल हो, एस.सी.ए एस.टी.ए ओबीसी तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका/बाल सेविका/बालवाड़ी टीचर/नर्सरी टीचर/उसी वार्ड में कार्य कर रही सिलाई अध्यापिका शिशुपालक तथा उन परिवारों की अविवाहित लड़कियों को जिसमें दोनों ही लडकियां है तथा कोई बालक न हो अथवा विवाहित महिलाएं जिनकी दो पुत्रियां हो तथा कोई पुत्र न हो को निर्धारित दिशा-निदेर्शों के अनुसार अंक दिये जायेगें जिसके लिये प्रार्थी को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने होंगे। आंगनवाडी कार्यकताओं व सहायिकाओं को सरकार द्वारा समय-समय पर निर्धारित मानदेय देय होगा। अधिक जानकारी के लिए नजदीक के आंगनबाड़ी केन्द्र अथवा बाल विकास परियोजना अधिकारी शिमला शहरी लटावा हाउस निगम विहार शिमला-171002 के कार्यालय दूरभाष-70188-00702 से सम्पर्क कर सकते हैं।

# मानसून से पहले ही सिरमौर में 14 जून को होगी मेगा मॉक ड्रिल: सुमित

**एसपी जैरथ**

**नाहन** : उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण सुमित खिमटा ने बताया कि 14 जून को 8वें राज्य स्तरीय मेगा मॉक ड्रिल का आयोजन सिरमौर जिला में किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस मॉक ड्रिल में सभी संबंधित विभाग चिन्हित स्थलों पर फील्ड स्तर पर होने वाले अभ्यास में भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि आगामी मानसून के दृष्टिगत फलेश फलड और लैंडस्लाइड की संभावना को देखते हुए यह मॉक ड्रिल की जा रही है। सुमित खिमटा ने बताया कि आजवीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से 14 जून को होने वाली मेगा मॉक ड्रिल के सम्बन्ध में प्रथम चरण में ओरियंटेशन और कॉर्डिनेशन की प्रदेश स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सिरमौर जिला के सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि इस ओरिएंटेशन और कॉर्डिनेशन बैठक में मेगा मॉक ड्रिल के आयोजन के सम्बध में विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। सुमित खिमटा ने कहा कि मेगा मॉक ड्रिल के दूसरे चरण में 12 जून को टेबल टॉप एक्सरसाइज आयोजित की जायेगी जिसमें सभी सम्बन्धित विभाग अपनी-अपनी तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान करेंगे।



उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों से 14 जून को होने वाली मेगा मॉक ड्रिल की तैयारी समय पर पूरा करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि सभी सम्बन्धित विभाग अपने-अपने विभागों से संबंधित तैयारियों को समय पर मुकम्मल करें और आपदा प्रबंधन योजना को अंतिम रूप प्रदान करें। जिला राजस्व अधिकारी सिरमौर चेतन चौहान ने इस अवसर पर आपदा प्रबंधन के तहत 14 जून को होने वाली मेगा मॉक ड्रिल के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर पुलिस, होमगार्ड शिक्षा, स्वास्थ्य तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# विक्रमादित्य बोले थप्पड़ मामले को आतंकवाद से जोड़ने का बयान गैर जिम्मेदाराना

## हिमाचल में चले मोदी मैजिक का मंथन जरूरी

**चमन शर्मा**

**शिमलाः** कंगना को सीआईएसएफ महिला सुरक्षा कर्मी द्वारा मारे थप्पड़ की गूंज कम होती दिखाई नही दे रही है। हिमाचल सरकार में लोकनिर्माण मंत्री और मंडी से कंगना के प्रतिद्वंदी रहे विक्रमादित्य ने मामले की निंदा की है तो दूसरी तरफ इस मामले को आतंकवाद से जोड? के कंगना के बयान को गैर जिम्मेदाराना बताया हैं। विक्रमादित्य ने कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में चुनावों के नतीजों के बाद बुलाई शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की बैठक के दौरान कही। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि पहले दिन से वह घटना की निंदा कर रहे हैं। खासकर एयरपोर्ट पर सुरक्षा में तैनात महिला के द्वारा इस तरह की घटना नहीं होनी चाहिए इस पर कार्यवाही होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस मामले को आतंकवाद से जोड?ा भी सही नही है बल्कि ऐसे बयान गैर जिम्मेदाराना हैं। विक्रमादित्य ने कहा कि उनकी स्वेदनाएं किसानों के साथ है लेकिन बात को रखने का एक संवैधानिक तरीका होता हैं। वन्ही विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि देश में मोदी मैजिक नही चला लेकिन हिमाचल में चला हैं। यहां पर क्या कमी रह गई इस पर मंथन की जरूरत हैं।लोकसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन नहीं रहा है। लेकिन जो वायदे उन्होंने मंडी, शिमला ग्रामीण और प्रदेश के लोगों से किए हैं उन कामों को मजबूती से करेंगे। जिसको लेकर शिमला ग्रामीण की बैठक की जा रही है। उन्होंने कहा कि सडकों केरखरखाव, सुदृढ़ीकरण और पीएमजीएसवाई का काम पूरजोर तरीके से चला है।

# राज्य सरकार द्वारा अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक विंजेताओं के लिए पुरस्कार राशि में उल्लेखनीय वृद्धि

**चमन शर्मा**

**शिमलाः** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गत दिवस कहा कि राज्य सरकार ने विभिन्न अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक विजेताओं के लिए पुरस्कार राशि में उल्लेखनीय वृद्धि की है। उन्होंने कहा कि ओलम्पिक, शीतकालीन ओलम्पिक तथा पैरालम्पिक प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक विजेताओं के लिए पुरस्कार राशि 3 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 5 करोड़ रुपये कर दी गई है। इसी प्रकार रजत पदक विजेताओं को अब 2 करोड़ रुपये के स्थान पर 3 करोड़ रुपये तथा कांस्य पदक विजेताओं को 1 करोड़ रुपये के स्थान पर 2 करोड़ रुपये दिए जाएंगे।मुख्यमंत्री ने कहा



कि एशियाई खेलों तथा पैरा एशियाई खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाडि?ों के लिए स्वर्ण पदक विजेताओं की पुरस्कार राशि में उल्लेखनीय वृद्धि करते हुए इसे 50 लाख रुपये से बढ़ाकर 4 करोड़ रुपये कर दिया गया है। रजत पदक विजेताओं को अब 30 लाख रुपये के स्थान पर 2.50 करोड़ रुपये तथा कांस्य पदक विजेताओं को 20 लाख रुपये के स्थान पर 1.50 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। इसके अतिरिक्त राष्ट्र मण्डल खेलों तथा पैरा राष्ट्र मण्डल खेलों में गौरव हासिल करने वाले खिलाडि?ों को भी संशोधित पुरस्कार योजना का

**पुरस्कार राशि**

**स्वर्ण पदक विजेताओं के लिए पुरस्कार राशि 3 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 5 करोड़ रुपये कर दी गई**

लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने खेलकूद गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ते हुए 50 लाख रुपये के स्थान पर 3 करोड़ रुपयेए रजत पदक विजेताओं को 30 लाख रुपये के स्थान पर 2 करोड़ रुपये और कांस्य पदक विजेताओं को 20 लाख रुपये की जगह 1 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि दी है।उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की नई खेल नीति का उद्देश्य खेल उत्कृष्टता को बढ़ावा देना और प्रोत्साहित करना है। पुरस्कार राशि में यह वृद्धि राज्य सरकार की खेलों को बढ़ावा देने और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत को प्रोत्साहित करने की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। उन्होंने कहा कि इस पहल से न केवल खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ेगा बल्कि खेलों में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को और अधिक अवसर प्राप्त होंगे जो राज्य में खेलों के समग्र विकास में योगदान देगा।

# शनिदेव मंदिर मच्छयाल में ग्रहों की शांति के लिए किया जाता है तुला दान

**भंडारा**

**ग्रहों की शांति के लिए मंदिर परिसर में तुला दान करवाने की व्यवस्था भी है लोग दूर दूर से यहां आकर तुला दान करवाते हैं**



**संगराय**

**जोगिंद्रनगर** :जोगिंद्रनगर उपमंडल के मच्छयाल में स्थित शनि देव मंदिर में महीने के दूसरे शनिवार को विशाल भण्डारे का आयोजन किया जाता है इस बारे में जानकारी देते हुए शनि मन्दिर कमेटी के प्रधान चुनी लाल शर्मा ने बताया कि मच्छयाल में स्थित शनि देव मंदिर में महीने के दूसरे शनिवार को भंडारे का आयोजन किया जाता है शनिवार को पांच सौ से अधिक श्रद्धालुओं ने शीश नवाजे और प्रसाद ग्रहण किया। इस के साथ उन्होंने बताया कि ग्रहों की शांति के लिए मंदिर परिसर में तुला दान करवाने की व्यवस्था भी है लोग दूर दूर से यहां आकर तुला दान करवाते हैं इसके अलावा यहां हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मेले का आयोजन किया जाएगा और इस मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम कुश्ती, महिला मंडलों की प्रतियोगिता भी करवाई जाती है प्रधान चुनी लाल शर्मा ने कहा कि इस बार शनि मन्दिर कमेटी सदस्यों के द्वारा निर्णय लिया गया है कि दानी सजनों के द्वारा दिए गए दान से गणेश भगवान का मन्दिर बनाया जाएगा। और भी मन्दिर का काम बच गया है वो भी पूरा किया जाएगा। इस अवसर पर शनि मन्दिर कमेटी के सदस्य प्रधान चुनी लाल शर्मा, उपप्रधान कर्म चन्द्र ठाकुर, दुनी चंद चौधरी, चेत राम चौधरी एरुप लाल, धर्मवीर चौधरी, रमेश चंद कटोच आदि सदस्य मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### उपायुक्त ने डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा को लेकर जिला कार्य योजना की बैठक की अध्यक्षता की



**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू :** उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस रवीश ने आज गहन डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा आईडीसीएफ को लेकर जिला कार्य योजना की बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत पहला राउंड 15 जून से 30 जून तक चलाया जाएगा जिसमे जिले के 3086 गावों में शून्य से पाच वर्ष आयु वर्ग के कुल 29470 बच्चों के 25660 घरों में ओआरएस के पैकेट तथा जिंक की गोलियों का वितरण किया जाएगा।उन्होंने कहा कि दस्त से निर्जलीकरण के कारण होने वाली मौतों की रोकथाम और नियंत्रण के लिए तीव्र तरीके से क्रियान्वित की जाने वाली गतिविधियों में मुख्य रूप से -दस्त रोकथाम प्रबंधन के लिए जागरूकता पैदा करने वाली गतिविधियों को तेज करना, दस्त के मामलों के प्रबंधन के लिए सेवा प्रावधान को मजबूत करना, ओआरएस-जिंक कोनों की स्थापना, पांच साल से कम उम्र के बच्चों वाले घरों में आशा द्वारा ओआरएस की व्यवस्था करना और स्वच्छता और सफाई के लिए जागरूकता पैदा करने वाली गतिविधियां चलाई जाएंगी।उन्होंने कहा की ईडीसीएफ का लक्ष्य बाल दस्त के कारण होने वाली बाल मृत्यु को शून्य करना है इसमें, उन हस्तक्षेपों का प्रयोग किया जाता है जिनका बचपन में दस्त से होने वाली रुग्णता और मृत्यु दर को नियंत्रित करने में बड़ा प्रभाव पड़ता है। आईडीसीएफ की रणनीति में समुदाय में ओआरएस और जिंक की बेहतर उपलब्धता और उपयोग, निर्जलीकरण के मामलों के प्रबंधन के लिए सुविधा स्तर को सुदृढ़ बनानाए आईसी अभियान के माध्यम से दस्त की रोकथाम और नियंत्रण पर जानकारी और संचार को बढ़ाने पर बल दिया जाएगा। उन्होंने कहा इसके अंतर्गत समुदाय/ग्राम स्तर पर ओआरएस का वितरण एवं प्रदर्शन, दस्त के प्रबंधन के साथ-साथ स्वच्छता और सफाई पर एएनएम द्वारा आईपीसी गतिविधियाँ, स्कूलों में हाथ धोने का प्रदर्शन तथा स्वास्थ्य सुविधा स्तर पर, उपचार के लिए ओआरएस और जिंक कॉर्नर की स्थापना, दस्त के मामलों के मानक प्रबंधन को बढ़ावा देना, स्वास्थ्य सुविधाओं में पानी की टंकियों की सफाई इत्यादि पर जोर दिया जाता है।बैठक में जिला चिकित्सा अधिकारी डा नागराज पवार, परियोजना अधिकारी जिला ग्रामीण अभिकरण प्रवीण भारद्वाज, सहित विभिन्न अधिकारी उपस्थित थे।

### कौशल्या नदी जलस्तर में कमी से परवाणू में पेयजल संकट

**ग्रोवर**

**परवाणू :** औद्योगिक नगरी परवाणू में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। पिछले कई दिनों से पर्याप्त बारिश न होने से परवाणू के एकमात्र पेयजल स्त्रोत कौशल्या नदी में पानी सूखता जा रहा है। पहले परवाणू में एक दिन छोड़ कर पानी दिया जा रहा था, लेकिन पेयजल का स्तर लगातार गिरते रहने से अब लोगो को चौथे दिन पेयजल नसीब होगा। यदि आने वाले कुछ दिनों में पर्याप्त बारिश न हुई तो लोगो को पेयजल के लिए तरसना पड़ सकता है। बता दे की परवाणू में हिमुडा द्वारा पेयजल की सप्लाई की जाती है। परवाणू के निकटवर्ती कामली गाँव के किनारे से गुजर रही कौशल्या नदी से पानी लिफ्ट करके परवाणू में पेयजल सप्लाई की जाती है। पिछले कुछ दिनों से पर्याप्त बारिश न होने से जरुरत के मुताबिक पेयजल नहीं मिल पा रहा है। परवाणू को अभी अपनी जरुरत के मुकाबले महज 25 प्रतिशत पानी मिल रहा है। इसके चलते अब हिमुडा ने चौथे दिन पानी सप्लाई करने का निर्णय लिया है। इसके लिए बाकायदा अनुलेख भी जारी किया गया है। अनुलेख के मुताबिक 9 जून रविवार को सेक्टर 6, टकसाल, एप्पल मार्किट, 10 जून सोमवार को सेक्टर 1, 2 व 3, 11 जून मंगलवार को सेक्टर 4, 5, 1-ए व ऊँचा परवाणू, 12 जून बुधवार को सेक्टर 6, टकसाल, एप्पल मार्किट, 13 जून वीरवार को सेक्टर 1,2 व 3, 14 जून शुक्रवार को सेक्टर 4, 5, 1-ए व ऊँचा परवाणू में पेयजल सप्लाई की जाएगी।

# महिला सुरक्षा कर्मी के खिलाफ हो कड़ी कार्रवाईः राजबली

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी :** मंडी लोकसभा की एमपी कंगना रनौत के साथ चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर जो भी हुआ उसकी कड़े शब्दों में निंदा करता हूं । हिमाचल प्रदेश भारतीय जनता पार्टीअल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष मोहम्मद राजबली ने यह शब्द कहे। उन्होंने कहा कि जिस सुरक्षा कर्मी ने ऐसी घटिया हरकत की है इसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। जो कांग्रेस के लोग सोशल मीडिया पर इस सुरक्षा महिला कर्मी के फेबर में सोशल मीडिया अकाउंट में लिख रहे हैं वह लोग जवाब दें कि किस आधार पर अपने प्रदेश के नेताओं



के खिलाफ इस तरह के अपराध पर दूसरे स्टेट के लोगों के साथ खड़े होकर उनकी भाषा बोल रहे हैं। आने वाले दिनों में इन लोगों के साथ भी ऐसा हुआ तो यह लोग क्या बोलेंगे। वर्दी की मयार्दा बनी रहनी चाहिए एजब वर्दी मिलती है तो बहुत जिम्मेदारी के साथ मिलती हैए इसकी गरिमा को बनायें रखें ।

# सिक्योरिटी गार्ड के 100 पदों हेतु 24 व 26 जून को होगा आयोजित रोजगार शिविर

**एसपी जैरथ**

**नाहन : मैसर्ज** सिस एसआईएस इंडिया लिमटिड बिलासपुर प्रदेशभर. में सिक्योरिटी गार्ड के 100 पदों को भरने जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी सिरमौर जगदीश कुमार ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिला रोजगार कार्यालय नाहन में 24 जून को, उपरोजगार कार्यालय पांवटा साहिब में 25 जून व उप रोजगार कार्यालय सराहां में 26 जून को प्रातः 10 बजे से भर्ती शिविरों का आयोजन किया जाएगा।उन्होंने बताया कि सुरक्षा जवान के पद के लिए न्यूनतम




वेतन 16500 रुपए से 19500 रुपए व सुपरवाइजर पद के लिए 18000 रूपए से 22000 रुपए दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों की आयु 19 से 40 वर्ष तथा शैक्षणिक योग्यता 10वीं से स्नातक व भार 45 से 90 कि.ग्रा.होना चाहिए।

# केश्व राम शास्त्री के निधन पर शोक व्यक्त

**चमन शर्मा**

**शिमला :** चियोग क्षेत्र के जाने माने विद्वान, साहित्कार एवं समाजसेवी केशव राम शास्त्री के निधन पर कसुपंटी के पूर्व मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र भोटका, चियोग के प्रधान दिनेश जोगटा सहित अनेक बुद्विजीवी वर्ग ने गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होने दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को इस दुःख की घड़ी में शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्राथार्ना की है। सीनीयर सैकेंडरी स्कूल चियोग के प्रधानाचार्य संदीप शर्मा ने बताया कि उनके पिता केश्व राम का बीते दिनों अपने निवास स्थान जठाई करयाल में निधन हो गया है वह 82 वर्ष के थे। केश्व राम शर्मा सरकारी स्कूल से बतौर शास्त्री पद से रिटायर हुए थे।

# जिला युवा सेवा एवं खेल अधिकारी एवं सचिव जिला खेल परिषद की बैठक आयोजित

**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू** :जिला युवा सेवा एवं खेल विभाग, कुल्लू, की प्रथम बैठक जिला युवा सेवा एवं खेल अधिकारी एवं सचिव जिला खेल परिषद की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में एडीपीओ उच्च शिक्षा, एडीपीओ प्राथमिक शिक्षा विभाग, जिला के उत्कृष्ट खिलाडी, जिला खेल संघों तथा विभिन्न खेल अकादमियों तथा जिला के एनजीओ के पदाधिकारियों समेत कुल 36 सदस्य उपस्थित रहें। बैठक में सभी सदस्यों द्वारा अपने विचार प्रस्तुत किए गए जिसमें जिला



कुल्लू में विभिन्न खेल तथा खेल सुविधाओं व ढालपुर खेल मैदान को विकसित करने तथा जिला में खेलों को बढावा देने बारे में चर्चा हुई। बैठक में बैडमिन्टन कोर्ट, वालीवॉल कोर्ट, कबडडी कोर्ट, टेबल टेनिस कोर्ट, वॉस्केटवाल कोर्ट, फुटवाल मैदान, शतरंज, जुडो, एथलेटिक्स, जिम तथा कई अन्य खेलों के बारे में चर्चा हुई। जिला युवा सेवा एवं खेल अधिकारी कुल्लू तथा सचिव जिला खेल परिषद ने उपस्थित सदस्यों से जिला कुल्लू में ऐसे स्थान चिन्हित करने को कहा है जहां पर कुछ निर्माण कार्य करके उन स्थानों को खेलने लायक बनाया जा सके।

# चार महीने में बदले मुख्यमंत्री के गृह जिला हमीरपुर के एसपी, आईपीएस भगत सिंह को कमान

**शिमलाः हिमाचल** में आदर्श चुनाव आचार संहिता हटते ही तबादलों का दौर शुरू हो गया है। कांग्रेस की सत्तारूढ़ सुक्खू सरकार ने सबसे पहले मुख्यमंत्री के गृह जिला हमीरपुर के एसपी का तबादला किया है। आईपीएस अधिकारी भगत सिंह को हमीरपुर का नया एसपी लगाया गया है। वह 2015 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं और मंडी जिला की तीसरी बटालियन पण्डोह में कमांडेंट थे। राज्य सरकार ने हमीरपुर के एसपी रहे पदम् चंद को तीसरी बटालियन पण्डोह में कमांडेंट के पद पर तैनात किया है। मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने शुक्रवार देर रात इस सम्बंध में आदेश जारी किए हैं। आचार संहिता हटने के बाद सुक्खु सरकार का यह पहला तबादला है।

# बंद पड़े निर्माण कार्य को लेकर शौरी ने सौंपा ज्ञापन



**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू** :बंजार नगर व इसके आसपास के इलाके. में आजकल ट्रैफिक जाम की समस्या विकराल रूप ले चुकी है। घंटों ट्रैफिक जाम की समस्या से स्थानीय जनता व पर्यटक सभी प्रेषण हैं। ऐसे में राष्ट्रीय उच्च मार्ग के मापदंडों के अनुसार औट-बंजार-लूहरी सडक को स्तरोन्नत करने की माँग भी मुखर हो उठी है। बंजार नगर को ट्रैफिक की समस्या से निजात दिलाने के लिए पूर्व की जयराम सरकार द्वारा भू-अधिग्रहण कर बाईपास सडक का निर्माण कार्य शुरू किया गया था। परन्तु कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद से पिछले डेढ़ बर्ष से बंजार बाईपास का निर्माण कार्य बंद पड़ा है जिसके संदर्भ में आज बंजार विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुरेंद्र शौरी ने तहसीलदार बंजार को एक ज्ञापन सौंपा। विधायक शौरी ने कहा कि बाईपास निर्माण के लिए भू-अधिग्रहण किया जाकर पर्याप्त बजट के साथ पूर्व सरकार में 70प्रतिशत कार्य पूरा किया जा चुका था। जबकि आज कांग्रेस सरकार डेढ़ साल से सत्ता में होकर भी पूर्ण संसाधन व औपचारिकताएँ होने के बाबजूद बाईपास सडक को 100 मीटर भी नहीं निकाल पाई है। पूर्व सरकार में ही बजट उपलब्ध कराने व भू अधिग्रहण का प्रमुख कार्य किया जा चुका है। विभाग कार्य आबंटित कर के भी कार्य करने में असमर्थता जता रहा है जो कि सरासर सरकार की नाकामी है। बंजार नगर में बढ़ती ट्रैफिक समस्या में यह बाईपास निर्माण एक बहुत बड़ी राहत है। परंतु इस सरकार में बंजार विधानसभा क्षेत्र की अनदेखी चरम पर है। ज्ञापन के माध्यम से सरकार व प्रशासन को स्पष्ट संदेश दिया गया है कि यदि आगामी एक सप्ताह तक विभाग का यही लचर रवैया जारी रहा तो एक व्यापक जन आंदोलन करने से भी गुरेज नहीं किया जाएगा। बंजार में की गई मीडिया वार्ता में विधायक शौरी ने सरकार को काम बंद करने व विकास कार्यों के प्रति लचर रवैये के लिए आड़े हाथों लिया है। विधायक शौरी ने लोकसभा चुनावों में प्रत्याशी रहे व सरकार में लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह पर निशाना साधते हुए कहा है कि वे व्यंग्य भाव से बाहर आकर पूरे बंजार क्षेत्र की इस प्रमुख समस्या का जनहित में संज्ञान लें व अतिशीघ्र बाईपास के निर्माण कार्य को पुनरू शुरू कर अतिशीघ्र पूर्ण कराएँ।

# जो जीव धरती पर आया है, उसे जाना भी होगा...

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर :नगर** के डियारा सेक्टर में स्थित पिपलेश्वर महादेव मंदिर के सामने पार्क में चल रही श्रीमद भागवत कथा के अंतिम दिन प्रवचन करते हुए कथावाचक पंडित सुरेश भारद्वाज ने कहा कि जीवन की महान सच्चाई मौत है कोई भी जीव इससे बच नहीं सका है। संसार में जो भी जीव आता है। उसे संसार छोडकर अवश्य जाना पड़ता है, आवागमन ही संसार की रीत है। उन्होंने कहा कि जिस काम के लिए जीव धरती पर आया है, वह उस काम को करना ही भूल गया है। भगवान का स्मरण ही एक ऐसा उपाय उपाय है। जिससे जीव मनुष्य प्रभु चरणों में बिना कष्ट के चला जाता है। इस दौरान उन्होंने राजा परीक्षित की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि जब भागवत कथा सुनाते




हुए शुकदेव को छह दिन बीत गए और उनकी मृत्यु में बस एक दिन शेष रह गया। लेकिन राजा का शोक और मृत्यु का भय कम नहीं हुआ तब शुकदेवजी ने राजा को एक कथा सुनाई कि एक राजा जंगल में शिकार खेलने गया और रास्ता भटक गया। रात होने पर वह आसरा ढूंढने लगा। उसे एक झोपड़ी दिखी जिसमें एक बीमार बहेलिया रहता था। उसने झोपड़ी में ही एक ओर मलण्मूत्र त्यागने का स्थान बना रखा था और अपने खाने का सामान झोपड़ी की छत पर टांग रखा था। सुबह उठते-उठते उस झोपड़ी की गंध में राजा ऐसा रच-बस गया कि वहीं रहने की बात सोचने लगा। इस पर उसकी बहेलिए से कलह भी हुई। वह झोपड़ी छोड? में भारी कष्ट और शोक का अनुभव करने लगा। कथा सुनाकर शुकदेव ने परीक्षित से पूछा क्या उस राजा के लिए यह झंझट उचित था, परीक्षित ने कहा वह तो बड़ा मूर्ख थाए जो अपना राज-काज भूलकर दिए हुए वचन को तोड?ा चाहता था। वह राजा कौन था, तब शुकदेव ने कहा कि परीक्षित वह तुम स्वयं हो। इस मलण्मूत्र की कोठरी देह में तुम्हारी आत्मा की अवधि पूरी हो गई। अब इसे दूसरे लोक जाना है, पर तुम झंझट फैला रहे हो। क्या यह उचित है। यह सुनकर परीक्षित ने मृत्यु के भय को भुलाते हुए मानसिक रूप से निर्वाण की तैयारी कर ली और अंतिम दिन का कथा-श्रवण पूरे मन से किया। उन्होंने बताया कि शिक्षा ग्रहण करने के बाद परीक्षित ने शुकदेव से कहा कि अब उन्हें सांपों के काटने का कोई डर नहीं है। इसी दौरान उस काल के प्रचलित नाग वंश तक्षक का एक नाग ब्राह्मण की वेशभूषा में उनके नजदीक आया। उन्होंने परीक्षित को काट खाया और इससे परीक्षित की मौत हो गई। आयोजकों ने बताया कि रविवार 9 जून को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

# 425 पोली ब्रिक्स जमा कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**एसपी जैरथ**

**नाहन :** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सैनवाला के द्वारा विश्व पर्यावरण व तंबाकू निषेध दिवस बड़े जागरूकता संदेश के साथ मनाया गया। आयोजित जागरूकता दिवस कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य अयूब खान के द्वारा की गई। इस मौके पर विद्यालय में अंतर सदनीय प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें पर्यावरण संरक्षण और तंबाकू निषेध को लेकर निबंध, पेंटिंग, नारा लेखन तथा भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।छात्र-छात्राओं के द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा भी लिया गया। इस मौके पर विद्यालय के सभी सदनों के द्वारा पंचायत के आसपास के



क्षेत्र से 425 प्लास्टिक बोतल इक्ठी करके पाली ब्रिक्स का निर्माण किया गया। वेस्ट मटेरियल और प्लास्टिक बोतल से बनाई गई पाली ब्रिक्स कला में केसरिया सदन का सबसे बेहतर प्रदर्शन रहा। इस प्रदर्शन में सफेद व नीला सदन दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।छात्र-छात्राओं के द्वारा बनाई गई पाली ब्रिक्स से बैठने के लिए बेंच, चबूतरे आदि का निर्माण भी किया गया। इस मौके पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं को लेकर बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को

**जागरूक किया**

**तंबाकू निषेध को लेकर निबंध, पेंटिंग, नारा लेखन तथा भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया**

सम्मानित भी किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अयूब खान ने छात्रों के द्वारा किए गए कार्यों की जमकर प्रशंसा की।उन्होंने कहा कि विश्व में तेजी से बदल रहे पर्यावरण में हमें अपना और अपनी भावी पीढ़ी का भविष्य सुरक्षित करना है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें पर्यावरण संरक्षण को लेकर केवल एक दिन ही नहीं बल्कि हर दिन संस्कार के रूप में स्वीकार करते हुए पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले तत्वों से निजात पानी है। उन्होंने कहा कि घर में होने वाले सभी तरह के संस्कारों में यदि हम पेड़ लगाकर उसे संरक्षित करने का भी जिम्मा उठाते हैं तो निश्चित रूप से हमारा वायुमंडल शुद्ध और स्वास्थ्यवर्धक होगा।

उन्होंने कहा कि तंबाकू कैंसर का एक बड़ा कारक माना जाता है बावजूद इसके इसका इस्तेमाल करने वालों की संख्या भी बढ़ती जा रही है।उन्होंने कहा कि हर छात्र-छात्राओं को चाहिए कि वे लोगों को इसके बाद इफैक्ट्स के बारे में जानकारी देकर जागरूक भी करें। इस मौके पर छात्र-छात्राओं सहित विद्यालय का सारा स्टाफ मौजूद रहा।

# नीट में छाए आकाश हमीरपुर के होनहार, 695 अंक लेकर किंजल पाल्टा बनी सिटी टॉपर

**टीम एक्शन इंडिया**

**हमीरपुरः परीक्षण** तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) लगातार अपनी सफलता के झंडे गाड़ रहा है। हिमाचल प्रदेश की हमीरपुर स्थित आकाश की शाखा के करीब 50 छात्र-छात्राओं ने इस बार नीट 2024 की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इनमें से 27 स्टूडेंट्स ने 600 से अधिक अंक अर्जित हासिल हैं। संस्थान की छात्रा किंजल पाल्टा 695 अंक लेकर सिटी टॉपर रही हैं। किंजल जिला कुल्लू की रहने वाली हैं और आकाश हमीरपुर में कोचिंग ले रही थी।आकाश के ही छात्र सूर्यांश ने 690, अहान वर्मा ने 686, रिदुल



शर्मा ने 675, अथर्व जम्बाल ने 671, सुमित कुमार ने 666, तुषार कपूर ने 660, आशना बिष्ट ने 651, सक्षम ने 650, रूहानी ने 638, शगुन भारती ने 637, प्रियंका ठाकुर ने 635, शौर्य सिंह ठाकुर ने 633, अनुष्का कश्यप ने 632, अर्शित चौधरी ने 626, प्राची महाजन ने भी 626, जिया भारद्वाज ने 624, निकिता शर्मा ने 618, अनिकेत शांडिल ने 617, सुनेहा ने 614, रैना ने 613, सुजल पठानिया ने 608, कृति शर्मा ने 607, रिया ठाकुर ने 606 शिवांगी ने 605 और अवनी ने 601 अंक लेकर एमबीबीएस में अपनी सीट पक्की कर ली है।संस्थान के ब्रांच हेड राकेश कुमार और एकेडमिक हेड शिवम ने सभी होनहार स्टूडेंट्स को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के क्षेत्रीय निदेशक परमेश्वर झा ने कहा, सभी स्टूडेंट्स को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि पर बहुत-बहुत बधाई. "हमें अपने स्टूडेंट्स की उपलब्धि पर गर्व महसूस हो रहा है. उनका प्रभावशाली स्कोर हमारे छात्रों की क्षमता और हमारी शिक्षण पद्धतियों की प्रभावशीलता के चमकदार उदाहरण हैं।

ऊना, 09 जून 2024
दैनिक एक्शन इंडिया
ACTION INDIA
www.actionindialive.com

# उपायुक्त ने जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य को लेकर जिला कार्य योजना की बैठक की

**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू** :उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस रवीश ने आज जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य को लेकर जिला कार्य योजना की बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने सभी सम्बद्ध विभागों को इससे सम्बंधित जागरूकता एवं प्रचार प्रसार एवं इससे निपटने के लिए विभिन्न स्तरों पर प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए । उपायुक्त ने सूचना, शिक्षा एवं संचार के अन्तरगत पचायती राज संस्थानों, जिला शिक्षक प्रशिकण संसथान तथा जिला के स्कूलों एवं आपदा मित्रों को भी इस अभियान



से जोड ? के निर्देश दिए ताकि ऐसी स्थिति से निपटने के तरीकों को अधिक से अधिक लोगों तक पहुइचाया जा सके। जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुरेश ने इस अवसर पर एक विस्तृत पीपीटी प्रस्तुति देते हुए कहा की हीट वेव की स्थिति शरीर की कार्य प्रणाली पर प्रभाव डालती हैं, जिससे मृत्यु भी हो सकती है। इसके प्रभाव को कम करने के लिए प्रचार माध्यमों से हीट वेव ६ लू के सम्बन्ध में जारी की जा रही चेतावनी पर ध्यान दें। हीट स्ट्रोक, हीट रैश, हीट क्रैम्प के लक्षणों जैसे कमजोरी, चक्कर आना,सिरदर्द, उबकाई, पसीना आना, मूर्छा आदि को पहचानें। यदि मूर्छा या बीमारी अनुभव करते है तो तुरंत चिकित्सीय सलाह लें। हाइड्रेटेड रहें शरीर में जल की कमी से बचाव अधिक से अधिक पानी पियें। यात्रा करते समय पीने का पानी अपने साथ अवश्य ले जाएं। ओ.आर.एस., घर में बने हुये पेय पदार्थ जैसे लस्सी, चावल का पानी माड़, नींबू पानी, छाछ आदि का उपयोग करें, जिससे कि शरीर में पानी की कमी की भरपाई हो सके। जल की अधिक मात्रा वाले मौसमी फल एवं सब्जियों का प्रयोग करें यथा तरबूज खरबूज संतरे अंगूर अनानास खीरा ककड़ी, सलाद पत्ता लेट्यूस। शरीर को ढक कर रखें हल्के रंग के पसीना शोषित करने वाले हल्के वस्त्र पहनें। धूप के चश्मे, छाता, टोपी, व चप्पल का प्रयोग करें अगर आप खुले में कार्य करते है तो सिर,चेहरा, हाथ पैरों को गीले कपड़े से ढके रहें तथा छाते का प्रयोग करें। यथासंभव अधिक से अधिक अवधि के लिए घर कार्यालय इत्यादि के अंदर रहें । उचित वायु संचरण वाले शीतल स्थानों पर रहें सूर्य की सीधी रोशनी तथा उष्ण हवा को रोकने हेतु उचित प्रबंध करें।

# आपदा प्रबंधन को लेकर 14 जून को होगी मेगा मॉक एक्सरसाइज: उपायुक्त

**सदुपयोग**

▶▶सभी जिला अधिकारी उपलब्ध विभागीय संसाधनों और मानव संसाधन क्षमता का पूर्ण सदुपयोग सुनिश्चित बनाएंगे

**हामिद**

**चंबा** : उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने राष्ट्रीय व राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के साथ वर्चुअल रूप से आयोजित बैठक के पश्चात राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में जिला अधिकारियों के साथ एक मेगा मॉक एक्सरसाइज के आयोजन के संबंध में बैठक की। उपायुक्त ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वावधान में 14 जून को राज्य स्तर पर एक मेगा मॉक एक्सरसाइज



का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत जिला चंबा में विभिन्न स्थानों पर भारी बाढ़, भूस्खलन तथा ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड, को आधार मानकर एक मेगा मॉक एक्सरसाइज आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि आपदा पूर्वाभ्यास में प्रभावी प्रबंध व्यवस्था सुनिश्चित बनाने को लेकर 12 जून को टेबल टॉप एक्सरसाइज होगी। इसी तरह 14 जून को एक मेगा मॉक एक्सरसाइज का आयोजन किया जाएगा। इसमें जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के साथ जुड़े सभी विभागों, स्वयंसेवी संस्थाओं व विभिन्न सामाजिक संगठनों को शामिल किया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि चूंकि ऐसे पूर्वाभ्यास वास्तविक आपदा के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। ऐसे में सभी जिला अधिकारी उपलब्ध विभागीय संसाधनों और मानव संसाधन क्षमता का पूर्ण सदुपयोग सुनिश्चित बनाएंगे।

## नकड़ोह में कुलजा देवी का किया भंडारा

**राजन पुरी**

**ऊना: गगरेट** विधानसभा क्षेत्र के तहत कैलाश नगर (नकड़ोह) गांव में विश्वामित्र परिवार की तरफ से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अपनी कुलजा माता का वार्षिक भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर पंडित संदीप शर्मा की ओर से वैदिक वेद मंत्रों के साथ नवग्रह पूजन और हवन का आयोजन किया गया। महिलाओं द्वारा अपने कुलजा देवी की पूजा कर अपने कुल व गांव की सुख शांति की कामना की गई। हवन उपरांत झंडा चढ़ाने की रस्म अदा की गई। इस मौके पर विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। इस मौके पर पं विशवाधर, अश्वनी शर्मा, त्रिलोक शर्मा, हरिकृष्ण, कार्तिकेय शर्मा, अनमोल शर्मा, आर्यन शर्मा, मनीष रत्न भारद्वाज, अनीता शर्मा, रीतू शर्मा व सोनिया शर्मा आदि भी मौजूद रहे।

# ऑल इंडिया आर्टिस्ट एसोसिएशन शिमला में होगा 69वां संस्करण

**सम्मान**

▶▶कार्यकर्ताओं/एनजीओ को हमारी इंडियन हीरोज अवार्ड श्रेणी के तहत सम्मानित किया जाएगा

**चमन शर्मा**

**शिमला: हिमाचल** प्रदेश, थिएटर, नाटक, संगीत और नृत्य के रूप में कला और साहित्य को बढ़ावा देने पर काम करने वाला भारत का सबसे पुराना संगठन एआईएए ऑल इंडिया आर्टिस्ट एसोसिएशन शिमला अपने आगामी 69वें संस्करण के लिए शिमला वापस आ गया है। तक काली बाड़ी ऑडिटोरियम और गेयटी थिएटर में वार्षिक नाटक और नृत्य



प्रतियोगिता और महोत्सव। इस बार शिमला में सुदर्शन गौड़ नृत्य महोत्सव-2024 समग्र कार्यक्रम में और अधिक आकर्षण जोड़ देगा। देश की सबसे पसंदीदा और प्रशंसित नाटक और नृत्य प्रतियोगिता के 69वें संस्करण के साथ एक बार फिर यहां आना बहुत खुशी की बात है, जिसका हमारे प्रतिभाशाली कलाकार बेसब्री से इंतजार करते हैं। इस वर्ष एआईएए, शिमला में 20 राज्यों से लगभग 800 कलाकार आएंगे, जो इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भाग लेंगे और अपनी क्षमता का प्रदर्शन करेंगे। एआईएए शिमला के अध्यक्ष श्री रोहिताश्व गौड़ ने कहाए हम हमेशा की तरह इस मेगा इवेंट को बेहद खुशी और उत्साह के साथ आयोजित करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।एआईएए की उपाध्यक्ष और मेगा इवेंट की मुख्य आयोजक डॉ रेखा गौर ने कहा कि नाटक में प्रतिस्पर्धा करने के लिए 24 टीमें हैं, जबकि भरतनाट्यम, कथक, ओडिसी सहित शास्त्रीय, अर्ध-शास्त्रीय, लोक और मॉडेम श्रेणियों में 260 नृत्य प्रस्तुतियां होंगी। कथकली, मोहिनी-अट्टम, भांगड़ा, लावणी, गरबा, मणिपुरी लोक, समकालीन, बॉलीवुड, सालसा आदि। नाटक खंड में सामाजिक, कॉमेडी, प्रयोग, बच्चे आदि शामिल हैं। इसके अलावा, श्री बलराज साहनी राष्ट्रीय पुरस्कार, श्री गोपी कृष्ण राष्ट्रीय पुरस्कार, श्री सुदर्शन गौर लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड, इंडियन हीरोज अवार्ड और अन्य श्रेणियों में सम्मान समारोह होंगे यह अभिनेता और निर्देशक सुश्री भारती शर्मा जीए प्रवीण चंदला जी, पंजाबी नाटक लेखक श्री पाली भूपिंदर सिंह, कुचिपुड़ी नृत्य युगल डॉ पसुमथी विल और डॉभारती विल, कथक सहित प्रसिद्ध थिएटर हस्तियों को सम्मानित करने का भी एक अच्छा समय होगा। प्रतिपादक सुभाष चन्द्र। समाज में उनके बहुमूल्य योगदान के लिए कई जाने-माने समर्पित सामाजिक कार्यकताओं/एनजीओ को हमारी इंडियन हीरोज अवार्ड श्रेणी के तहत सम्मानित किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### शिक्षा मंत्री 9 जून को जुब्बल-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर

**चमन शर्मा**

शिमला :शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर 9 जून को जुब्बल-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे। यह जानकारी एक सरकारी प्रवक्ता ने दी। उन्होंने बताया कि शिक्षा मंत्री 9 जून को 2.30 बजे कथासु में पूरन चंद सिथटा छठे मेमोरियल वॉलीबॉल टूनार्मेंट के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। इसके पश्चात वह पार्टी कार्यकताओं से मिलेंगे और जन समस्याएं भी सुनेंगे।

### हिमाचल प्रदेश में गर्मी से निजात पाने के लिए भारी संख्या में पर्यटक कर रहे पहाड़ों का रुख

**चमन शर्मा**

**शिमला** : देश के मैदानी क्षेत्रों में भीषण गर्मी से निजात पाने के लिए बड़ी संख्या में सैलानी पहाड़ों का रुख कर रहे हैं। मैदानी राज्यों के स्कूलों में गर्मियों की छुटियां होने के बाद हिमाचल प्रदेश के पर्यटन स्थल सैलानियों से पैक हो गए हैं। शिमला, मनाली, कसौली, चायल, लाहौल स्पीति और किन्नौर सैलानियों से गुलजार हैं। वहीं विदेशी पर्यटकों की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है। होटलों में ऑक्यूपेंसी 80 से 90 फीसदी तक चल रही है। शिमला के होटलों में वीकेंड के अलावा हफ्ते के अन्य दिनों में भी कमरों की बुकिंग में भारी बढ़ोतरी हुई है। हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम एचपीटीडीसी के होटलों में वीकेंड पर बुकिंग 90 फीसदी के करीब रह रही है। एचपीटीडीसी क होटलों का नवीकरण कर निजी होटलों की तर्ज पर बदलाव किए जा रहे है। इन सभी कार्यों की वजह से एचपीटीडीसी के होटलों की बुकिंग में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। वीओरू एचपीटीडीसी के एमडी डॉ राजीव कुमार ने बताया कि हिमाचल प्रदेश में पर्यटन विभाग के होटल्स में मई के अंत तक ओर जून में 70 से 80 फीसदी तक ऑक्यूपेंसी चल रही है।

### आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड शिमला के छात्रों ने नीट 2024 में रचा इतिहास



**शिमला: परीक्षण** तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने शिमला में अपने 3स्टूडेंट्स की उल्लेखनीय उपलब्धि की घोषणा करते हुए गर्व महसूस किया,जिन्होंने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 720 अंकों में 618 व उससे अधिक अंक हासिल किए हैं।प्रभावशाली अंक हासिल करने वाले छात्रों में अदिती शर्मा ने 695 अंक, आशंषा बिष्ट ने 651 अंक और निकिता शर्मा ने 618 अंक, वैष्णवी मिश्रा ने 598 और शिवांगी ठाकुर ने 588 अंक हासिल किए हैं।नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने हाल ही में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 के परिणाम घोषित किए हैं।स्टूडेंट्स की उपलब्धि में उनके परिवार, शिक्षकों, और आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड का बड़ा हाथ है।आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के क्षेत्रीय निदेशक परमेश्वर झा ने कहा,सभी स्टूडेंट्स को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि पर बहुत-बहुत बधाई. "हमें अपने स्टूडेंट्स की उपलब्धि पर गर्व महसूस हो रहाहै. उनका प्रभावशाली स्कोर हमारे छात्रों की क्षमता और हमारी शिक्षण पद्धतियों की प्रभावशीलता के चमकदार उदाहरण हैं. आकाश में, हम अपने छात्रों को उनके सपनों को प्राप्त करने में मदद करने के लिए सर्वोत्तम संसाधन और प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं. इन स्टूडेंट्स की सफलता निसंदेह कई और छात्रों को उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने के लिए प्रेरित करेगी।आकाश हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों के लिए कई पाठ्यक्रम प्रारूपों में नीट कोचिंग प्रदान करता है. हाल के दिनों में, आकाश ने कंप्यूटर आधारित प्रशिक्षण विकसित करने पर अपना ध्यान बढ़ाया है इसका आई ट्यूटर रिकॉर्डेड वीडियो व्याख्यान प्रदान करता है. मॉक टेस्ट वास्तविक परीक्षा परिदृश्य का अनुकरण करते हैं।

# कार्यों का निर्वहन सुनिश्चित बनाएं फील्ड कर्मचारी

## ग्रामीण विकास योजनाओं की समीक्षा को बैठक

**बैठक**

▶▶विधानसभा अध्यक्ष ग्रामीण विकास योजनाओं की समीक्षा को लेकर चुवाड़ी में आयोजित बैठक की

**हामिद**

**चंबा:** विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि विकासखंड भटियात के तहत महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी अधिनियम के तहत वर्ष 2023.24 के दौरान 2403 विभिन्न विकास कार्यों पर 7439.31 लाख रूपयों की राशि व्यय की जा रही है। साथ में उन्होंने यह भी कहा कि एसडीआरएफ के तहत राज्य सरकार द्वारा उपमंडल भटियात में 127 आवास मामलों को स्वीकृति प्रदान की गई है। विधानसभा अध्यक्ष ग्रामीण विकास योजनाओं की समीक्षा को लेकर चुवाड़ी में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा एसडीआरएफ के तहत उपमंडल भटियात में 127 आवास मामलों को स्वीकृति प्रदान की गई है। पात्र परिवारों को 70 आवास मामलों में 63 लाख 98 हजार रुपए की राशि पहली एदूसरी और तीसरी किस्त के रूप में उपलब्ध करवा दी गई है। इसके अतिरिक्त राज्य सरकार द्वारा 57 आवास मामलों के लिए 3 करोड़ 99 लाख की राशि को भी स्वीकृति प्रदान की गई है।

कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि चूंकि ग्रामीण विकास विभाग द्वारा कार्यान्वित की जाने वाली विभिन्न योजनाओं की ग्रामीण विकास के नजरिए से महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। ऐसे में लोगों को सभी योजनाओं का भरपूर लाभ मिल सके इसके लिए विशेष कर विभाग के फील्ड कर्मचारियों द्वारा निष्ठा एवं तत्परता के साथ अपने कार्यों का निर्वहन करना सुनिश्चित बनाया जाना चाहिए।कुलदीप सिंह पठानिया ने पंचायत स्तर पर जारी विभिन्न विकास कार्य की समीक्षा करते हुए कार्यों में गुणवत्ता रखने के निर्देश दिए। साथ में उन्होंने यह निर्देश भी दिए कि कार्यों के लंबित रहने की अवस्था में संबंधित कर्मचारियों के प्रति कार्रवाई भी सुनिश्चित बनाई जाएगी। वीकेवीएनवाई के तहत स्वीकृत कार्यों की समीक्षा के दौरान उन्होंने लंबित कार्य को जल्द शुरू करने को कहा। उन्होंने कहा कि कम बजट वाली योजनाओं को अन्य योजनाओं के साथ कन्वर्ज करके पुरा किया जाए। बैठक में कार्यवाही का संचालन करते हुए खंड विकास अधिकारी मनीष कुमार ने विभिन्न योजनाओं के तहत प्रगति का व्योरा रखा। बैठक में एसडीएम भटियात पारस अग्रवाल, थाना प्रभारी रमन कुमार सहित विकासखंड भटियात से संबंधित ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## समाजसेवियों ने त्यार में लगाई ठंडे पानी की लगाई छबील

**राजन पुरी**

**ऊना :** उप तहसील जोल की ग्राम पंचायत कठोह के गांव त्यार में शनिवार को समाजसेवियों ने ठंडे मीठे पानी की छबील लगाई गई। जिसमें स्थानीय युवाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। सडक पर दिन भर वाहन चालकों व राहगीरों को रोक-रोककर मीठा जल पिलाया। समाजसेवी अशोक कपिला ने बताया कि मौसम में भयंकर गर्मी होने की वजह से ठंडे व मीठे जल की छबील लगाकर राहगीरों को ठंडा पानी पिलाकर गर्मी से राहत दिलाने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि सुबह 10 बजे से सांय 4 बजे तक राहगीरों को जल पिलाया गया। इस अवसर पर अशोक कपिला, हरीश, मानवी, सुरेंद्र, विपिन व ओम प्रकाश आदि ने सहयोग किया।

# 14 जून को मंडी जिला में 5 स्थानों पर होगी मॉक ड्रिल: डॉ मदन कुमार

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी** :अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी मंडी डॉ मदन कुमार ने बताया कि प्रदेशव्यापी 8वें मॉक ड्रिल के अर्न्तगत मंडी जिला में पांच स्थानों पर 14 जून को मॉक ड्रिल होगी। मॉक ड्रिल में पुलिस, अग्निशमन सेवा, वन, स्वास्थ्य विभाग और स्थानीय प्रशासन शामिल रहेंगे।ड्रिल का मुख्य उद्देश्य भूस्खलन और फ्लैश फ्लड की स्थिति में बचाव के लिए सभी विभागों के बीच समन्वय को सुनिश्चित करना और उनकी तत्परता को परखना है। इस अभ्यास के दौरान विभिन्न प्रकार के



आपातकालीन स्थितियों का पूर्वाभ्यास किया जाएगा ताकि वास्तविक आपदा की स्थिति में तेजी से और प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया दी जा सके।उन्होंने बताया कि मॉक ड्रिल के लिए प्रथम चरण की अभिविन्यास एवं समन्वय समिति की बैठक हो गई है। अब दूसरे चरण में 12 जून को टेबल टॉप एक्सरसाइज का आयोजन किया जाएगा। जिसमें आपदा की स्थिति में की गई तैयारियों का मूल्यांकन होगा। जबकि तीसरे चरण में 14 जून को मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा।

डॉ मदन कुमार ने बताया कि मॉक ड्रिल में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जिला के लिए तैयार की गई आपदा प्रबंधन योजना तैयार की परख की जाएगी। उन्होंने बताया कि सभी विभागों की अपनी.अपनी आपदा प्रबंधन

# वन संपदा की तस्करी पर वन विभाग की बड़ी कामयाबी

**राजन पुरी**

**ऊना:वन संपदा** की तरस्करी पर वन विभाग ऊना ने कार्रवाई करते हुए बड़ी कामयाबी हासिल की है। तस्करी मामले में वन विभाग टीम ने अलग-अलग मामलों में 12 वाहनों जब्त किया है। इनमें से दो वाहन बिरोजे के अवैध निर्यात मामले में जब्त किए गए। वाहनों में कुल 259 टीन बरोजे के पाए गए हैं। सभी वाहनों को कब्जे में लेकर वन विभाग ने आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। वन विभाग द्वारा तस्करों को पकड ? के लिए वन मंडल अधिकारी सुशील राणा के नेतृत्व में विभिन्न टीमों का गठन किया गया है। गठित टीमों द्वारा लगातार अलग अलग जगहों पर नाकेबंदी कर कार्यवाही की जा रही है। इस बीच शुक्रवार रात से लेकर




शनिवार सुबह को वन विभाग टीमों ने विभिन्न जगहों पर नाकेबंदी कर तस्करी करने वाले 12 वाहनों को जब्त किया है। जानकारी के अनुसार भरवाईं टीम ने किशोरी लाल के नेतृत्व में बिरोजे के अवैध निर्यात मामले में 2 वाहनों को जब्त किया गया। एक वाहन से टीम को 151 व दूसरे से 108 टीन बरामद हुए। वहीं दूसरे मामले में रेंज स्टाफ अंब की टीम ने संघनई में आईएफएस प्रोवेशन कान्हा राम के नेतृत्व में खैर के अवैध निर्यात मामले में1 वाहन को जब्त किया गया है। इसके अलावा गगरेट क्षेत्र में हमीरपुर, कांगड़ा व नादौन से आ रही 9 वाहन को चौडी पत्ती के पेड़ों की वन संपदा के अवैध निर्यात मामले में जब्त किए गए हैं। विभाग द्वारा सभी वाहनों को कब्जे में लेकर नियमानुसार आगामी कार्यवाही अमल में लाइ जा रही है। बता दें वन विभाग की टीम द्वारा यह सप्ताह में दूसरी बड़ी कार्यवाही है। जिसमें विभाग ने 12 वाहन जब्त कर बड़ी कामयाबी हासिल की है। उधर, वन मंडल अधिकारी ऊना सुशील राणा ने बताया कि वन संपदा की तस्करी को लेकर विभाग नाकेबंदी के दौरान सफलता हासिल कर रही है। उन्होंने बताया कि अंब व गगरेट क्षेत्र में विभाग ने एक दर्जन वाहनों को जब्त किया है, जिसको लेकर विभाग कार्रवाई कर रहा है।

एसमएल-26

# मंडी में 27 से 30 जून तक आयोजित होगा हिमाचल इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल

## क्षेत्रीय, आर्ट और विदेशी करीब 39 फिल्में दर्शकों को दिखाई जाएगी, फिल्म फेस्टिवल के माध्यम से अच्छी फिल्में लोगों तक पहुंचाना उद्देश्य: पवन शर्मा

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी : प्रदेश की सांस्कृतिक राजधानी** के नाम से मशहूर मंडी शहर में पहली बार फिल्म फेस्टिवल का आयोजन होने जा रहा है। ब्रिणा और करीम मुह मद जैसी फिल्मों के निर्देशक मंडी से संबंध रखने वाले पवन शर्मा ने बताया कि हिमाचल इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल और रत्तन ज्वैलर्स के संयुक्त प्रावधान में आयोजित होने जा रहे इस फिल्म फेस्टिवल में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत फिल्में दर्शकों को दिखाई जाएगी। उन्होंने बताया कि फिल्म समाज का आइना होती है। इसके जरिए समाज को सही दिशा देने की जि मेदारियां भी फिल्मों से जुड़ी रहती है। उन्होंने बताया कि फिल्म फेस्टिवल के माध्यम से अच्छी फिल्में लोगों तक पहुंचाना उनका उद्देश्य है। इस दौरान स्कूली बच्चों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित और पुरस्कृत फिल्में दिखाई जाएगी। उन्होंने बताया कि इस दौरन कईभाषाई सिनेमा गुजराती, हिमाचली, मराठीए बंगाली के अलावा आर्ट फिल्में तथा अंतराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवलों में पुरस्कृत फिल्मों का प्रदर्शन इस दौरान किया जाएगा। पवन शर्मा ने बताया कि हिमाचल इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के सह प्रायोजक की भूमिका शहर के मशहूर ज्वैलर एवं समाज सेवी रत्तन ज्वैलर्स के राजा सिंह निभा रहे हैं।

पहला दिन होगा हिमाचली फिल्मों के नाम:

पवन शर्मा ने बताया कि पहले दिन हिमाचली फिल्मों को समर्पित रहेगा। उन्होंने बताया कि हिमाचली फिल्में पहाड़ी भाषा में नहीं होगी, बल्कि हिमाचल की संस्कृति, यहां के प्राकृतिक सौंदर्य, यहां के जनजीवन पर आधारित कथानक पर बनी फिल्में हिमाचली फिल्म के दायरे रखी



जाएगी। जिनमें यहां की कहानी, करेक्टर और सामाजिक सरोकार शामिल रहेंगे। उन्होंने बताया कि ऐसी ही एक फिल्म द रैबिट हाउस कुल्लू जिला के एक गांव पर आधारित है। इस फिल्म में यहां के परिवेश और प्राकृतिक सौंदर्य को खूबसूरती से उकेरा गया है। इसके अलावा हिमाचल के ही युवा निर्देशक द्वारा चिट्टा नाम से फिल्म बनाई गई है। इसके अलावा मंडी से फिल्मी दुनिया में अपना नाम कमाने वाले निरज सूद, सपना जैसे कलाकारों के बुजूर्गों को भी फिल्म फेस्टिवल के दौरान स मानित किया जाएगा। इसके अलावा कला के क्षेत्र में अहम योगदान देने वाले गुरूजनों और वरिष्ठ साहित्यकारों एवं बुद्धिजीवियों को भी इस मौके पर स मानित किया जाएगा।

सामाजिक सरोकारों पर होगी बात:

फिल्म फेस्टिवल के दौरान चचाओं का दौर भी होगा, जिसमें मशहूर फिल्म समीक्षक लोगों और कलाकारों से रू-ब-रू होंगे। जिसमें सिनेमा के सामाजिक सरोकारों पर भी बात होगी। इसके अलावा मंडी शहर की सभी सांस्कृतिक संस्थाओं को जोडकर शहर में एक रैली निकाली जाएगी। वहीं पर मंडी के ऐतिहासिक भवन बिजई हाई स्कूल को शिमला के गेयटी थियेटर की तर्ज पर कला के संरक्षण एवं संवर्धन का केंद्र बनाया जाएगा। इस फिल्म फेस्टिवल के दौश्रान यहां पर स्कूली बच्चों के लिए फिल्मों का प्रदर्शन करने की अनुमति शिक्षा विभाग से ली जाएगी। इस अवसर पर रत्तन ज्वैलर्स के राजा सिंह मल्होत्रा ने कहा कि फिल्म फेस्टिवल के दौरान मंडी के मशहूर कलाकारों को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड स नवाजा जाएगा। इस अवसर पर बिजई हाई स्कूल ओल्ड स्टुडेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल शर्मा और मांडव्य कलामंच के संस्थापक अध्यक्ष कुलदीप गुलेरिया भी मौजूद रहे।

# हारे का सहारा है बाबा खाटू श्याम : प्रमोद मंगला

## दर्शन करने से सभी मनोकामनाएं होती है पूरी, जय श्री श्याम के जयघोष से बस यात्रा हुई रवाना

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। श्री श्याम** बालाजी दर्शन सेवा समिति द्वारा दिल्ली खाटू श्याम धाम, जयपुर हनुमान मंदिर, श्री मेहंदीपुर बालाजी धाम, श्री खाटू श्याम धाम के लिए बस यात्रा रवाना हुई। शनिवार को करनाल के मुगल कनाल स्थित खेड़ा चौक से श्री श्याम बालाजी दर्शन सेवा समिति के प्रधान प्रमोद मंगला, उपप्रधान विकास गर्ग व समिति के सदस्यों द्वारा विधि.विधान से नारियल फोडकर यात्रा का शुभारंभ किया गया। इस यात्रा



में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। समिति के प्रधान प्रमोद मंगला ने बस को झंडी देकर रवाना किया और सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। उन्होंने बताया कि श्री श्याम बालाजी दर्शन सेवा समिति हर माह बस यात्रा रवाना की जाती है। समिति द्वारा पिछले पांच वर्षो से निरूस्वार्थ भाव से श्रद्धालुओं को श्री खाटू श्याम धाम, मेहंदीपुर बालाजी धाम, वृंदावन सहित विभिन्न धामों की यात्रा करवाई जा रही है। बस यात्रा के लिए श्रद्धालुओं से मात्र शुल्क लिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस बार बस यात्रा दिल्ली खाटू श्याम धाम, जयपुर हनुमान मंदिर, श्री मेहंदीपुर बालाजी धाम, श्री खाटू श्याम धाम के लिए रवाना हुई है।

बस यात्रा दो दिन के लिए जा रही है। इस दौरान श्रद्धालुओं के रहने व खाने पीने की पूरी व्यवस्था का ध्यान रखा जाता है। उन्होंने कहा कि श्याम बाबा हारे का सहारा है। सच्चे मन से जो भी भक्त खाटू श्याम धाम के दर्शन करने के लिए जाता है। बाबा श्याम उनकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण करते है। समिति के उपप्रधान विकास गर्ग ने कहा कि धार्मिक यात्रा करने से मन को शांति और घर में सुख समृद्धि आती है। धार्मिक यात्रा से सकारात्मक विचार पैदा होते हैं।

इसलिए हमें अपने परिवार को धार्मिक यात्राएं करवानी चाहिए। इस अवसर पर संजीव मित्तल, योगेन्द्र शर्मा, जतिन, रेनु मंगला, विपिन गुप्ता, ममता रानी व अशा रानी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# धान की सीधी बिजाई पर ट्रेनिंग का हुआ आयोजन




**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। चौधरी चरणसिंह हरियाणा कृषि विश्व**विद्यालय हिसार के कृषि विज्ञान केन्द्र ऊचानी करनाल में अंतरराष्ट्रीय धान अनुसंधान केन्द्र से आए डॉ. प्रोलॉय देब, डॉ. स्वतंत्रता कुमार दुबे तथा डॉ. जसबीर ने धान की सीधी बिजाई करने वाले, कद्दू करके धान लगाने वाले किसान तथा कृषि विज्ञान केन्द्र ऊचानी के वैज्ञानिक डॉ.महा सिंह, डॉ. विजय कौशिक, डॉ. किरण खोखर एवम्‍ क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र ऊचानी के वैज्ञानिक डॉ.नवीन कंबोज तथा डॉ. अंकुर चौधरी से डीएसआर पर विस्तार से चर्चा की। आईआरआरआई (इरी) से आए डॉ. प्रोलॉय देब और डॉ. स्वतंत्रता कुमार दुबे ने हरियाणा के किसानों के खेत में ट्यूबवेल पर पानी के मीटर से प्राप्त रिजल्ट को भी सांझा किया गया। रिजल्ट से स्पष्ट हुआ को धान की सीधी बिजाई वाले खेतों में कद्दू करके लगाए गए धान की बजाय कम पानी की खपत दिखाई दी।

## न्यूज फ्लैश

### विवाह पंजीकरण उपरांत ही मिलेगा मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का लाभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। हरियाणा सरकार** की ओर से गरीब व बेसहारा परिवारों को उनकी बेटी की शादी के लिए मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत आर्थिक सहायता राशि प्रदान की जाती है, ताकि गरीब व बेसहारा परिवारों के सिर से बेटी की शादी पर होने वाले आर्थिक बोझ को कम किया जा सके। मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का लाभ पात्र लाभार्थियों को विवाह पंजीकरण करवाने के उपरांत ही दिया जाएगा, जिसके लिए विवाहित जोड़े की शादी का ई-दिशा पोर्टल पर पंजीकरण होना आवश्यक है। उपायुक्त उत्तम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जो पात्र परिवार मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का लाभ लेना चाहते हैं, वे अपनी बेटी की शादी के 6 महीने पूरे होने से पहले ह्मपर ऑनलाइन पंजीकरण अवश्य करवाएं। पंजीकरण होने के पश्चात ही विवाहित कन्या के माता-पिता को मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत अनुदान दिया जाएगा। अनुसूचित एवं विमुक्त जाति के परिवार का नाम बीपीएल सूची में है तो उसको मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के अंतर्गत 71 हजार रुपए का लाभ मिलेगा। सभी वर्गों की विधवा महिलाएं, बेसहारा महिला, अनाथ बच्चे, बीपीएल सूची में है या उनकी आय एक लाख 80 हजार रुपए से कम है तो उनको इस योजना में 51 हजार रुपए का अनुदान दिया जाएगा। बीपीएल सूची में सामान्य या पिछड़े वर्ग के परिवार को 31 हजार रुपए का अनुदान मिलेगा। उन्होंने बताया कि इसी तरह अनुसूचित वर्ग या विमुक्त जाति का परिवार बीपीएल सूची में नहीं है और जिनकी वार्षिक आय एक लाख 80 हजार रुपए से कम है, उनको 31 हजार रुपए का अनुदान दिया जाएगा। विवाहित युगल चालीस प्रतिशत या इससे ज्यादा दिव्यांग है तो उन्हें 51 हजार रुपए और पति-पत्नी में से एक जन चालीस प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांग है तो उसको 31 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

### सामान्य ट्रांसफर ड्राइव चलाने की फिर उठी मांग

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। शिक्षक तबादला** करवाओ संघर्ष समिति, हरियाणा ने एक बार फिर से शिक्षकों के सभी वर्गों के सामान्य तबादले करने की मांग उठाई और मांग की कि इसके लिए ऑनलाइन ट्रांसफर ड्राइव चलाया जाना चाहिए, ताकि न केवल शिक्षकों को राहत मिल सके बल्कि छात्रों को भी शिक्षक उपलब्ध हो सके। उपरोक्त मांग समिति के राज्य प्रधान कृष्ण कुमार निर्माण, महासचिव रामनिवास संगोही, राज्य प्रवक्ता ऋषिराज नरवाल ने की और सरकार को पत्र भेजकर साफ-साफ निवेदन किया कि ट्रांसफर ड्राइव चलाने में अब देरी न की जाए, क्योंकि प्रदेशभर में जेबीटी से प्रिंसिपल तक के लगभग बीस हजार शिक्षक अस्थाई स्टेशनों पर बैठे हैं। इतना ही नहीं जेबीटी ट्रांसफर मामले में तो शिक्षकों के तबादले के कारण वेतन की समस्या भी आई हुई है और कई स्कूल बिल्कुल ही शिक्षक रहित हो गए हैं और कई स्कूलों में स्वीकृत पदों से ज्यादा शिक्षक हो गए। अतः समायोजन करना बहुत जरूरी हो गया है। समिति के राज्य प्रधान कृष्ण कुमार निर्माण ने बताया कि प्रमोशन के बाद अस्थाई स्टेशनों पर गए बहुत सारे शिक्षक अनिवेहर में गए हैं, जिनका तबादला सुनिश्चित करना बहुत जरूरी हैं। वहीं प्रदेश के बहुत सारे पीएम श्री स्कूलों में पद खाली पड़े हैं, जो कि ट्रांसफर ड्राइव से भरे जा सकते हैं। समिति ने मुख्यमंत्री हरियाणा, शिक्षा मंत्री हरियाणा सरकार, निदेशक,मौलिक शिक्षा, निदेशक, सेकेंडरी शिक्षा विभाग को पत्र लिखकर उपरोक्त मांग की है।

# पिज्जा गैलरी में दिनदहाड़े एक महिला की चेन झपट ली

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**हरियाणा के** पानीपत शहर के तहसील कैंप रोड स्थित एक पिज्जा गैलरी में दिनदहाड़े एक महिला की चेन झपट ली। महिला, पिज्जा की दुकान में अपनी सहेलियों के साथ बैठी थी। बदमाश, वहां डिलीवरी ऑर्डर लेने के बहाने आया। करीब 20 मिनट तक वह महिला की टेबल के पास खड़ा रहा। इसके बाद मौका लगते ही वह उसकी चेन झपट कर तेजी से वहां से फरार हो गया। पूरी वारदात दुकान में लगी सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घटना की शिकायत पुलिस को दी गई है। पुलिस मामले की आगामी कार्रवाई में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के नोएडा से ज्योति नाम की महिला अपने गाजियाबाद से पानीपत आई हुई है। उसका मायका यहां कुटानी रोड पर है। शनिवार दोपहर करीब पौने 4 बजे वह अपनी सहेलियों संग तहसील कैंप रोड स्थित पिज्जा गैलेरिया पर आई थी। करीब 4:10



बजे यहां बदमाश, आया। जिसने हेलमेट पहना हुआ था। उसने खुद को स्विगी से होने के बारे में बताया। साथ ही कहा कि उसका अभी ऑर्डर आने वाला है। वह यहां महिलाओं की टेबल के पास ही खड़ा रहा। करीब 20 मिनट तक वह टेबल के आस-पास खड़ा रहा। बार-बार अपना मोबाइल फोन चेक करता रहा। इसके बाद मौका लगते ही चेन झपट कर बाहर भाग गया।

# खेतों से ट्यूबवेल की मोटर व अन्य सामान चोरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**सीआईए टू पुलिस ने** खेतों से ट्यूबवेल की मोटर व अन्य सामान चोरी करने वाले गिरोह के एक आरोपी को विकास नगर रेलवे लाइन अंडर पास के नजदीक से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान भूरा उर्फ रिजवान निवासी झिंझाना शामली यूपी के रूप में हुई। सीआईए टू कार्यकारी प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि उनकी टीम को शुक्रवार देर शाम गश्त के दौरान गुप्त सूचना मिली कि संदिग्ध किस्म का एक युवक बाइक के पीछे जुड़ी रेहड़ी में लोहे का सामान रखकर बेचने के लिए विकास नगर रेलवे लाइन अंडर पास से होते हुए विकास नगर की तरफ आएगा। सामान चोरी का होने की संभावना है। पुलिस टीम ने विकास नगर रेलवे लाइन अंडर पास के नजदीक



नाकाबंदी कर युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान भूरा उर्फ रिजवान निवासी झिंझाना शामली यूपी के रूप में बताई। बाइक के पीछे जुड़ी रेहड़ी में रखे सामान को चेक करने पर ट्यूबवेल की एक मोटर, एक एल्बो व एक बेंड मिला। सामान बारे पूछताछ की तो युवक बहाने बाजी करने लगा। गहनता से पूछताछ करने पर आरोपी ने उक्त सामान अपने दोस्त उस्मान उर्फ इमरान के साथ मिलकर 4 जून की रात पूठर गांव के खेत में एक कोठड़े से चोरी करने बारे स्वीकारा। चोरी की उक्त वारदात बारे थाना इसराना में जसमेर पुत्र दिलबाग निवासी पूठर की शिकायत पर अभियोग दर्ज है। सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया वह और वारदात में शामिल फरार उसका साथी आरोपी उस्मान नशा करने के आदी है। नशे की लत पूरी करने के लिए पैसे की जरूरत पड़ी तो दोनों आरोपियों ने मिलकर खेत से ट्यूबवेल की मोटर सहित सामान चोरी करने की उक्त वारदात को अंजाम दिया। आरोपी भूरा शुक्रवार को चोरीशुदा सामान को बेचने की फिराक में घूम रहा था। सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि आरोपी भूरा के कब्जे से चोरीशुदा ट्यूबवेल की एक मोटर, एल्बो, बेड व वारदात में प्रयुक्त बाइक, रेहड़ी बरामद कर पूछताछ के बाद शनिवार को आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया।

# सनातन धर्म सेवा सभा ने मेधावी छात्रों को किया पुरस्कृत

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः सनातन मंच** सेवा सभा की ओर से अंबाला शहर के पंचायत भवन में आयोजित किए गए कार्यक्रम में मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर अंबाला शहर की मेयर शक्तिरानी शर्मा मुख्यातिथि के तौर पर शामिल हुई और मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया। इस दौरान मेयर शक्तिरानी शर्मा ने पंचायत भवन पहुंचने पर सभा के प्रधान देवेंद्र शर्मा, सचिव महेश वशिष्ट, अमित जैन कानूनी सलाहकार, सुमित बजाज कोषाध्यक्ष ने बुक्के देकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर सभा की ओर से मेधावी छात्रों को सर्टिफिकेट, 1 हजार रुपए कैश व





मेडल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर शक्तिरानी शर्मा ने मेधावी छात्रों को बधाई दी और कहा कि भविष्य में किसी भी तरह की मदद की जरूरत होगी तो वह उपलब्ध करवाने के लिए तैयार हैं। इस अवसर पर मेयर शक्तिरानी शर्मा ने कहा कि यह खुशी की बात हो कि सनातन मंच सेवा सभा हमेशा अपने सामाजिक दायित्व निभा रहा है। चाहे जरूरतमंद्ध बच्चों को किताबें देने की बात हो या फिर राशन वितरण की बात हो। किसी बच्चे की फीस देनी हो या फिर मेडिकल कैंप लगाना हो, हमेशा ही सभा के पदाधिकारी आगे रहे हैं। गरीब लड़कियों की शादी में सहायता करनी हो या फिर आंखों की जांच करवानी हो। इसके लिए मेयर शक्तिरानी शर्मा ने सभी पदाधिकारियों का धन्यवाद किया, जिन्होंने इस कार्यक्रम में शामिल होने का न्यौता दिया है। मेयर शक्तिरानी शर्मा ने कहा कि छात्रों ने साबित कर दिया कि मेहनत व लगन से हर लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है और मैं प्रार्थना करती हूं कि सभी इसी तरह आगे बढे और अपने सपनों को पूरा करें।

# पद्म पुरस्कारों के लिए आवेदन किए आमंत्रित

**कुरुक्षेत्र : उपायुक्त शांतनु शर्मा** ने कहा कि हरियाणा सरकार ने पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री सहित प्रतिष्ठित पद्म पुरस्कारों की सिफारिशों के लिए नामांकन आमंत्रित किए हैं। सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शुमार इन पुरस्कारों की घोषणा 26 जनवरी 2025 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाएगी। पद्म पुरस्कारों के लिए सिफारिशें पोलिटिक्ल डब्लयू.एच आर वाईएट दरेटजीमेल. कॉम या डीवाइ 'एसईसी वाईपो लिटिक्ल .सीएसइ 'एटदरेटएच आरवाई. जीओवी पर 15 अगस्त 2024 तक भेजी जानी चाहिए। केवल ऑनलाइन भेजे गए नामांकनों पर विचार किया जाएगा और निर्धारित समय-सीमा के बाद प्राप्त किसी भी नामांकन पर विचार नहीं किया जाएगा। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि पद्म पुरस्कारों, अर्थात पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री को देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार माना जाता है। गणतंत्र दिवस के अवसर पर इन पुरस्कारों की घोषणा कला, साहित्य, शिक्षा, खेल, चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान और इंजीनियरिंग, सार्वजनिक मामले, सिविल सेवा, व्यापार और उद्योग आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धियों और योगदान के दृष्टिगत की जाती है। ये पुरस्कार जाति, व्यवसाय, पद या लिंग के आधार पर बिना किसी भेदभाव के सभी व्यक्तियों के लिए हैं। पुरस्कारों को शासित करने वाले विस्तृत कानून और नियम आधिकारिक वेबसाइट पदमअवार्डस. जीओवी. इन पर देखे जा सकते हैं।

# गोदाम से मोबाइल चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**थाना** सेक्टर 13/17 पुलिस ने सेक्टर 13/17 में हलवाई के गोदाम से मोबाइल चोरी करने वाले आरोपी को शुक्रवार देर शाम बरसत रोड पर सचदेवा गार्डन के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान सन्नी निवासी झुग्गी झोपड़ी सेक्टर 13/17 के रूप में हुई। थाना सेक्टर 13/17 कार्यकारी प्रभारी सब इंस्पेक्टर सुभाष ने बताया कि थाना सेक्टर 13/17 में प्रवीन पुत्र रामनारायण निवासी फरसेंडी बहराइच यूपी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह सेक्टर 13/17 में स्थित मिट्ठन स्वीटस गोदाम पर काम करता है। 3 नवम्बर 2023 की देर शाम काम पूरा कर वह और उसका साथी जीतू दूसरी मंजिल पर बने गोदाम में जाकर सो गए थे। रात को उसका व जीतू का मोबाइल फोन चोरी हो गए। सीसीटीवी फुटेज चेक करने पर देर रात एक अज्ञात युवक दिवार फादकर गोदाम में दाखिल होते दिखाई दिया। उन्होंने आसपास फुटेज दिखाई तो युवक की पहचान सन्नी निवासी झुग्गी झोपड़ी सेक्टर 13/17 के रूप में हुई। प्रवीन की शिकायत पर थाना सेक्टर 13/17 में अभियोग दर्ज कर पुलिस ने आरोपी की धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए थे। सब इंस्पेक्टर सुभाष ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया उसने गोदाम से चोरी किये दोनों मोबाइल अज्ञात युवक को 5 हजार रुपए में बेचकर पैसे खाने पीने में खर्च कर दिए।

# यूनिसेफ इंडिया ने लगाया वेब वर्कशॉप

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः यूनिसेफ इंडिया** और एस एस डी एस द्वारा एक वेब वर्कशॉप आयोजित की गई। इसमें जलवायु परिवर्तन और परवरिश "माता-पिता का बच्चों के व्यक्तित्व के विकास में योगदान विषय "पर चर्चा की गई। इस परिचर्चा का संचालन हरदोई से यूनिसेफ के मीडिया पार्टनर अभय शंकर गौड़ ने किया। चर्चा में देश के विभिन्न प्रदेशों जैसे उत्तर प्रदेश, हरियाणा ,पंजाब ,उड़ीसा,महाराष्ट्र, राजस्थान ,असम,मेघालय,



कर्नाटक प्रदेशों के रेडियो और दूरदर्शन के पत्रकारों के साथ-साथ बच्चों की भूमिका को उजागर करने के लिए के स्काउट और गाइड के राष्ट्रपति सम्मान प्राप्त बच्चों ने प्रतिभाग किया । इस वर्कशॉप का उद्देश्य जलवायु परिवर्तन के कारण बढ़ते तापमान से बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति सजग करना , बच्चों की परवरिश में माता-पिता को बच्चों के इंडोर दिमागी वा मानसिक एक्सरसाइज करने वाले खेलो को प्रोत्साहित करना ,पीने के पानी का महत्व और पानी की बचत के साथ-साथ भूमि गत जल का रिचार्ज करने के लिए लोगों को जागरूक करना था ।इस वर्कशॉप में वर्ल्ड हेल्थ ऑगेनाईजेशन डब्ल्यूएचओ विश्व स्वास्थ्य संगठन की थीम "खेल बच्चों के लिए आवश्यक" पर भी चर्चा की गई। बच्चों को खेल के प्रति सक्रिय करने के लिए स्काउट और गाइड के बच्चों ने ग्राउंड जीरो से अपने योगदान को बताया।

# कर्मचारी एक फिर से कर रहे हैं बड़े आंदोलन की तैयारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : जन स्वास्थ्य विभाग** के कर्मचारी एक बड़े आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं। इस बात की जानकारी पत्र के माध्यम से जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग हरियाणा के प्रमुख अभियंता को भी जानकारी दी गई है। कुरुक्षेत्र में हरियाणा गवर्नमेंट पी.डब्ल्यू.डी. मैकेनिकल वर्कर यूनियन रजिस्टर्ड नंबर 41 मुख्यालय चरखी दादरी कैंप कार्यालय करनाल संबंधित हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच कि राज्य कमेटी की बैठक हुई। बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग हरियाणा के प्रमुख अभियंता की



कार्यशैली के खिलाफ 18 जून से 3 जुलाई 2024 तक जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के सभी अधीक्षक अभियंता के कार्यालय पर रोष प्रदर्शन करते हुए कर्मचारियों की मांगों का मांग पत्र दिया जाएगा। इस फैसले की जानकारी देते हुए राज्य के प्रधान कुलवंत शर्मा ने बताया की जन स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख अभियंता कर्मचारी की जायज मांगे जो सरकार द्वारा मानी हुई है उनको भी लागू करने में आनाकानी कर रहे हैं। जिससे सरकार की छवि तो खराब हो ही रही है। इसके साथ कर्मचारियों का भी आर्थिक शोषण हो रहा है। राज्य प्रधान कुलवंत शर्मा ने बताया कि प्रमुख अभियंता अधिकारी से यूनियन का शिष्टमंडल कई बार मौखिक रूप से व लिखित रूप में कर्मचारियों की मांगों बारे अवगत कर चुका है। कर्मचारियों की मांगें है कि जन स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत एम.पी.डब्ल्यू. कर्मचारियों को हरियाणा कौशल रोजगार निगम से बाहर किया जाए। सभी कर्मचारियों को एल.टी.सी. की सुविधा दी जाए। विभाग में सभी स्वीकृत पोस्टों को एच.आर.एम.एस. में दशार्या जाए। विभाग में खाली पड़े पदों पर प्रमोशन की जाए। कौशल रोजगार में कार्यरत कर्मचारी का अनुभव दर्ज किया जाए व पद बदले जाएं शामिल हैं। कुलवंत शर्मा ने कहा कि इसी के साथ विभाग के सेवा नियमों में बदलाव करके तृतीय श्रेणी कर्मचारियों को 2400 ग्रेड में वेतनमान दिलवाया जाए आदि मांगों को लेकर संगठन प्रमुख अभियंता जन स्वास्थ्य विभाग से भी अपील करता है कि समय रहते कर्मचारियों की मांगों का समाधान करें। वरना 4 जुलाई 2024 को राज्य कार्यकारिणी की बैठक में प्रमुख अभियंता के कार्यालय के खिलाफ अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन व पुतला दहन आदि करने के आंदोलन का कठोर निर्णय लिया जाएगा।

# मुख्यमंत्री किसान एवं खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना से समाप्त होगी आयु सीमाः सुधा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : हरियाणा के** शहरी स्थानीय निकाय राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा किसानों और खेतिहर मजदूरों के लिए चलाई जा रही मुख्यमंत्री किसान एवं खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना में आयु सीमा को समाप्त करने का बड़ा फैसला लिया है। अब 10 वर्ष से कम आयु के बच्चे और 65 वर्ष से अधिक आयु वाले व्यक्तियों को भी योजना के तहत लाभ मिल सकेगा। इस योजना के अंतर्गत किसानों, खेतिहर मजदूरों, मार्केट यार्ड में काम करने



वाले मजदूरों को कृषि मशीनरी पर कार्य करने के दौरान मृत्यु या अंग हानि होने पर 37500 रुपये से लेकर 5 लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने बातचीत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह ने गत दिवस अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए है कि सभी परियोजनाओं को तय समय अवधि में पूरा किया जाए। किसी भी स्तर पर किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके साथ ही आगामी 15 जुलाई से कालका में सेब मंडी में भी कार्य शुरू किया जाए। हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा प्रदेश की मंडियों में अटल मजदूर कैंटीन चलाई जा रही है। इन कैंटीनों में कोई भी नागरिक विशेषकर किसान व मजदूर मात्र 10 रुपये में भरपेट भोजन कर सकते हैं।

# संपादकीय

## नीट की नीयत में खोट!

**राष्ट्रीय** पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) देश की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक है। ठीक हमारे स्वास्थ्य क्षेत्र की रीढ़ की हड्डी की तरह, लेकिन इन क्षेत्रों में पेपर लीक होते हैं। इस बार 67 छात्रों ने 720 अंक हासिल किए, यह पूरी तरह असंभव है। पिछले साल तीन छात्रों ने 720 अंक हासिल किए थे। इस परीक्षा में कथित तौर पर गड़बड़ियों को लेकर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के जूनियर डॉक्टर्स नेटवर्क ने सवाल उठाते हुए सीबीआई जांच की मांग की हैं। आईएमए जूनियर डॉक्टर्स ने आज ही राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) के अध्यक्ष प्रदीप कुमार जोशी को पत्र लिख कर सभी छात्रों के लिए निष्पक्ष और पारदर्शी मूल्यांकन प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए पुनः परीक्षा का भी अनुरोध किया। क्या यह देश का सबसे बड़ा परीक्षा घोटाला है? छह छात्रों के सीट नंबर एक ही क्रम से हैं। दो छात्रों ने 718 और 719 अंक हासिल किए हैं, यह पूरी तरह असंभव है। नीट परीक्षा में 180 प्रश्न होते हैं। प्रत्येक प्रश्न के चार अंक होते हैं। यदि कोई एक प्रश्न गलत करता है तो उसके अंक 715 और 716 के आसपास होने चाहिए। यह पूरी तरह से घोटाला है लेकिन नीट इसे नजरअंदाज करने जा रही है? सीरियल नंबर 62 से 69 तक के छात्रों के लिए केंद्र कोड एक ही है। नीट 2024 में ग्रेस मार्क्स एक और घोटाला है। क्या सभी टॉपर परीक्षा देने के लिए एक ही केंद्र पर जाते हैं? दाल में कुछ काला और पूरी दाल ही काली है? हर छात्र को निष्पक्ष मौका मिलना चाहिए, कट-ऑफ में यह भारी वृद्धि स्पष्ट रूप से बड़े पैमाने पर पेपर लीक का संकेत देती है। एनटीए द्वारा सबसे अधिक संभावना एक बड़ी प्रोग्रामिंग त्रुटि है जिसमें उन्होंने ओएमआर प्रतिक्रिया पत्रक के आधार पर अंकों का गलत मूल्यांकन किया है। छात्र 718, 719 अंक प्राप्त नहीं कर सकते हैं। पूर्ण अंक 720 हैं। प्रत्येक सही के लिए, आपको 4 मिलता है और प्रत्येक गलत के लिए आपको -1 मिलता है। इसलिए, यदि कोई छात्र- सभी 180 प्रश्न सही करता है, तो उसे 720 अंक मिलते हैं जो प्राप्त करने योग्य है। 1 गलत, 179 सही, उसे 715 मिलते हैं। 0 गलत, 179 सही, उसे 716 मिलते हैं तो, 718,719 कैसे प्राप्त किया जा सकता है? ऐसा करने का एकमात्र तरीका यह है कि वे -5 के बजाय प्रत्येक गलत प्रश्न के लिए -1 प्रदान करें। ऐसे में हम भूल रहे हैं कि इस साल नीट में कितना बड़ा घोटाला हुआ है? और आश्चर्य की बात है कि हर कोई इसके बारे में चुप है, सिर्फ इसलिए क्योंकि एनटीए एक विश्वसनीय केंद्रीय एजेंसी है? एक छात्र को 720/720 स्कोर करने के बाद भी एम्स दिल्ली में मौका नहीं मिल रहा है? क्या यह किसी तरह की लापरवाही है? परिणाम 14 जून के बजाय 4 जून (चुनाव परिणाम दिवस) को क्यों घोषित किए गए? कुछ गड़बड़ है, लाखों नीट उम्मीदवार इसका उत्तर चाहते हैं, इसके लिए कौन जिम्मेदार है? यह अपराध है कि एनटीए लाखों छात्रों के करियर के साथ खिलवाड़ कर रहा है। यह बिलकुल स्पष्ट है कि नीट पेपर लीक के कारण विनाशकारी परिणाम सामने आए हैं। और चुनाव नतीजों की शाम को नतीजे जारी करने का यह विचार सिर्फ मामले को दबाने की कोशिश का एक और तरीका है।

## इन नवनिर्वाचित सांसदों पर देश की रहेगी नजर



आर.के. सिन्हा

> आआप को दिल्ली में भी मुंह की खानी पड़ी। उसने कांग्रेस के साथ गठबंधन किया, इसके तहत दक्षिणी दिल्ली, पूर्वी दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली और नई दिल्ली के तौर पर चार सीटें उसके खाते में आईं। यह सब सीटें आआप हार गई। आम आदमी पार्टी को 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में में भी एक भी सीट पर जीत नहीं मिली थी। इसी प्रकार कांग्रेस भी अपनी तीनों सीटें हार गई। इसमें ह्लटुकड़े-टुकड़े गैंगह्व के कन्हैया कुमार की सीट थी। यह दिल्ली में केजरीवाल और कांग्रेस की अ-लोकप्रियता को दशार्ता है। एक बार फिर इंजीनियर राशिद पर लौटते हैं। राशिद को वर्ष 2004 में श्रीनगर में आतंकवादियों का समर्थन करने के लिए गिरफ्तार किया गया था, जिसके बाद उसे तीन महीने और 17 दिनों के लिए जेल में रखा गया। उस पर राष्ट्र विरोधी गतिविधियों का आरोप लगाया गया



### अब सवाल यह है कि इन संदिग्ध छवि वाले उम्मीदवारों के लोकसभा में पहुंचने से क्या संदेश गया? पंजाब में आम आदमी पार्टी (आआप) और कांग्रेस के कथित असर वाले पंजाब में अमृतपाल सिंह और सरबजीत सिंह की जीत से साफ है कि इनके नेताओं को यह जवाब तो देना ही होगा

**लोकसभा** चुनाव के नतीजे आने के बाद उनका गहन विश्लेषण भी हो रहा है पर इस प्रक्रिया के दौरान उन तीन नतीजों पर भी देश को गंभीरतापूर्वक विचार करना होगा जहां से देश के खिलाफ आवाज बुलंद करने वाले तीन उम्मीदवार जीत गए हैं। पंजाब की खडूर साहिब और फरीदकोट लोकसभा सीटों के चुनाव परिणाम सिख राजनीतिक क्षेत्र में बड़े बदलाव और पंथिक राजनीति के पुनरुत्थान का संकेत देते हैं। कट्टरपंथी प्रचारक अमृतपाल सिंह ने खडूर साहिब से और इंदिरा गांधी के हत्यारे बेअंत सिंह के बेटे सरबजीत सिंह ने फरीदकोट से जीत हासिल की है, दोनों ही निर्दलीय मैदान में थे। अमृतपाल सिंह खालिस्तान के पक्ष में बोलते रहे हैं। इसी तरह से जम्मू-कश्मीर की बारामूला सीट से इंजीनियर राशिद का राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री उमेर अब्दुल्ला को हराना अपने आप में सामान्य घटना नहीं हैं। राशिद पाकिस्तान परस्त रहे हैं और फिलहाल दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं।

पहले बात कर लें अमृतपाल सिंह की। उन्हें पिछले साल राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर असम के डिब्रूगढ़ में जेल में रखा गया। सरबजीत सिंह की जीत ने भी साबित कर दिया है कि सिख अभी तक ऑपरेशन ब्लू स्टार और उन भयानक सिख विरोधी दंगों को भूले नहीं हैं। सच में फरीदकोट ने बड़ा आश्चर्यजनक नतीजा दिया जब सरबजीत सिंह ने हंसोड़ लोकप्रिय अभिनेता करमजीत अनमोल को हरा दिया, जबकि उनका फरीदकोट में कोई बड़ा नेटवर्क नहीं था। जब इंदिरा गांधी की हत्या में शामिल के कारण सरबजीत सिंह के पिता को गिरफ्तार किया गया था, वे तब मात्र छह साल के थे। उन्होंने बारहवीं कक्षा के बाद पढ़ाई छोड़ दी थी। वे पहले भी कई चुनावों में किस्मत आजमा चुके हैं। उन्होंने 2007 में बरनाला जिले के भदौर से पंजाब विधानसभा का चुनाव लड़ा और उन्हें केवल 15,702 वोट मिले। उन्होंने 2004 में बठिंडा लोकसभा सीट से लोकसभा चुनाव भी लड़ा और असफल रहे। उन्हें 1,13,490 वोट मिले। 2009 और 2014 में उन्होंने फिर से क्रमशः बठिंडा और फतेहगढ़ साहिब (आरक्षित) निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ा। सरबजीत सिंह की मां, बिमल कौर और उनके दादा सुच्चा सिंह पूर्व में लोकसभा के लिए चुने गए थे। सरबजीत सिंह इस बार तो चुनाव लड़ने के मूड में नहीं थे। उनसे जब बहुत लोगों ने चुनाव लड़ने की गुजारिश की तो वे चुनाव लड़ने के लिए तैयार हुए। वे अपनी कैंपेन में सिखों के मसलों के अलावा फरीदकोट में नशे की बढ़ती समस्या से लड़ने का वादा कर भी रहे थे। फरीदकोट के लिए कहा जाता है कि यह जिला नशाखोरी की चपेट में पूरी तरह से आ चुका है अमृतपाल सिंह ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के कुलबीर सिंह जीरा को आसानी से मात दे दी। यह लोकसभा सीट पंजाब में भारत-पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित है। उनकी गैरमौजूदगी में उनके माता-पिता उनके लिए प्रचार कर रहे थे। खडूर साहिब लोकसभा क्षेत्र में अमृतसर-तरन तारन-पट्टी के क्षेत्र शामिल हैं, जो जरनैल सिंह भिंडरावाले का प्रभाव वाला क्षेत्र रहा है। यह सीट सिखों का गढ़ मानी जानी जाती है। अमृतपाल सिंह के समर्थकों ने अपने कार्यालयों में भिंडरावाले के पोस्टर भी लगाए थे। उन्होंने भी ड्रग संस्कृति को समाप्त करने और बंदी सिखों को रिहा कराने का वादा किया।

दरअसल, लोकसभा चुनाव 2024 के रिजल्ट में कई उलटफेर देखने को मिले। ऐसी ही जम्मू-कश्मीर की बारामूला सीट है। यहां राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को जेल में बंद निर्दलीय इंजीनियर अब्दुल राशिद शेख से हार का सामना करना पड़ा। इंजीनियर अब्दुल राशिद शेख फिलहाल उसी तिहाड़ जेल में बंद हैं, जिसमें दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल बंद हैं। राशिद शेख को साल 2019 में एनआईए ने टेरर फंडिंग के केस में गिरफ्तार किया था। अमृतपाल की तरह से उन्होंने भी जेल में रहते हुए चुनाव लड़ा। अब सवाल यह है कि इन संदिग्ध छवि वाले उम्मीदवारों के लोकसभा में पहुंचने से क्या संदेश गया? पंजाब में आम आदमी पार्टी (आआप) और कांग्रेस के कथित असर वाले पंजाब में अमृतपाल सिंह और सरबजीत सिंह की जीत से साफ है कि इनके नेताओं को यह जवाब तो देना ही होगा कि राज्य में देश विरोधी ताकते कैसे अपने पैर जमा रही हैं? पंजाब में आआप की नीतियों को लेकर तो जनता में खासा गुस्सा दिखाई दिया। राज्य की जनता आप के नेता अरविंद केजरीवाल और राज्य के मुख्यमंत्री भगवंत मान से नाराज है। आआप ने पंजाब में सभी सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे। उसे उम्मीद थी कि राज्य में उसकी सरकार है, ऐसे में वह कम से कम राज्य की 13 सीटों में से 10 पर तो जीत हासिल करेगी। हालांकि, उसे तीन सीटों से ही संतोष करना पड़ा। होशियारपुर, आनंदपुर साहिब और संगरूर को छोड़कर बाकी की सभी 10 सीटों पर आआप को हार का सामना करना पड़ा। आआप को दिल्ली में भी मुंह की खानी पड़ी। उसने कांग्रेस के साथ गठबंधन किया, इसके तहत दक्षिणी दिल्ली, पूर्वी दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली और नई दिल्ली के तौर पर चार सीटें उसके खाते में आईं। यह सब सीटें आआप हार गई। आम आदमी पार्टी को 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में में भी एक भी सीट पर जीत नहीं मिली थी। इसी प्रकार कांग्रेस भी अपनी तीनों सीटें हार गई। इसमें ह्लटुकड़े-टुकड़े गैंगह्व के कन्हैया कुमार की सीट थी। यह दिल्ली में केजरीवाल और कांग्रेस की अ-लोकप्रियता को दशार्ता है। एक बार फिर इंजीनियर राशिद पर लौटते हैं। राशिद को वर्ष 2004 में श्रीनगर में आतंकवादियों का समर्थन करने के लिए गिरफ्तार किया गया था, जिसके बाद उसे तीन महीने और 17 दिनों के लिए जेल में रखा गया। उस पर राष्ट्र विरोधी गतिविधियों का आरोप लगाया गया। बाद में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीनगर ने मानवीय आधार पर उनके खिलाफ सभी आरोप हटा दिए। उन्हें अगस्त 2019 में कश्मीर के सभी मुख्यधारा के राजनेताओं के साथ गिरफ्तार कर लिया गया था। तब अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया गया था। राशिद लगातार देश और हिन्दू विरोधी हरकतें करने से बाज नहीं आते। 8 अक्टूबर 2015 को इंजीनियर राशिद पर जम्मू-कश्मीर विधानसभा के अंदर भाजपा विधायकों द्वारा हमला किया गया था, क्योंकि उन्होंने सरकारी सर्किट हाउस के लॉन में गोमांस परोसने वाली एक पार्टी की मेजबानी की थी। जाहिर है, उपर्युक्त तीनों नव निर्वाचित सांसदों की गतिविधियों पर देश को पैनी नजर रखनी होगी। मेरी तो यही शुभकामना है कि ये देश की बदली परिस्थिति में अपना चाल-चरित्र और चेहरा बदलें वरना देश की राष्ट्रवादी सरकार की सख्त कार्रवाई को भुगतने को तैयार रहें।

**(लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)**

# कविता

मुझे तेरा नवाजा हाले- जार भी
कुबूल है
इकठ्ठा भी कुबूल किस्तवार भी कुबूल है

जो तुम से इश्क है मुझे वो अब जुनून बन
गया
कि मेरे जिस्म को दिले- फिगार भी कुबूल है

सभी अताएँ रब की मैं कलेजे से लगाता हूँ
खिजाँ भी दिल पसन्द है बहार भी कुबूल है

मुझे ये जर्फ इश्क की सकाफतों से है मिला
"गुलाब साथ साथ हो तो खार भी कुबूल है"

अकेले पन का जान सोज कर्ब नन्गे- जब्त था
तभी तो मुझ को बद मिजाज यार भी कुबूल है

यकीन खम्र के हराम होने का तो है मगर
तुम्हारे जामे- चश्म का खुमार भी कुबूल है

खुशी से दिल पे मात का नहीं है लेता कोई गम
सबब है कुछ मुझे जो अपनी हार भी कुबूल है

अजब है बंदिशों से मैं गुरेज करता हूँ बहुत
मुझे ही उस की बाहों का हिसार भी कुबूल है

जकी तारिक

## भारत की जनता ने दिया मजबूत विपक्ष का जनादेश

**नरेंद्र तिवारी**

भारत दुनियां का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। विशाल होने के साथ भारतीय लोकतंत्र की अनेकों विशेषताएं भी है। हर पांच साल में चुनाव के माध्यम से जनता राष्ट्रीय सरकार चुनती है। देश की चुनी हुई सरकार का नैतिक दायित्व है की वह जनता की मौलिक जरूरतों को पूरी करने का प्रयास करें। नागरिकों के सामाजिक, आर्थिक हालातों की बेहतरी के उपाय निरंतर करती हुई दिखाई देवें। देश आवाम को भारत के संविधान ने मत देने का मूलभूत अधिकार दिया है। हर पांच साल में अपने वोट की ताकत से देश की जनता सरकार बनाती बिगाड़ती है। संविधान द्वारा प्रदत्त वोट देने का अधिकार जनता की असली ताकत है। जनता की इसी ताकत का नाम जनादेश है।

वर्ष 2024 में 17 वीं लोकसभा का अवसान और 18 वीं लोकसभा के गठन की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। 4 जून को 542 लोकसभा सीटों की मतगणना सम्पन्न हुई। गुजरात की सूरत लोकसभा सीट पर एक मात्र उम्मीदवार होने के कारण यहां मतगणना की आवश्यकता नहीं पड़ी। वर्ष 2024 का जनादेश वर्ष 2014 और 2019 के जनादेश से अलग प्रतिध्वनि उत्पन्न करने वाला दिखाई दे रहा है। विगत दो चुनावों से विलग इस बार जनता ने मजबूत विपक्ष का जनादेश दिया है। जनतंत्र में मजबूत विपक्ष की आवश्कता से इंकार नहीं किया जा सकता है। संसदीय लोकतंत्र के सुचारू संचालन के लिए जिम्मेदार विपक्ष एक महत्वपूर्ण और जरूरी शर्त है। कोई भी सरकार मजबूत विपक्ष के बिना लंबे समय तक सुरक्षित नहीं रह सकती। संसदीय शासन प्रणाली में विपक्ष की भूमिका सरकार में आने की तैयारी करना ही नहीं होनी चाहिए, बल्कि सत्ता में मौजूद सरकार की किसी भी मनमानी प्रवृत्ति को रोकना भी होनी चाहिए। एक प्रभावी विपक्ष सत्ता में मौजूद पार्टी के संबंध में एक संयमित भूमिका निभाता है, उसे अपनी कार्यात्मक सीमाओं का उल्लघंन करने से रोकता है और साथ ही एक व्यावहारिक विकल्प का वादा करके लगातार चुनौती पेश करता है। भारत में विगत दो लोकसभा चुनाव में देश की जनता ने मजबूत सत्ता पक्ष और कमजोर विपक्ष का जनादेश दिया था। इसके उलट 2024 का जनादेश संयमित सत्ता पक्ष और मजबूत विपक्ष का जनादेश दिखाई दे रहा है। यह भारत के जनतंत्र की महत्वपूर्ण विशेषता ही है की देश की आवाम ने वर्ष 2014 एवं 2019 के लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी को मजबूत बहुमत से नवाजा था। वर्ष 2024 के चुनाव में भाजपा को बहुमत से 32 सीटें दूर रखा। भाजपा को अकेले 240 लोकसभा सीटों पर विजय प्राप्त हुई जबकि एनडीए गठबंधन को 293 सीटें प्राप्त हुई। भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनी। अकेले भाजपा को बहुमत नहीं मिला। जबकि भाजपानीत एनडीए गठबंधन को देश की सत्ता पर काबिज होने का जनादेश भारत की आवाम द्वारा दिया गया। इसके विपरित कांग्रेसनित इंडिया गठबंधन को 233 सीटें प्राप्त हुई जिसे मजबूत विपक्ष की जवाबदेही देश के मतदाताओं ने सौंपी है।

# विचार

## हिंसा और आंतकवाद मानसिक विकृति और सनक

**संजीव**

**मानसिक** विकृति के शिकार कुछ बंदूकधारियों द्वारा निरिह लोगों की हत्या कर अपना मकसद साध लेना ही आतंकवाद की श्रेणी में नहीं आता है,बल्कि शक्ति संपन्न राष्ट्रों द्वारा अपनी विस्तार वादी सामंती अवधारणा को पूरा करने के लिए छोटे देशों पर हमला करना भी आतंकवाद ही है ' इसराइल-हमास, रूस-यूक्रेन युद्ध इसका ताजा उदाहरण है, अमेरिका की दादागिरी, चीन का पागलपन, उत्तर कोरिया की सनक इन सबके विभस्त उदाहरण है जो अपनी व्यवसायिक ,सामरिक और मानसिक सनक को पूरा करने के लिए किसी भी देश को नेस्तनाबूद कर नागरिकों पर कहर ढाकर उन्हें मौत के घाट उतार देते हैं' यह सब अंतर्राष्ट्रीय सामूहिक बलात आतंकवाद ही हैं' भारत एक सशक्त और बलशाली देश होने के बावजूद शांति की नीति को अपनाए हुए है और वैश्विक शांति का संदेश भी देने का प्रयास कर रहा है ऐसे देशों को साधुवाद देना चाहिए और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महाबली राष्ट्रों की विस्तार वादी तथा सामंती गतिविधियों की सार्वजनिक निंदा भी की जानी चाहिए'

आतंकवाद एक मानसिक विकृति की विचारधारा है, जिसके द्वारा हिंसक कार्यों और गतिविधियों से जनमानस अशांति और भय की स्थापना करके अपने लक्ष्य की प्राप्ति का प्रयास करना होता है। जिससे किसी भी क्षेत्र में आधिपत्य का अधिकार प्राप्त करने के लिए हिंसा और आतंक का सहारा लेकर जनमानस में अशांति का वातावरण निर्मित करने अपने मंसूबे पूरे कर आर्थिक सामाजिक और राजनैतिक विध्वंस का तांडव मचाना होता है। कुछ व्यक्तियों के समूह द्वारा संचालित मानव विरोधी गतिविधियां ही हैं जो कि समाज के विरुद्ध लूट, अपहरण, बम विस्फोट,हत्या जैसे जघन्य अपराधों को जन्म देती है। आतंकवाद मूलतः धार्मिक, राजनीतिक, सामाजिक परिवेश लिए हुए होता है। भारत में आतंकवाद धार्मिक और राजनीतिक ज्यादा परिलक्षित हुआ है। भारत में कश्मीर, लद्दाख, असम मैं विभिन्न अलगाववादी समूह द्वारा हिंसक अपराधिक कृत्य कर लोगों को भयभीत तथा पलायन करने पर मजबूर करने का कृत्य राजनीतिक आतंकवाद ही है। अलकायदा, लश्कर-ए-तैयबा ,जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठन धार्मिक कट्टरता की भावना से अपराध को अंजाम देते हैं।

देश में नक्सलवाद ने छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, झारखंड ,बिहार और पश्चिम बंगाल में अपना मौत का परचम फेहरा के रखा है। नक्सलवाद मूलतः सामाजिक क्रांतिकारी समूह द्वारा सरकार के विरोध में आमजन तथा आदिवासियों के मध्य अपनी समानांतर सरकार चलाने हेतु हिंसक घटनाएं की हैं। यह आतंकवादी ग्रुप हिंसा के द्वारा अलग अलग तरीके से आतंकवाद फैलाने का प्रयास करते हैं ,यह ज्यादातर भीड़भाड़ वाले इलाकों में जैसे रेलवे स्टेशन बस स्टैंड रेल रेल पटरियों वायुयानो का अपहरण निर्दोष लोगों को बंदी बनाना बैंक में डकैतियां कर समाज में अराजकता तथा वैमनस्यता फैलाने का काम करते हैं। भारत में नक्सलवाद तो मूल रूप से पश्चिम बंगाल के नक्सल वाली क्षेत्र से पनपा है, जो पूरे भारत में धीरे-धीरे फैल कर हिंसक रूप अपनाए हुए हैं। आतंकवाद केवल भारत में न होकर उसका साम्राज्य वैश्विक स्तर पर भी दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से फैला हुआ है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आतंकवाद कहीं रंगभेद, कहीं भाषा विभेद, कहीं राजनीतिक विचारधाराओं में विरोध और कहीं रंगभेद के कारण ,नस्ली समस्या आतंकवाद का कारण बनी है। यह समस्याएं हथियारों से सुलझाने के प्रयास में अत्यंत हिंसक बन गई हैं।

आतंकवाद को वृहद रूप देने में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी ने भी बड़ा साथ दिया है, आतंकवादियों, नक्सलवादियों और नस्ल वादियों के लिए रसायनिक, नाभिकीय, जैविक मानव बम जैसे आधुनिक हथियार उपलब्ध होने से यह आतंकवादी गतिविधियां और भी खतरनाक हो गई है। इसके अलावा मीडिया में इंटरनेट उपलब्धता से यह सारी सरकारी गतिविधियों की जानकारी प्राप्त हो जाती है इससे आतंकवादी और ज्यादा खतरनाक साबित हो रहे हैं।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# चिंतन

## बिना कोचिंग के बैंक परीक्षा कैसे पास करें

**विजय गर्ग**

**बिना कोचिंग के बैंक** परीक्षा पास करना कठिन लग सकता है, लेकिन थोड़े से समर्पण और अच्छी योजना के साथ इसे निश्चित रूप से हासिल किया जा सकता है। परीक्षा पैटर्न और पाठ्यक्रम को समझकर शुरूआत करें, ताकि आप जान सकें कि वास्तव में क्या उम्मीद करनी है। इसके बाद, एक अध्ययन कार्यक्रम बनाएं जो आपकी दैनिक दिनचर्या के अनुकूल हो और उसका पालन करें-स्थिरता महत्वपूर्ण है। अध्ययन के लिए विश्वसनीय पुस्तकों और ऑनलाइन संसाधनों का उपयोग करें और परीक्षा प्रारूप से परिचित होने के लिए मॉक टेस्ट का अभ्यास करें। अपने कमजोर क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करें, लेकिन अपनी ताकत को संशोधित करना भी याद रखें। सकारात्मक रहें, जरूरत पड़ने पर ब्रेक लें और खुद पर विश्वास रखें। थोड़े से अनुशासन और दृढ़ संकल्प के साथ, आप अपने दम पर बैंक परीक्षा पास कर सकते हैं और अपनी कड़ी मेहनत पर गर्व महसूस कर सकते हैं। बिना कोचिंग के बैंक परीक्षा कैसे पास करें, इसके मुख्य बिंदु यहां दिए गए हैं 1. पाठ्यक्रम और परीक्षा पैटर्न का विश्लेषण करें परीक्षा पैटर्न और पाठ्यक्रम को सीखकर शुरूआत करें। यह जानने से कि किन विषयों की परीक्षा होगी और परीक्षा की संरचना कैसे होगी, आपको इस बात पर ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलेगी कि क्या महत्वपूर्ण है। 2. एक अध्ययन योजना बनाएं एक दैनिक अध्ययन कार्यक्रम बनाएं जिसमें वे सभी विषय शामिल हों जिन्हें आपको कवर करने की आवश्यकता है। अपनी तैयारी को व्यवस्थित और ट्रैक पर बनाए रखने के लिए इस शेड्यूल का पालन करें। 3. अच्छी अध्ययन सामग्री का प्रयोग करें अध्ययन के लिए विश्वसनीय पुस्तकों और ऑनलाइन संसाधनों का उपयोग करें। पीडीएफ, ऑनलाइन पाठ्यक्रम और यूट्यूब वीडियो जैसी कई मुफ्त सामग्रियां उपलब्ध हैं, जो आपको प्रत्येक विषय को समझने में मदद कर सकती हैं। 4. नियमित अभ्यास करें बैंक परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए अभ्यास महत्वपूर्ण है। पिछले वर्ष के प्रश्नपत्रों को हल करें और प्रश्नों के प्रकार से परिचित होने और अपनी गति और सटीकता में सुधार करने के लिए ऑनलाइन मॉक टेस्ट दें।

## आदमी की खोज

**डॉ. सुरेश कुमार**

**एक जमाना** था जब संयुक्त परिवार खुशी-खुशी रहा करते थे। जिंदगी दिन के उजाले की तरह चमचमाती थी। अब सब कुछ बदलता जा रहा है। दाम्पत्य जीवन की छोटी-छोटी बातें गली-मुहल्लों से होते हुए समाचार पत्रों, टी.वी. चैनलों की सुर्खियाँ बनती जा रही हैं। वहीं दूसरी ओर दिन सा चमचमाने वाला जीवन अंधेरे की कालकोठरियों में बंद होता जा रहा है। मनुष्य अपने व्यक्तित्व के लिए जाना जाता है। दुर्भाग्य से लोग व्यक्तित्व का अर्थ मात्र शारीरिक सौंदर्य समझकर उसे व्यायाम तक सीमित कर देते हैं। व्यक्तित्व का अंग्रेजी अर्थ पर्सनालिटी है। यह शब्द ग्रीक भाषा के पसोर्ना शब्द से लिया गया है। पसोर्ना का अर्थ मुखौटा है। यहाँ हर कोई व्यक्तित्व का मुखौटा पहना हुआ है। एक व्यक्ति अपनी पत्नी के सामने पति का मुखौटा पहने होता है तो वही व्यक्ति अपने पिता के सामने पुत्र का। इसका मतलब जितने भी रिश्ते-नाते हैं, यह सब मुखौटे हैं। इन्हें पहनकर हम जीवन का निर्वाह करते हैं। इन मुखौटों के साथ निर्वाह करने के लिए शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक व नैतिक रूप से स्वस्थ रहना पड़ता है। रिश्ते-नाते में बंधकर रहने वाला व्यक्ति अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी समझता है। यह मुखौटा न केवल आपको उठने-बैठने, खाने-पीने, आने-जाने, बातचीत करने का तरीका बल्कि दूसरों की भावनाओं का आदर करने के प्रति सचेत भी करता है। एक समय था जब परिवार में किसी पर मुसीबत आन पड़ती तो परिवार के सभी सदस्य आगे बढ़कर धीरज बांधते, सहारा देते, रुपए-पैसों की मदद करते, अपना सब कुछ दांव पर लगा देते। देखते ही देखते परिवार की संरचना बदल गयी। संयुक्त परिवार जाकर एकल परिवार बन गए हैं। धीरज बांधना तो दूर फोन बंद कर आऊट ऑफ कवरेज एरिया हो जाते हैं। सहारा देने की जगह खुद को बेसहारा बताते है। रुपए-पैसों की मदद के बारे में पूछिए ही मत। यही तो इस जमाने की सबसे बड़ी विड़ंबना है। इसी के चलते अब लोगों की जुबान पर एक ही कथन रह-रहकर दोहराया जाता है झ्र बाप बड़ा न भैया झ्र सबसे बड़ा रुपैया। अब परिवार के सदस्यों में पहले जैसी बात नहीं रही।

## न्यूज फ्लैश

### चलोला में महिला ने खुद पर डीजल छिडक लगाई आग, मौत

**राजन पुरी**

**ऊना:**सदर थाना के तहत चलोला में 35 वर्षीय महिला ने घर के आंगन में खुद पर डीजल छिडक आग के हवाले कर लिया। आग में झुलसने से महिला की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक महिला की पहचान ममता देवी पत्नी मनोहर लाल निवासी वार्ड नंबर चार, चलोला के रूप में हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि महिला मानसिक तौर पर परेशान थी, जिसकी दवाई भी चल रही थी। जानकारी के मुताबिक शनिवार दोपहर को ममता देवी घर पर मौजूद थी। जबकि पत्नी डयूटी से घर पहुंचा था। घर पर सास व पति के अलावा बच्चें भी थे।

बच्चें अपने पापा के पास लेटे हुए थे। इसी दौरान ममता देवी ने अपनी सास को भंडारे में जाने के लिए तैयार होने की बात कही। बाथरूम में जाते ही ममता देवी ने बाहर से कुंडी लगा दी। वहीं पति के कमरे को भी बाहर से बंद कर दिया। इसी दौरान ममता देवी ने घर के आंगन में पड़े डीजल को खुद पर छिडकते हुए आग लगा ली।

आग को झुलस रही ममता देवी के चिल्लाने पर पति व सास ने दरवाजा खोलने का प्रयास किया, लेकिन बाहर से बंद पाया। जब तक पड़ोसी पहुंचते तब तक ममता देवी आग में बुरी तरह से झुलस कर नीचे गिरी पड़ी थी। पड़ोसियों द्वारा दरवाजा खोलने पर पति मनोहर लाल व सास बाहर निकले। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। पूछताछ के दौरान पता चला कि ममता देवी डिप्रेशन की मरीज थी, जिसकी दवाई भी चल रही थी। एएसपी ऊना संजीव भाटिया ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। अगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

### शाहबाद से रामपुर निरथ के लिए बिना लाइसेंस बिल के जा रही थी मुर्गो से भरी गाड़ी, सोलन में नाके के दौरान हुआ दस हजार का जुमार्ना

**मनीष**

**सोलन** : शाहबाद से रामपुर निरथ के लिए एक गाड़ी बिना लाइसेंस और बिना बिल के मुर्गों को लेकर जा रही थी जब गाड़ी को परवाणु में नाके के दौरान रोका गया तो गाड़ी वहां पर नहीं रुकी और सोलन की तरफ आ गई। सोलन में सब्जी मंडी के सचिव डॉ रविंद्र शर्मा की अगुवाई में एक नाका लगाया गया जहां पर गाड़ी को काबू किया गया है और 10,000 का जुमार्ना किया गया है।

सब्जी मंडी सोलन के सचिव रविंद्र शर्मा ने बताया कि यह गाड़ी काफी समय से बिना लाइसेंस और बिना बिल के मुर्गों को शाहबाद से लेकर प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्र में जाती थी जिसकी शिकायतें मिल रही थी जिसको आज नाका लगाकर जुमार्ना किया गया है और आइंदा इस तरह का कार्य न करने का चेतावनी दी गई है।

### शनिवार सुबह सवेरे मंडी सचिव ने किया सब्जी मंडी का निरीक्षण, जानी खामियां



**मनीष**

**सोलन** :

शनिवार को सुबह सवेरे सब्जी मंडी सोलन में मंडी के सचिव रविंद्र शर्मा ने अपनी टीम के साथ सब्जी मंडी का औचिक निरीक्षण किया है। इस दौरान उन्होंने व्यापारियों के बिजनेस से संबंधित कागजों को चेक किया है और क्या समस्याएं यहां पर आढ़तियों, किसान, बागवानों को और बाहर से आने वाले व्यापारियों को पेश आ रही है इसके बारे में जाना है। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि आज निरीक्षण मंडी में किया गया है और यहां पर क्या समस्याएं किसान, बागवानों आढ़तियों और व्यापारियों को आ रही है उसके बारे में जानकारी हासिल की है। उन्होंने कहा कि यहां पर पीने के पानी के बेहतर व्यवस्थाए सफाई व्यवस्था और किसानों की फसलों को बचाने के लिए शेड का प्रावधान किया जाएगा और आने वाले समय में इसको लेकर कार्य किया जाएगा ताकि किसानों की फसले खराब ना हो।

# ऑपरेशन पहचान: पुलिस ने चोरी के 22 दोपहिया वाहन बरामद किये

**अभियान**

▶▶ शातिर अपराधियों की लगातार निगरानी के लिए पुलिस ने ऑपरेशन अभियान छेडा है।



**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

इसके पुराने अपराधियों को लगातार ट्रेस किया जा रहा है। इसी के तहत पुलिस ने बोबी उर्फ रोहित पुत्र नेत्रपाल निवासी नगला हंसी थाना राया जनपद मथुरा को गिरफ्तार किया। इसकी निशानदेही पर चोरी के 22 दोपहिया वाहन बरामद हुए हैं। जिनमें 21 मोटरसाइकिल और एक स्कूटी है। थाना जमुनापार पुलिस व स्वाट टीम ने इस कार्यवाही को अंजाम दिया। एसएसपी शैलेश पांडेय ने पुलिस टीम को सराहनीय कार्य के लिए 25 हजान के इनाम की घोषणा की है। एसएसपी शैलेश पांडेय ने बताया कि लगातार संघन अभियान चला कर वाहन चोरी के मामलों में कार्यवाही के निर्देश थे उसके अंतर्गत एक शातिर अपराधी जिसका नाम बॉबी उर्फ रोहित को गिरफ्तार किया गया है। बॉबी थाना राया क्षेत्र का रहने वाला है जिस पर पूर्व में लगभग बीस मुकदमा हैं और हर तरीके के चोरी, नकबजनी, लूट के मुकदमे हैं। उसकी निशानदेही पर कुल 22 दो पहिया वाहन जिसमें 21 मोटरसाइकिल और एक स्कूटी है। वाहनों को चेचिस नंबर, इंजन नंबर से ट्रेस किया जा रहा है। उनका रजिस्ट्रेशन नम्बर और उनके मालिक के बारे में जानकारी की जा रही है। यह भी पता लगाया जा रहा है कि ये वाहन किन किन मुकदमों से संबंधित हैं। एक मोटरसाइकिल जो थाना जमुनापार क्षेत्र से चोरी हुई है वह बरामद हुई है। बाकी के बारे में जानकारी की जा रही है। यह अत्यंत ही सराहनीय कार्य है। टीम को 25 हजार का इनाम दिया गया है। ऑपरेशन पहचान के तहत इस अपराधी की निगरानी की जा रही थी, जिससे यह सफलता मिली है। बॉबी को सौर गुद्दर मोड थाना जमुनापार से गिरफ्तार किया गया।

कार्यवाही करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार दुबे थाना जमुनापार, चौकी प्रभारी पानी गांव थाना जमुनापार यशपाल सिंह, चौकी प्रभारी राया कट थाना राया राजकुमार, स्वाट टीम प्रभारी अभय शर्मा, एसआई थाना जमुनापार प्रवीण शर्मा, एसआई थाना जमुनापार विषय कुमार आदि शामिल थे।

## अब डेरा बाबा जोगी पंगा पैदल पहुंचे नवनिर्वाचित विधायक विवेक



**राजन पुरी**

**ऊना:**उत्तर भारत के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल मां चिंतपूर्णी मंदिर में पैदल पहुंचकर आशीर्वाद लेने के उपरांत कुटलैहड़ के नवनिर्वाचित विधायक विवेक शर्मा शनिवार को डेरा बाबा जोगी पंगा के लिए निकले। विधायक विवेक शर्मा बरनोह से सुबह अपने कार्यकताओं संग डेरा बाबा जोगी पंगा के लिए रवाना हुए। रास्ते में जाते हुए जनता का आभार भी जताया।

बता दें कि विधायक बनने के बाद विवेक शर्मा लगातार धन्यवाद यात्रा के साथ धार्मिक स्थलों में शीश नभा रहे हैं। शनिवार को करीब अढ़ाई घंटे पैदल चलने के बाद डेरा बाबा जोगीपंगा पहुंचे, जहां पर महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। नवनिर्वाचित विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि जनता ने बड़ा मौका दिया है। अब हमारी जिम्मेवारी है कि क्षेत्र के विकास को बुलदियों तक पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि जनता के लिए कार्य किया है और आगे भी करते रहेंगे।

## अंब कॉलेज में भारत स्काउट एंड गाईड का शिविर शुरू

**राजन पुरी**



**ऊना:**द भारत स्काउट एंड गाईड संस्था द्वारा महाराणा प्रताप महाविद्यालय अंब में पांच दिवसीय तृतीय सोपान टेस्टिंग कैंप फॉर गाइड्स का शुभारंभ किया गया। इस शिविर में विभिन्न स्कूलों से लगभग 180 प्रतिभागी तथा 40 गाइड कैप्टन हिस्सा ले रहे हैं। पांच दिवसीय इस शिविर के शुभारंभ अवसर पर शिक्षा उपनिदेशक राजेंद्र कौशल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित व मां सरस्वती वंदना के साथ हुआ।

मुख्यातिथि ने सभी प्रतिभागियों सहित गाइड कैप्टन को इस शिविर के आयोयन के लिए शुभकामनाएं देते हुए प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर शिविर की आयोजक डीओसी गाइड ऊना सोनू कुमारी व समस्त स्टाफ ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सुमन देवी डीटीसी गाइड संतोष कुमारी, पूनम जायसवाल, शिवानी देवी, अंजलि सहित अन्य उपस्थित रहे।

## सनोली में सट्टा लगाते एक व्यक्ति काबू, मामला दर्ज

**राजन पुरी**

**ऊना:** पुलिस थाना ऊना के तहत सनोली में पुलिस ने एक व्यक्ति को सट्टा लगाते हुए काबू किया है।

पुलिस ने व्यक्ति 9550 रुपये की नगदी बरामद की है। जिसके खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को ऊना पुलिस सनोली में गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने रणजोध सिंह निवासी नंगल, पंजाब से पर्ची दडा सटट व 9550 रुपये बरामद किए है। पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह ने बताया कि पुलिस ने सट्टा लगाने के आरोप में रणजोध सिंह के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## विद्यार्थी परिषद ने नए दाखिलों के लिए लगाए गए हेल्प डेस्क

**राजन पुरी**



**ऊना:** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई बंगाणा द्वारा महाविद्यालय में नए सत्र के लिए विद्यार्थियों के दाखिले के लिए सहायता केंद्र लगाया गया। परिषद के इकाई अध्यक्ष अनुज धीमान ने बताया कि इस बार महाविद्यालय में ऑनलाइन दाखिले शुरू हो गए हैं, जिसके तहत विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता ऑनलाइन एडमिशन में नए छात्र छात्राओं के दाखिलों के लिए मदद के लिए हेल्प डेस्क लगा रहे हैं। उन्होंने आग्रह किया है कि फॉर्म भरने की आखिरी तिथि 15 जून है। अतः सभी विद्यार्थी महाविद्यालय आकर समय पर अपने फॉर्म भरवा लें। जिला संयोजक अनुराग शर्मा ने कहा कि विद्यार्थी परिषद हर वर्ष दाखिलों के समय सहायता केंद्र लगती आरही है। इस बार भी हमारी पूरी कार्यकरिणी नए छात्र छात्राओं के स्वागत व मदद के लिए तैयार है। उन्होंने बताया कि इसके लिए नए सत्र में प्रवेश लेने के लिए आने वाले विद्यार्थी आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो, 10वीं की मार्कशीट, 12वीं की मार्कशीट, चरित्र प्रमाण पत्र, बैंक अकाउंट कॉपी, हिमाचली बोनाफाइड,जाती प्रमाण पत्र साथ लेकर आएं। इस मौके पर विद्यार्थी परिषद के मधु, आदित्य, शुभम, नितिन, सानिया, अंशुल, आयुष, अर्पित, वंश धीमान, शुभम , तीक्ष्ण, अनुराग आदि उपस्थित रहे।

## वृंदावन में सीवर में उतरे तीन मजदूरों की मौत- डीएम, एसएसपी मौके पर पहुंचे

**बड़ा हादसा**

▶▶ -आलाधिकारियों ने घटनास्थल का जायजा लिया। एसएसपी ने बताया कि मौके से भरी दुर्गंध आ रही है



**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

वृंदावन में शनिवार को बड़ा हादसा हो गया। सीवर में उतरे तीन मजदूरों की मौत हो गई। हालांकि मौत का कारण साफ नहीं हो सका है। घटना के बाद जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह और एसएसपी शैलेश पांडेय मौके पर पहुंच गये। आलाधिकारियों ने घटनास्थल का जायजा लिया। एसएसपी ने बताया कि मौके से भरी दुर्गंध आ रही है, गैस होने से इनकार नहीं किया जा सकता। दूसरा कारण करंट फैलने से मौत होने का भी माना जा रहा है। एसएसपी ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत की वजह सामने आएगी। प्रसिद्ध प्रेम मंदिर के सामने स्थित बीकानेर बाला शोरूम में शनिवार की सुबह उस समय हड़कंप मच गया। जब तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो जाने की खबर प्रकाश में आई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर जिलाधिकारी शैलेंद्र सिंह, एसएसपी शैलेश पांडे, एसपी सिटी डॉक्टर अरविंद कुमार सहित अन्य पुलिस प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिए हैं। मौत के कारण का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट में ही पता लग सकेगा। मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारी मामले की जांच में जुटे हुए हैं। देश के नामी बीकानेर वाला का करीब 10 दिन पहले शोरूम का विधिवत उद्घाटन किया गया था। शनिवार की सुबह ठेकेदार योगेश के निर्देशन में कुछ मजदूर अधूरे पड़े कार्यो को पूरा कर रहे थे। इस दौरान शोरूम के अगले हिस्से में मौजूद टैंक में काम कर रहे तीन मजदूर हादसे का शिकार हो गए। बताया जा रहा है, कि तीनों मजदूरों को करंट लगा है। जिससे वह बेहोश होकर नीचे गिर गए। आनन फानन में लोगों ने उन्हें बाहर निकाला और तुरंत एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने तीनों मजदूरों को मृत घोषित कर दिया। वहीं साथ ही मजदूरों ने दो मजदूर की पहचान कर ली है, जबकि तीसरे की पहचान नहीं हो सकी है। वही मौके पर मौजूद एसपी शैलेश पांडे ने बताया कि शनिवार की सुबह प्रेम मंदिर के पास से सूचना मिली कि तीन लोग होटल में बने टैंक में काम कर रहे थे, जो बेहोश होकर नीचे गिर गए। जिन्हें संयुक्त चिकित्सालय भेजा गया। जहां पर डॉक्टर ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। जिसमें दो लोगों की पहचान अमित गुप्ता पुत्र शिवानंद और प्रिंस पुत्र अवधेश गुप्ता के रूप में की गई है।

## विद्युत विभाग: चेकिंग, वसूली को फील्ड में उतरे अधिकारी

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

लोकसभा चुनाव संपन्न हो गये हैं। करीब दो महीने की सुस्ती के बाद विद्युत विभाग पूरी तरह से एक्शन में आ गया है। अधिकारी चैकिंग और वसूली के लिए फील्ड में उतर आये हैं। टीमें लगातार शहर से देहात तक दिन रास्त दस्तक दे रहे हैं। दो दिन में ही करीब एक सैकडा बिजली चोरी पकडी है। उपर से 24 घंटे बिजली देने के निर्देश जारी किये गये हैं। इसके बाद विभाग ने बिजली चोरी और वसूली पर पूरा दम लगा दिया है। शुक्रवार को 50 से अधिक जगह बिजली चोरी पकडी गई। शनिवार को भी यह क्रम जारी थी और करीब दो दर्जन बिजली चोरी पकडी जा चुकी थीं। सभी के खिलाफ बिजली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। दूसरी ओर दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के एमडी अमित किशोर ने अधीनस्थों को पत्र लिख बिजली सप्लाई में सुधार लाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री की समीक्षा बैठक के बाद प्रमुख सचिव ने आदेश जारी किए हैं। 24 घंटे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। इस बात पर नाराजगी व्यक्त की गई है कि जब भी कोई उपभोक्ता, जनप्रतिनिधि अधिकारियों को उनके मोबाइल पर फोन करता है तो या तो फोन नहीं उठता है और जब उठाया जाता है तो उनके साथ अभद्रता की जाती है या उनका व्यवहार उनके प्रति अच्छा नहीं रहता है। मुख्यमंत्री द्वारा कड़े निर्देश दिए गए हैं कि इस व्यवस्था को दुरूस्त किया जाए। आईजीआरएस व हेल्पलाइन की समीक्षा भी प्रत्येक विभाग द्वारा समय समय पर की जाए। उसका समय समय पर गुणवत्तापूर्वक निस्तारण भी किया जाए। मुख्यमंत्री द्वारा दिये गये उपरोक्त निर्देशों का कड़ाई से तत्काल अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा गया है।

## इस साल रोपे जाएंगे 35 लाख पौधे

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

जिला गंगा, पर्यावरण एवं वृक्षारोपण समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने डीएफओ को निर्देश दिए कि जनपद में वृहद वृक्षारोपण किया जाए। उन्होंने कहा कि हम सभी लोग अपने आस पास पौधे लगाए और पौधे को अपने परिवार के रूप में देख भाल करे। हम सभी जनपदवासी अधिकाधिक पौधारोपण कर सम्पूर्ण मथुरा वृंदावन को हरा भरा करने में अपना सहयोग दे। हमे पुनः मथुरा वृंदावन को अपने पौराणिक रूप में वन के समान बनाना है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी विभाग अपने अपने लक्ष्यों के सापेक्ष वृक्षारोपण की कार्यवाही हेतु आगामी कार्य योजना बनाए। आवंटित वृक्षों को लगाए तथा यह भी सुनिश्चित करे कि सभी पौधों की देखभाल हो रही हो। उन्होंने बताया कि इस वर्ष जनपद का वृक्षारोपण का लक्ष्य लगभग 35 लाख 30 हजार वृक्ष है।

## गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा मकरैड का हुआ शुभारंभ

**धार्मिक शिक्षा**

▶▶ बाबा सरबजोत सिंह बेदी ने कहा कि धार्मिक स्थल हमारी धार्मिक शिक्षा के विद्यालय होतें हैं।



**राजन पुरी**

**ऊना:**कुटलैहड विधानसभा के तहत गांव मकरेड में नवनिर्मित श्री गुरु सिंह सभा गुरद्वारा साहिब का उद्घाटन शनिवार को गुरु नानक देव जी के वंशज बाबा सरबजोत सिंह बेदी तथा अन्य संत महापुरुषों की उपस्थिति में किया गया। इस उपलक्ष्य में प्रातःकाल श्री अखंड पाठ साहिब के भोग के पश्चात गुरमत समागम का आयोजन किया गया।धार्मिक समागम के दौरान बाबा सरबजोत सिंह बेदी, संत सुखजीत सिंह, बलविंदर सिंह, गोपाल सिंह बालीवाल, हरदीप सिंह, कुलदीप सिंह, बेअंत सिंह, भुपिंदर सिंह, अमर सिंह, संता सिंह, सुरजीत सिंह, ओंकार सिंह सहित अन्य संत महापुरुष व रागी जत्थों द्वारा कथा कीर्तन द्वारा निहाल किया गया। इस अवसर पर बाबा सरबजोत सिंह बेदी ने कहा कि धार्मिक स्थल हमारी धार्मिक शिक्षा के विद्यालय होतें हैं। यहां हमें धर्म की दीक्षा मिलती है। हमें गुरु ग्रंथ साहिब जी द्वारा दिए गए सत्य के मार्ग के उपदेश पर चल कर सरबत के भले के लिए कार्या करना चाहिए। इस अवसर पर बाबा प्रीतपाल सिंह, गुरु नानक मिशन संस्था के महासचिव हरपाल सिंह कोटला, बलविंदर सिंह, तलविंदर सिंह सागर, गुरमेज सिंह, सतनाम सिंह, गुरदेव सिंह, महिंदर सिंह, बक्शीश सिंह, महिंदर सिंह, नीलमा देवी, भगवती देवी, नरिंदर सिंह, गुरबक्श सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

# कालाअंब में दो फैक्ट्रियों के गोदाम जलकर राख

**एसपी जैरथ**



**नाहन** : जिला सिरमौर के प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र कालाअंब स्थित मोगीनंद में दो अलग-अलग फैक्ट्रियों के गोदाम अचानक भडकी आग की चपेट में आ गए। आग से दोनों कंपनियों को करोड़ों का नुकसान हुआ बताया गया है। आग लगने की यह घटना शनिवार दोपहर करीब 1 के आसपास की है।मौके से प्राप्त जानकारी के अनुसार ईंदकुश फार्मा तथा विशाल पैट कंपनियों के गोदाम मोगीनंद के हाउसिंग बोर्ड एरिया के साथ आपस में सटे हुए थे।प्राप्त जानकारी के अनुसार दोपहर करीब 1 के आसपास ईंद कुश के रियल फैब दवा के रॉ मैटेरियल और पैकिंग मैटेरियल वाले गोदाम में अचानक आग भडक गई। गोदाम में अचानक भडकी आग इतनी तेजी से फैली की मात्र कुछ ही मिनट में इसने साथ लगती विशाल पैट के आदिनाथ इंटरप्राइजेज के नाम से गोदाम नंबर दो को भी अपनी चपेट में ले लिया। इस गोदाम में दवाइयों की पैकिंग में इस्तेमाल होने वाले पदार्थ के साथ प्लास्टिक की ढेर सारी बोतलें भी थी।अचानक भडकी इस आग की बाबत एक फैक्ट्री कर्मी के द्वारा वैरव दवा फैक्ट्री के सीएमडी मनोज गर्ग को सूचित किया गया। मनोज गर्ग के द्वारा अपनी फैक्ट्री की मीटिंग को छोडकर नाहन और कालाअंब फायर ऑफिस को सूचित किया गया। सूचना पाते ही स्पेशल फायर ऑफिसर राजकुमार, लीडिंग फायरमैन राजेश कुमार, प्रदीप कुमार, जयप्रकाश, रोशन अली, फायर टेंडर चालक राजेश प्राशर, अरुण शर्मा, प्लाटून कमांडर कुलदीप कुमार तथा गृह रक्षक रोशन तुरंत आग बुझाने के तमाम लाभ लश्कर के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए।दोपहर 1:15 पर मौके पर पहुंची फायर विभाग की टीम खबर लिखे जाने तक आग बुझाने में जुटे रही। इस दौरान दोनों ही फैक्ट्री के दर्जनों कर्मचारी अपनी जान पर खेल कर फायर विभाग की टीम को असिस्ट करते रहे। यही नहीं दोनों फैक्ट्रियों के गोदाम के बचे कूचे रॉ मैटेरियल व अन्य पैकिंग मैटेरियल को सुरक्षित निकालने में भी लगे हुए थे। बावजूद इसके कई घंटों की कड़ी मशक्क्त के बाद आग पर काबू पाया गया।बड़ी बात तो यह है कि दोनों ही प्लांट्स के गोदाम होल्डर के द्वारा अग्निशमन सुरक्षा के तमाम सिस्टम लगाए गए थे। साथ लगती अन्य फैक्ट्री के फायर हाइड्रेंट के साथ-साथ दर्जनों पानी के टैंकर आग बुझाने में लगे हुए थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस दुर्घटना में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है, मगर रियल फैब गोदाम में आराम कर रहे व्यक्ति को धुंए की घुटन से बेहोशी छा गई थी। जिसे प्राथमिक उपचार देने के बाद घर भेज दिया गया।

## साईबर सुरक्षा नीति और डेटा प्राइवेसी पर किया जागरूक

**राजन पुरी**



**ऊना:**डीएवी पब्लिक स्कूलअंबोटा में शनिवार को साईबर सुरक्षा पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेष विशेषज्ञ मनजीत जोहर व उर्वशी नाथ ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को साईबर सुरक्षा के महत्तव व इंटरनेट के सही उपयोग बारे जागरूक करना था। विशेषज्ञों ने विभिन्न साईबर खतरों फिशिंग, मालवेयर और साईबर बुलिंग के विषय में विस्तार से चर्चा की और उनसे बचने के उपाय बताए। दसके अलावा साईबर सुरक्षा नीति और डेटा प्राइवेसी के विषय में महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य व एआर निमित शर्मा ने कहा कि इस डिजिटल युग साईबर सुरक्षा की जानकारी होना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों ने इस कार्यशाला से काफी जानकारियां प्राप्त की हैं, जिन्हें भविष्य में बच्चों के साथ सांझा किया जाएगा। नमित शर्मा ने कहा कि भविष्य में ऐसी और कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी, ताकि शिक्षक और बच्चे साईबर के प्रति जागरूक हो सकें ।

## राष्ट्रपति से मिले 16वें वित्त आयोग के चेयरमैन पनगढ़िया



एजेंसी
नई दिल्ली। सोलहवें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया ने यहां राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। हालांकि, इस मुलाकात के संबंध में फिलहाल विस्तृत जानकारी नहीं मिली है। अरविंद पनगढ़िया को सोलहवें वित्त आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जो अप्रैल, 2026 से शुरू होने वाली पांच साल की अवधि के लिए केंद्र और राज्यों के बीच कर राजस्व बंटवारे के फार्मूले की सिफारिश करेगा।

## विशेषज्ञों ने टेक्नोलॉजी, स्किलिंग एवं इन्नोवेशन को किया रेखांकित

बेंगलूरू। इंडिया ग्लोबल इन्नोवेशन कनेक्ट (आईजीआईसी) 2024 का तीसरा संस्करण आज बेंगलूरू में संपन्न हुआ जिसमें वैश्विक और देश के उद्योगपतियों ने सरकार, उद्योग और स्टार्टअप के लिए आने वाले वर्षों में तेज परिवर्तन लाने को लेकर टेक्नोलॉजी, कौशल विकास एवं नवप्रवर्तन को प्रमुख क्षेत्रों के रूप में रेखांकित किया।

इस कार्यक्रम में 400 से अधिक लोग शामिल हुए जिसमें नेताओं ने उद्योग से जुड़े विभिन्न विषयों पर गहन चर्चा की। आईजीआईसी 2024 के दूसरे दिन भारतीय एवं वैश्विक स्टार्टअप के संस्थापकों, वीसी और निवेशकों, कॉरपोरेट और सरकार के प्रमुख लोगों, टेक्नोलॉजी एवं लोक नीति के विशेषज्ञों ने एक साझा मंच के तहत इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

## सरसों और मूंगफली तेल महंगा, दालों में मिलाजुला रुख

नई दिल्ली। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर मांग निकलने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में सरसों तेल और मूंगफली तेल महंगा हो गया जबकि दालों में मिलाजुला रुख रहा वहीं अन्य जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में जून का पाम ऑयल वायदा आठ रिंगिट बढ़कर 3943 रिंगिट प्रति टन हो गया। वहीं, जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.40 सेंट की गिरावट के साथ 43.95 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

## वार्डविज़र्ड इनोवेशन्स एण्ड मोबिलिटी लिमिटेड को फिलीपीन्स से मिला 1.29 अरब डॉलर का ऑर्डर

वड़ोदरा। भारत में 'जॉय ई-बाईक' ब्राण्ड के तहत इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन और 'जॉय ई-रिक' के तहत तिपहिया वाहन बनाने वाली कंपनी वार्डविज़र्ड इनोवेशन्स एण्ड मोबिलिटी लिमिटेड को बेउला इंटरनेशनल डेवलपमेन्ट कॉर्पोरेशन से 1.29 अरब डॉलर का ऑर्डर मिला है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि बेउला फिलीपीन्स में आरपी कनेक्ट द्वारा समर्थित फुल सर्विस बिज़नेस इंटीग्रेशन कंपनियों और ईपीसी फर्मों में से एक है। इसके साथ वार्डविज़र्ड इनोवेशन्स एण्ड मोबिलिटी लिमिटेड अपने मौजूदा पोर्टफोलियो से प्रोडक्ट्स डिलीवर करेगी, जिसमें कमर्शियल एवं पैसेंजर व्हीकल सेगमेन्ट में इलेक्ट्रिक दोपहिया और तिपहिया वाहन शामिल होंगे। साथ ही फिलीपीन्स मार्केट के लिए कमर्शियल वाहनों हेतु चार-पहिया वाहन भी विकसित करेगी। कंपनी को यह ऑर्डर एक सामरिक साझेदारी के तहत मिला है, जिसे फिलीपीन्स की सार्वजनिक परिवहन प्रणाली में इलेक्ट्रिक वाहनों के साथ बदलाव लाने के लिए समझौता ज्ञापन के माध्यम से औपचारिक रूप दिया गया।

## अदाणी सोलर कीवा पीवीईएल के पीवी मॉड्यूल रिलाएबिलिटी स्कोरकार्ड में लगातार सातवें साल 'टॉप परफॉर्मर'

अहमदाबाद । अदाणी समूह की सोलर फोटोवोल्टाइक (पीवी) सेल बनाने वाली कंपनी अदाणी सोलर ने कहा कि कीवा पीवीईएल के पीवी मॉड्यूल रिलाएबिलिटी स्कोरकार्ड के 10वें एडिशन में उसे टॉप परफॉर्मर का सम्मान दिया गया है। अदाणी सोलर अकेली भारतीय कंपनी है जो लगातार सातवें साल टॉप परफॉर्मर बनी है। कीवा पीवीईएल अग्रणी स्वतंत्र प्रयोगशाला है जो सोलर इंडस्ट्री को सेवा प्रदान करती है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि उनके वार्षिक स्कोरकार्ड में उन विनिर्माताओं को शामिल किया जाता है जिनके पीवी मॉड्यूल स्वतंत्र जांच में उल्लेखनीय गुणवत्ता वाले पाये जाते हैं। अदाणी सोलर के सीईओ अनिल अदाणी ने कहा, हम एक बार फिर टॉप परफॉर्मर बनकर सम्मानित महसूस कर रहे हैं। यह सतत मान्यता उत्कृष्टता के लिए हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत बनाती है।

## भारत की मजबूत आर्थिक वृद्धि से स्टार्टअप इकाइयों की 'घर' वापसी हुई तेज

एजेंसी
नई दिल्ली। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा है कि भारत की मजबूत आर्थिक वृद्धि के चलते पूंजी तक पहुंच और कर लाभ के लिए विदेश जाने वाले स्टार्टअप अब 'घर' लौट रहे हैं। बर्थवाल ने बताया कि भारत की विकास दर अन्य उभरती हुई बाज़ार अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में लगभग दोगुनी है।

सिंगापुर में भारत-प्रशांत आर्थिक ढांचे (आईपीईएफ) स्वच्छ अर्थव्यवस्था निवेशक फोरम के उद्घाटन के अवसर पर उन्होंने कहा कि डिजिटल अर्थव्यवस्था के साथ ही कृत्रिम मेधा (एआई) जैसी उभरती प्रौद्योगिकियां और डेटा सेंटर भविष्य में भारत की वृद्धि की कुंजी हैं। बर्थवाल ने बताया कि कैसे यह मजबूत वृद्धि 'रिवर्स फ़्लिपिंग' की प्रवृत्ति को भी बढ़ावा दे रही है, जहां भारतीय स्टार्टअप जो कभी पूंजी तक पहुंच और कर लाभों के लिए विदेश चले गए थे, अब स्वदेश लौट रहे हैं। उन्होंने अपने संबोधन में इस बात पर ज़ोर दिया कि कैसे डिजिटल अर्थव्यवस्था के साथ-साथ एआई जैसी उभरती हुई तकनीकें और डेटा सेंटर का उदय भविष्य के भारतीय विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं।



बैठक में वैश्विक निवेशकों और वित्तीय संस्थानों से 60 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जबकि वैश्विक निवेशकों को आकर्षित करने के लिए 15 से ज्यादा भारतीय फर्मों ने व्यक्तिगत तौर पर भाग लिया। इनमें अमेरिका, सिंगापुर, जापान, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण कोरिया और अन्य देशों के वैश्विक निवेशकों साथ ही भारत के निजी क्षेत्र और सरकारी अधिकारी शामिल थे। कार्यक्रम में टेमासेक, ग्लोबल इन्फ्रास्ट्रक्चर पार्टनर्स, गारंटको, प्राइवेट इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट ग्रुप (पीआईडीजी), गोल्डमैन सैक्स, आई स्क्वैयर्ड कैपिटल, मिज़ुहो बैंक लिमिटेड, एडवांटेज पार्टनर्स, नोमुरा, डीबीएस बैंक और सिटी बैंक जैसे निवेशक और वित्तीय संस्थान शामिल हुए।

## रिजर्व बैंक ने 2024-25 के लिए मुद्रास्फीति का अनुमान 4.50 फीसदी पर बरकरार रखा

एजेंसी
मुंबई। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने मानसून सामान्य रहने के अनुमान को देखते हुए चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए मुद्रास्फीति (महंगाई) के अनुमान को 4.50 फीसदी पर बरकरार रखा है। यह पिछले वित्त वर्ष 2023-24 के 5.40 फीसदी के अनुमान से कम है। हालांकि, आरबीआई ने इसके साथ ही खाद्य कीमतों के परिदृश्य पर करीबी नजर रखने की जरूरत पर बल दिया है।

रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने यहां द्विमासिक मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय समीक्षा बैठक के बाद फैसलों की जानकारी दी। दास ने बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति के अनुमान को 4.5 फीसदी पर बरकरार रखा गया है। उन्होंने बताया कि पहली तिमाही में मुद्रास्फीति के 4.9 फीसदी, दूसरी तिमाही में 3.8 फीसदी, तीसरी तिमाही में 4.6 फीसदी और चौथी तिमाही में 4.5 फीसदी रहने की संभावना है।

शक्तिकांत दास ने कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 में सब्जियों की मुद्रास्फीति दो अंक में बनी हुई है। दास ने कहा कि दालों तथा सब्जियों की रबी की आवक



उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति मार्च-अप्रैल पहली तिमाही में नरम पड़ी है लेकिन खाद्य मुद्रास्फीति पर लगातार दबाव की वजह से आम आदमी को इसका लाभ नहीं मिल पाया है। उन्होंने कहा कि दालों तथा पर सावधानी से निगाह रखने की जरूरत है। गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने रिजर्व बैंक को सीपीआई पर आधरित मुद्रास्फीति दर को 4 फीसदी (दो फीसदी ऊपर या नीचे) के स्तर पर रखने का लक्ष्य दिया है।

## डीएमआरसी और केआरसीएल ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

एजेंसी
नई दिल्ली। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) और कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड



(केआरसीएल) ने भारत और विदेशों में आगामी मेट्रो रेल परियोजनाओं पर सहयोग करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता मेट्रो/रेलवे, हाई-स्पीड रेल, राजमार्ग, मेगा-ब्रिज, सुरंग, संस्थागत भवन, कार्यशालाएं या डिपो, एसएंडटी कार्य और रेलवे विद्युतीकरण सहित बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की एक विस्तृत श्रृंखला के लिए परियोजना सेवा प्रदाता के रूप में दोनों संगठनों को नामित करता है। इस समझौता ज्ञापन पर आधिकारिक रूप से डीएमआरसी के निदेशक डॉ. पी.के. गर्ग और केआरसीएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक संतोष कुमार झा ने हस्ताक्षर किए। इस रणनीतिक साझेदारी का उद्देश्य विभिन्न बड़े पैमाने की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर सहयोग को बढ़ावा देने के लिए डीएमआरसी और केआरसीएल दोनों की विशेषज्ञता का उपयोग करना है। डीएमआरसी और केआरसीएल के बीच सहयोग संगठनों को भविष्य में नई परियोजनाओं को विकसित करने और विशेषज्ञता साझा करने के लिए एक साथ काम करने में मदद करेगा।

## सेंसेक्स ने बनाया मजबूती का नया रिकॉर्ड, 4 जून को हुई गिरावट की भरपाई

एजेंसी
नई दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार ने आज लगातार तीसरे कारोबारी दिन जोरदार मजबूती दिखाई। आज के कारोबार में आई तेजी के कारण शेयर बाजार ने 4 जून को बाजार में हुई जबरदस्त गिरावट के कारण हुए नुकसान की भरपाई कर ली। आज के कारोबार की शुरुआत सपाट स्तर पर हुई थी। शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार में बिकवाली का दबाव भी बना, लेकिन थोड़ी देर बाद ही तेजड़ियों ने पूरी तरह से बाजार पर अपना कब्जा कर लिया। खासकर, रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति का ऐलान होने के बाद शेयर बाजार में खरीदारी की होड़ लग गई, जिसके कारण सेंसेक्स 2.16 प्रतिशत और निफ्टी 2.05 प्रतिशत की उछाल के साथ बंद हुए।

आज के कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने इंट्रा-डे में 1,853.43 अंक की छलांग लगा कर ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड बनाया। इसके साथ ही ये सूचकांक आज ऑल टाइम हाई क्लोजिंग का भी नया रिकार्ड बनाने में सफल रहा। इसी तरह निफ्टी ने भी आज इंट्रा-डे में 531.15 अंक उछलने में कामयाबी हासिल की। इस सूचकांक ने भी आज क्लोजिंग के ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड कायम किया।

आज के कारोबार में सभी सेक्टोरल इंडेक्स में लगातार तेजी बनी रही। खासकर ऑटोमोबाइल, आईटी, टेलीकॉम, पावर और मेटल इंडेक्स में 2 से 3 प्रतिशत तक की उछाल दर्ज की गई। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 1.28 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 2.18 प्रतिशत की छलांग लगा कर आज के कारोबार का अंत किया। आज बाजार में आए उछाल के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 7 लाख करोड़ रुपये से अधिक का इजाफा हो गया। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 423.27 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी गुरुवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 415.89 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 7.38 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 3,952 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,894 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 966 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 92 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,302 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,915 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 387 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से सभी 30 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल शेयरों में से 48 शेयर हरे निशान में और सिर्फ 2 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 42.72 अंक की कमजोरी के साथ 75,031.79 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही बिकवाली का दबाव बनाने के कारण ये सूचकांक 132.63 अंक की गिरावट के साथ 74,941.88 अंक के स्तर पर पहुंच गया। लेकिन इसके बाद बाजार पर पूरी तरह से तेजड़ियों का कब्जा हो गया, जिसके कारण इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक निचले स्तर से 1,853.43 अंक उछल कर 1,720.80 अंक की तेजी के साथ ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड बनाते हुए अभी तक के सर्वोच्च स्तर 76,795.31 अंक तक पहुंच गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स ऑल टाइम हाई क्लोजिंग का नया रिकॉर्ड बनाते हुए 1,618.85 अंक की बढ़त के साथ 76,693.36 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के विपरीत एनएसई के निफ्टी ने आज 0.45 अंक की सांकेतिक बढ़त के साथ 22,821.85 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की।

## भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 651.5 अरब डॉलर के नए ऐतिहासिक उच्चतम स्तर पर

एजेंसी
मुंबई। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 31 मई तक 651.5 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। पिछले हफ्ते 24 मई को मुद्रा भंडार 646.67 अरब डॉलर पर था। इसके बाद विदेशी मुद्रा भंडार में 4.83 अरब अमेरिकी डॉलर की वृद्धि हुई है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने तीन दिवसीय द्विमासिक मौद्रिक नीति समीति (एमपीसी) की समीक्षा बैठक के फैसलों की घोषणा करते हुए देश के विदेशी मुद्रा भंडार के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 31 मई को विदेशी मुद्रा भंडार



651.5 अरब अमेरिकी डॉलर के ऐतिहासिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर हमें अपनी बाह्य वित्त पोषण की जरूरतों को आसानी से पूरा करने का विश्वास है। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 के लिए चालू खाते का घाटा अपने टिकाऊ स्तर के भीतर रहने की संभावना है। इसके साथ उन्होंने प्रेषित धन, सेवा निर्यात और कम व्यापार घाटे से आने वाली मदद का संकेत दिया। देश का विदेशी मुद्रा भंडार को किसी भी बाह्य क्षेत्र की गड़बड़ी को झेलने में अर्थव्यवस्था की समग्र ताकत का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रमुख कारकों में से एक माना जाता है।

## धोखाधड़ी से बचाने को डिजिटल भुगतान खुफिया प्लेटफॉर्म बनाएगा आरबीआई

एजेंसी
मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ग्राहकों को ऑनलाइन लेनदेन में धोखाधड़ी से बचाने के लिए एक डिजिटल खुफिया प्लेटफॉर्म स्थापित करेगा। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने चालू वित्त वर्ष की दूसरी द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए बताया कि पिछले कुछ वर्षों में रिजर्व बैंक ने डिजिटल भुगतान प्रणालियों में लोगों का विश्वास बनाए रखने के लिए डिजिटल भुगतानों की सुरक्षा और संरक्षा के लिए कई उपाय किए हैं। इस तरह के विश्वास को बनाए रखने के लिए धोखाधड़ी की घटनाओं को




कम करना होगा। कई धोखाधड़ी पीड़ितों को भुगतान करने या क्रेडेंशियल साझा करने के लिए प्रभावित करके की जाती हैं जबकि भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र (बैंक, एनपीसीआई, कार्ड नेटवर्क, भुगतान एग्रीगेटर और भुगतान ऐप) ग्राहकों को इस तरह की धोखाधड़ी से बचाने के लिए निरंतर आधार पर विभिन्न उपाय करते हैं।

## आरबीआई ने 2024-25 के लिए आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 7.2 फीसदी किया

नई दिल्ली।
मुंबई। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को सात फीसदी से बढ़ाकर 7.2 फीसदी कर दिया है। आरबीआई ने निजी उपभोग में सुधार और ग्रामीण क्षेत्र की मांग मजबूत होने से सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाया है।

आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने यहां मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की समीक्षा बैठक की। उसके बाद इसकी जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 में अभी तक घरेलू आर्थिक गतिविधियां मजबूत हैं। घरेलू मांग बढ़ने से विनिर्माण गतिविधियों में तेजी आई है। शक्तिकांत दास ने कहा कि विभिन्न आर्थिक संकेतकों से पता चलता है कि सेवा क्षेत्र की रफ्तार भी कायम है। उन्होंने कहा कि एमपीसी ने इन सभी कारकों को ध्यान में रखते हुए वित्त वर्ष 2024-25 के लिए




वास्तविक जीडीपी की वृद्धि दर 7.2 फीसदी रहने का अनुमान जताया है। उन्होंने कहा कि पहली तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर 7.3 फीसदी, दूसरी तिमाही में 7.2 फीसदी, तीसरी तिमाही में 7.3 फीसदी और चौथी तिमाही में 7.2 फीसदी रहेगी। उन्होंने कहा कि जोखिम समान रूप से संतुलित हैं। उल्लेखनीय है कि स्टैंडर्ड एंड पूअर्स (एसएंडपी) ग्लोबल रेटिंग्स ने हाल ही में चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 40 आधार अंक बढ़ाकर 6.80 फीसदी कर दिया है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा पिछले महीने की आखिरी तारीख को जारी अनुमान के अनुसार वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय अर्थव्यवस्था 8.2 फीसदी की दर से बढ़ी है।

## महंगा हुआ सोना और चांदी

एजेंसी
नई दिल्ली। एक दिन की गिरावट के बाद आज घरेलू सर्राफा बाजार में आज एक बार फिर तेजी का रुख बन गया है। देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में सोना और चांदी महंगे हो गए हैं। सोना आज 400 रुपये से 700 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हुआ है। सर्राफा बाजार में आज आई इस तेजी के कारण देश के सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 73 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर को पार कर गया है। चेन्नई में 24 कैरेट सोना 74 हजार रुपये के स्तर के ऊपर बिक रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी चेन्नई के अलावा दूसरे सर्राफा बाजारों में 67 हजार रुपये के स्तर को पार कर गय है। चेन्नई में 22 कैरेट सोना 64 हजार रुपये से ऊपर चढ़ कर कारोबार कर रहा है। सोने की तरह ही आज चांदी में भी तेजी दर्ज की गई है। इस तेजी के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी करीब 2 हजार रुपये उछल कर 93,600 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 73,580 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत



67,460 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 73,430 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 67,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 74,190 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 68,010 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 73,480 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 67,360 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 73,430 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 67,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 73,580 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 67,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 73,480 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 67,360 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 73,580 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 67,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी सोना महंगा हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 73,430 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 67,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## अदाणी पोर्ट्स को मिला कोलकाता बंदरगाह के संचालन का कॉन्ट्रैक्ट, कंपनी का दावा-कनेक्टिविटी बेहतर होगी

अहमदाबाद। अदाणी समूह की कंपनी अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकॉनोमिक जोन लिमिटेड ने बताया कि कंपनी को अगले पांच वर्षों के लिए कोलकाता बंदरगाह के रखरखाव और संचालन का कॉन्ट्रैक्ट मिल गया है। कंपनी ने बयान में बताया कि स्वीकृति पत्र (स्थ्र) मिलने के सात महीने के भीतर बंदरगाह पर कार्गो हैंडलिंग उपकरण तैनात कर दिए जाएंगे। कंपनी ने बयान में कहा कि एपीएसईजेड ने कोलकाता को श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंदरगाह के पांच साल के संचालन और रखरखाव के लिए कॉन्ट्रैक्ट हासिल कर लिया है। कंपनी ने नीलामी प्रक्रिया में प्रतिस्पर्धा करके यह कॉन्ट्रैक्ट जीता। एपीएसईजेड की बंदरगाह पर उपस्थिति से टर्मिनल और इसके कंटेनर बंदरगाह पर कनेक्टिविटी बेहतर होगी। खासकर विझिनजाम और कोलंबो से आने जाने वाले शिपमेंट की कनेक्टिविटी अच्छी होगी। इस साल से ही संचालन शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है। एपीएसईजेड के निदेशक और सीईओ अश्विनी गुप्ता ने बताया कि नेताजी सुभाष डॉक के संचालन और रखरखाव का कॉन्ट्रैक्ट मिलना एपीएसईजेड के देश के बंदरगाहों और लॉजिस्टिक ढांचे को विकसित करने के समर्पण को दर्शाता है। हम अपने दो दशकों लंबे अनुभव का इस्तेमाल करते हुए कंटेनर टर्मिनल को विकसित करेंगे, जिससे राज्य के लोगों समेत ग्राहकों को फायदा होगा। भारत के पूर्वी तट पर स्थित नेताजी सुभाष डॉक सबसे बड़ा कंटेनर टर्मिनल है।

## चंद्रबाबू नायडू के दोनों हाथों में लड्डू; पत्नी ने भी पांच दिन में इस स्टॉक से कमाए 579 करोड़

एजेंसी
नई दिल्ली । आंध्र प्रदेश के होने वाले सीएम और तेलगू देशम पार्टी के अध्यक्ष चंद्रबाबू नायडू राजनीति के साथ साथ आर्थिक क्षेत्र में भी सफलता की नई ऊचाइयां छू रहे हैं। लोकसभा चुनाव के परिणाम आते ही उनके परिवार ने पिछले पांच दिनों में 870 करोड़ रुपये कमाए हैं। वहीं, बात अगर उनकी पत्नी की करें तो चंद्रबाबू की पत्नी नारा भुवनेश्वरी ने केवल पांच दिनों में 579 करोड़ रुपये कमाए हैं। ये कमाई तब हुई है जबकि एग्जिट पोल के अनुमानों के बाद शेयर मार्केट में बड़ी गिरावट आई थी। हालांकि उनकी कंपनी हेरिटेज फूड्स के शेयरहोल्डिंग पैटर्न के कारण एफएमसीजी स्टॉक में बढ़त दर्ज की गई। जिससे नायडू परिवार के लोगों के शेयर की कीमतों में बंपर उछाल आया।

**हेरिटेड फूड्स की प्रमुख प्रवर्तक हैं चंद्रबाबू नायडू की पत्नी**

रिपोर्ट्स के मुताबिक, चंद्रबाबू नायडू ने 1992 में इस कंपनी की स्थापना की थी। हेरिटेज फूड्स डेयरी उत्पादों में कारोबार करती है। चंद्रबाबू नायडू की पत्नी नारा भुवनेश्वरी कंपनी की प्रमुख प्रवर्तक हैं। उनके पास हेरिटेज फूड्स के 2,26,11,525 शेयर हैं। नारा भुवनेश्वरी के पास कंपनी में 24.37 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

अब बीते पांच दिनों से कंपनी के शेयर रॉकेट की तरह उड़ान भर रहे हैं। बीते पांच दिनों में हेरिटेज फूड्स का शेयर 55 फीसदी बढ़ गया है। बता दें कि जब एग्जिट पोल में आंध्र प्रदेश में टीडीपी की बड़ी जीत की भविष्यवाणी की गई थी उसके दो दिन बाद यानी तीन जून को कंपनी के एक शेयर की कीमत 424 रुपये थी। वहीं शुक्रवार को सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन इसकी कीमत बढ़कर 661.25 हो गई थी। पिछले लगातार पांच सत्रों में, हेरिटेज फूड्स के शेयर की कीमत ?256.10 प्रति शेयर बढ़ गई है।

**आंध्र प्रदेश में सरकार बनाने जा रहे हैं चंद्रबाबू, केंद्र में भी मजबूत स्तंभ बनकर उभरे**

गौरतलब है कि नायडू परिवार और चंद्रबाबू नायडू की पत्नी की संपत्ति में एक तरफ ये इजाफा हो रहा है। वहीं दूसरी ओर 12 जून को चंद्रबाबू नायडू आंध्र प्रदेश के नए सीएम बनेंगे। आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनाव परिणाम में टीडीपी ने सबसे अधिक सीटें जीती हैं। 135 सीटें जीत कर टीडीपी ने बहुमत के आंकड़े को पार कर लिया।

## यूक्रेन की ओर से की गयी बमबारी में 22 नागरिक मारे गए: रूस

एजेंसी

**मास्को।** यूक्रेन की सेना ने रूस के खेरसॉन क्षेत्र के सदोवोये गांव में एक स्टोर पर दो बार बमबारी की, जिसमें 22 नागरिक मारे गए। क्षेत्रीय गवर्नर व्लादिमीर साल्डो ने यह जानकारी दी है। तास न्यूज एजेंसी की एक रिपोर्ट के अनुसार श्री साल्डो ने कहा कि हमले के समय स्टोर के अंदर बड़ी संख्या में ग्राहक और कर्मचारी मौजूद थे। रिपोर्ट में श्री साल्डो के हवाले से कहा गया, पहला हमला एक निर्देशित फ्रांसीसी हवाई बम से किया गया था और दूसरा अमेरिकी हिमार्स प्रक्षेपास्त्र द्वारा किया गया था। उन्होंने कहा, पहले हमले के बाद पड़ोसी घरों से लोग पीड़ितों की मदद करने के लिए बाहर निकले। थोड़े समय के बाद हिमार्स से हमला हुआ। मृतकों में दो बच्चे भी शामिल हैं।



## इंडोनेशिया में भूस्खलन से चार लोगों की मौत

एजेंसी

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के नुसा तेंगारा प्रांत में एक घर के भूस्खलन की चपेट में आने से एक महिला और दो बच्चों सहित एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई। एक स्थानीय अधिकारी ने यह जानकारी दी। प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, आपदा एंडे क्षेत्र के दक्षिण रेवरंगगा गांव में स्थानीय समयानुसार सुबह करीब साढ़े पांच बजे हुई। हादसे के समय परिवार के सभी सदस्य सो रहे थे।एंडे पुलिस के प्रमुख सुदार्मिन सयाफरुदीन ने स्थानीय मीडिया को बताया कि परिवार का घर एक पहाड़ी से सटा हुआ था।श्री सियाफरुदीन ने कहा, 'भूस्खलन तब हुआ, जब इलाके में सुबह के समय भारी बारिश हो रही थी और वे सभी अपने घर में सो रहे थे।'



## अफगानिस्तान में सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत, तीन घायल

**जलालाबाद।** पूर्वी अफगानिस्तान के नंगरहार प्रांत में गुरुवार रात एक सड़क दुर्घटना में कम से कम चार यात्रियों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। प्रांतीय पुलिस प्रवक्ता हाफिज मावलावी अब्दुल बसीर जाबुली ने यह जानकारी दी। श्री जाबुली ने बताया कि यह दुर्घटना खोगयानी जिले में कल रात उस समय हुई जब दो वाहन तेज गति से चलने के कारण आपस में टकरा गए। घायलों को तुरंत इलाज के लिए निकटवर्ती अस्पताल पहुंचाया गया। अफगानिस्तान में हर साल यातायात दुर्घटनाओं में सैकड़ों लोगों की जान चली जाती है, जिसका कारण खराब सड़क की स्थिति, ऊबड़-खाबड़ इलाके, ओवरलोडिंग और तेज़ गति है।

## तुर्की के राष्ट्रपति ने इजरायल को हथियारों की आपूर्ति न करने का आह्वान किया

**अंकारा।** तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने इजरायल को गोला-बारूद और हथियार मुहैया कराने वाले देशों से इस अपराध में भागीदार बनना बंद करने का आह्वान किया है। श्री एर्दोगन ने अंकारा में उज़्बेक राष्ट्रपति शौकत मिर्जियोयेव के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। सभी कानूनी प्रक्रियाओं सहित हमारी पहल जारी है। इजरायल को गोला-बारूद और हथियार मुहैया कराने वाले देशों को इस अपराध में भागीदार बनना बंद करना चाहिए।



## कनाडा के मंत्री ने 'हिंसा को बढ़ावा' देने वालों के खिलाफ कार्रवाई का किया आह्वान'

एजेंसी

**ओटावा।** कनाडा के सार्वजनिक सुरक्षा मंत्री डोमिनिक लेब्लांक ने हिंसा को बढ़ावा देने वाले खालिस्तानियों के खिलाफ कानून प्रवर्तन एजेंसियों से तत्काल कार्रवाई करने का आह्वान किया है।

श्री लेब्लांक ने शनिवार को एक्स पर पोस्ट किया, इस सप्ताह, वैंकूवर में भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या को दर्शाने वाली तस्वीरें और खबरें थीं। कनाडा में हिंसा को बढ़ावा देना कभी भी स्वीकार्य नहीं है। भारतीय मूल के कनाडाई सांसद चंद्र आर्य ने भी श्रीमती गांधी के हत्यारों का महिमामंडन करने वाले खालिस्तानियों की आलोचना की। सांसद ने कनाडा में कानून प्रवर्तन एजेंसियों से तत्काल कार्रवाई करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि खालिस्तानी अपनी हरकतों से कनाडा में हिंदुओं को निशाना बना रहे हैं और उनमें डर पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। सांसद ने कहा, वैंकूवर में खालिस्तान समर्थक का भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के गोलियों से छलनी शरीर और हत्यारा बने अंगरक्षकों की बंदूकें पकड़े हुए पोस्टर देखाने के मतलब यह है कि वे फिर से हिंदू-कनाडाई लोगों में हिंसा का डर पैदा करने का प्रयास कर रहे हैं। इस तरह की धमकियाँ कुछ साल पहले और कुछ महीने पहले ब्रैम्पटन में सिख फॉर जस्टिस के पन्नू ने दी थी, उसने हिंदुओं से भारत वापस जाने के लिए कहा था। उन्होंने कहा, मैं फिर से कनाडा में कानून प्रवर्तन एजेंसियों से तत्काल कार्रवाई करने का आह्वान करता हूं। कनाडाई समाचार आउटलेट मीडिया बेजिरगन ने बताया कि कनाडा में खालिस्तानी लॉबी, विश्व सिख संगठन से जुड़े सांसदों के माध्यम से, मांग कर रही है कि श्रीमती गांधी की हत्या के बाद 1984 के सिख विरोधी दंगों को नरसंहार के रूप में मान्यता दी जाए।



## रूस में मेडिकल के चार भारतीय छात्र नदी में डूबे

एजेंसी

**मॉस्को।** रूस में मेडिकल के चार भारतीय छात्रों की सेंट पीटर्सबर्ग के निकट एक नदी में डूब से मौत हो गयी है।

रूस में भारतीय दूतावास ने कहा, वेलिकि नोवगोरोड शहर में नोवगोरोड स्टेट यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले भारतीय मेडिकल छात्र - दो लड़के और दो लड़कियां - रूस में सेंट पीटर्सबर्ग के पास एक नदी में डूब गए।÷

स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार,एक छात्रा वोल्खोव नदी में डूबने लगी। चार छात्रों ने उसे बचाने की कोशिश की। इस दौरान छात्रा और उसे बचाने गये चार मेंसे तीन छात्रों की डूबने से मौत हो गयी। एक छात्र को बचा लिया गया।दूतावास ने कहा, शवों को जल्द से जल्द रिश्तेदारों तक पहुंचाने के लिए काम कर रहे हैं। जिस छात्र की जान बच गई है, उसे उचित उपचार भी प्रदान किया जा रहा है।सेंट पीटर्सबर्ग में भारत के कहा कि वह वेलिकी नोवगोरोड के स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहा है



महावाणिज्य दूतावास ने कहा कि ये छात्र वेलिकी नोवगोरोड स्टेट यूनिवर्सिटी में चिकित्सा शिक्षा प्राप्त कर रहे थे। उसने एक्स पर लिखा शोक संतप्त परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना।

महावाणिज्य दूतावास ने ताकि शवों को जल्द से जल्द उनके रिश्तेदारों तक पहुंचाया जा सके।

उन्होंने कहा, शोक संतप्त परिवारों से संपर्क किया गया है और उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया गया है।

## इजरायली हमले में मारे गये फिलिस्तीनी नागरिकों की संख्या 36,731 हुई

**गाजा।** गाजा पट्टी में जारी इजरायली हमलों में मरने वाले फिलिस्तीनी नागरिकों की संख्या बढ़कर 36,731 हो गई है।यह जानकारी हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य अधिकारियों ने एक प्रेस बयान में दी। बयान के अनुसार, पिछले 24 घंटों में इजरायली बलों के हमले में 77 लोग मारे गये और 221 अन्य घायल हो गये जिससे पिछले साल अक्टूबर में फिलिस्तीनी-इजरायल संघर्ष शुरू होने के बाद से मरने वालों की संख्या बढ़कर 36,731 हो गयी और घायलों की संख्या 83,530 हो गयी।



बयान में कहा गया कि भारी बमबारी और बचाव दल की कमी के बीच कुछ पीड़ित मलबे के नीचे दबे हुए हैं। इज़राइल ने सात अक्टूबर, 2023 को दक्षिणी इज़राइली सीमा के माध्यम से हमास के हमले का बदला लेने के लिए गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ बड़े पैमाने पर आक्रमण शुरू किया। हमास के हमले में लगभग 1,200 लोग मारे गए थे और लगभग 250 को बंधक बनाया गया था।

## यूक्रेन में सेना तैनात करने की कोई योजना नहीं है : नाटो प्रमुख




**हेलसिंकी।** उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग ने कहा कि नाटो की यूक्रेन में सेना तैनात करने की कोई योजना नहीं है। फिनलैंड की अपनी दो दिवसीय यात्रा के दूसरे दिन फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में श्री स्टोलटेनबर्ग ने कहा, हम इस बात पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं कि यूक्रेन को अपने समर्थन के लिए एक मजबूत ढांचा कैसे स्थापित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि फिनलैंड की यूक्रेन में सेना भेजने की कोई योजना नहीं है। फिनलैंड यूक्रेन का समर्थन करने के विकल्पों के बारे में सहयोगियों के साथ चर्चा कर रहा है। उन्होंने कहा कि उन्हें रूस से किसी भी नाटो सहयोगी के खिलाफ कोई आसन्न सैन्य खतरा नहीं दिख रहा है, और संघर्ष की समाप्ति के बाद भी नहीं।

## अब विधानसभा सदस्य बोल सकेंगें पंजाबी समेत 4 स्थानीय भाषा, विशेष समिति से मिली अनुमति

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की पंजाब विधानसभा के सदस्य अब सदन में अंग्रेजी और उर्दू के अलावा पंजाबी समेत कम से कम चार स्थानीय भाषाओं में बोल सकेंगे। इस संबंध में एक संशोधन किया गया है। 'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' अखबार की खबर के अनुसार, पंजाब विधानसभा के अध्यक्ष मलिक मुहम्मद अहमद खान की अध्यक्षता वाली सदन की एक विशेष समिति ने उन संशोधनों को मंजूरी दे दी जिनमें सदस्यों को सदन में अंग्रेजी और उर्दू के साथ ही पंजाब, सराइकी, पोठोहारी तथा मेवाती में संबोधन की अनुमति होगी।

इससे पहले किसी सदस्य को अंग्रेजी और उर्दू के अलावा अन्य किसी भाषा में बोलने के लिए विधानसभा अध्यक्ष से अनुमति लेनी होती थी जो हमेशा नहीं मिलती थी। पाकिस्तान में फिलहाल 60 से अधिक भाषाएं बोली जाती हैं। उर्दू यहां की राष्ट्रीय भाषा है और 75त्न से अधिक पाकिस्तानी इसे समझते हैं, लेकिन केवल 7त्न आबादी की प्राथमिक भाषा है। पंजाबी यहां की सबसे आम भाषा है, जो 38.78त्न आबादी की पहली भाषा है। आपको बता दें कि पंजाबी पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की आधिकारिक भाषा है और देश की 30त्न से अधिक आबादी की मूल भाषा के रूप में भी कार्य करती है। देश के सबसे बड़े प्रांत पाकिस्तान में 70 मिलियन से अधिक वक्ताओं के साथ, पंजाबी उर्दू और अंग्रेजी के अलावा सबसे अधिक बोली जाने वाली भी भाषा है।

## यूक्रेन को मिराज लड़ाकू विमान देगा फ्रांस, ट्रेनिंग देने का भी वादा

एजेंसी

**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा है कि फ्रांस यूक्रेन को मिराज युद्धक विमान देगा और उनके सैनिकों को प्रशिक्षित करेगा। श्री मैक्रों ने फ्रांसीसी मीडिया को दिए साक्षात्कार में कहा कि हम एक नया सहयोग शुरू करेंगे और मिराज 2000-5 को हस्तांतरित करेंगे। उन्होंने युद्ध के मैदान में तैनात किए जाने वाले 4,500 सैनिकों की यूक्रेनी बटालियन को प्रशिक्षित करने का भी वादा किया। उन्होंने कहा कि फ्रांसीसी लड़ाकू विमानों की डिलीवरी 'तनाव बढ़ाने वाला कारक नहीं है' तथा इन हथियारों का इस्तेमाल नागरिकों पर बमबारी करने के लिए नहीं किया जाएगा।



इस दौरान उन्होंने यूक्रेन में सैन्य प्रशिक्षकों को भेजने की संभावना को भी खारिज नहीं किया। गौरतलब है कि मिराज 2000 एक फ्रांसीसी बहु-भूमिका, एकल-इंजन, चौथी पीढ़ी का जेट फाइटर है, जिसे दसॉल्ट एविएशन द्वारा निर्मित किया गया है। फरवरी के अंत में श्री मैक्रों ने पेरिस में एक बैठक के दौरान सुझाव दिया था कि यूरोपीय देशों को यूक्रेन में सेना भेजनी चाहिए, लेकिन जर्मनी, ब्रिटेन, स्पेन और इटली सहित कई अन्य यूरोपीय देशों ने अपनी असहमति व्यक्त की थी।

## भारत की तीन दिवसीय यात्रा पर रहेंगे पुष्प कमल दाहाल, पीएम मोदी के शपथग्रहण समारोह में होंगे शामिल

एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' रविवार से भारत की तीन दिवसीय यात्रा पर रहेंगे जिस दौरान वह नरेन्द्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में भी हिस्सा होंगे। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री 'प्रचंड' की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में उनकी भारत यात्रा का अनुमोदन किया गया। सरकार की प्रवक्ता तथा संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री रेखा शर्मा ने बृहस्पतिवार को मंत्रिमंडल बैठक के बाद मीडिया को बताया कि मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए 'प्रचंड'



रविवार को नयी दिल्ली के लिए रवाना होंगे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिग्गज नेता नरेन्द्र मोदी रविवार को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे।

भारत ने बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना, मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू , भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे, मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जगन्नाथ और सेशेल्स के राष्ट्रपति वेवेल रामकलावन को भी नरेन्द्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। प्रधानमंत्री 'प्रचंड' मंगलवार को नेपाल लौट आयेंगे। इससे पहले 'प्रचंड' ने तीसरी बार प्रधानमंत्री का पद संभालने के बाद चार से सात अक्टूबर 2023 तक भारत की सरकारी यात्रा की थी।

## जो बाइडेन ने महीनों तक हथियारों की आपूर्ति रुके रहने पर जेलेंस्की से मांगी माफी, बोले- हम अब भी साथ हैं

एजेंसी

**पेरिस।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने पहली बार सार्वजनिक रूप से यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से अमेरिकी सैन्य सहायता में महीनों की देरी के लिए माफी मांगी। हथियारों की आपूर्ति में देरी के कारण रूस को युद्ध के मैदान में बढ़त हासिल करने में मदद मिली। पेरिस 'डी-डे लैंडिंग' की 80वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित समारोह में दोनों नेता शामिल हुए।

इस मौके पर बाइडेन ने जेलेंस्की से कहा कि वह यूक्रेनी लोगों से उन महीनों के लिए माफी मांगते हैं जब उन्हें यह पता नहीं था कि और सहायता आएगी या नहीं। यह बयान उस संदर्भ में था जब अमेरिकी संसद में यूक्रेन को सैन्य सहायता देने का प्रस्ताव छह महीने तक रुका रहा। अप्रैल में हालांकि यह प्रस्ताव कांग्रेस में पारित हो गया और बाइडन ने यूक्रेन को 61 अरब अमेरिकी डॉलर की सैन्य सहायता पैकज पर



हस्ताक्षर किए। बाइडन ने जोर देकर कहा कि अमेरिकी लोग हमेशा यूक्रेन के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा, हम अब भी साथ हैं। पूरी तरह से।

**रूस के आक्रामक रुख अपनाने के बीच पेरिस में जेलेंस्की से मिलेंगे राष्ट्रपति बाइडेन**

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन पेरिस में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात करेंगे। रूस के साथ शुरू हुए युद्ध के बाद से कीव की सेना फिलहाल अपने सबसे मुश्किल दौर से गुजर रही है और अधिकारियों का मानना है कि आने वाले दिनों में हालात और बद्तर हो सकते हैं। यूक्रेन को युद्ध में हथियार और साजोसामान उपलब्ध कराने वालों में अमेरिका सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता है। वह यूक्रेन के पूर्वी क्षेत्रों में रूस के तीव्र आक्रमण को भी रोकने का प्रयास कर रहा है।

रूस खारकीव और डोनेत्स्क पर हमला करने की तैयारी में है क्योंकि इन स्थानों पर जवाबी कार्रवाई करने के लिए कीव की सेना और गोला-बारूद की कमी है। कीव में हथियारों की कमी तब हुई जब अमेरिकी संसद में यूक्रेन को सैन्य सहायता देने का प्रस्ताव छह महीने तक रुका रहा, हालांकि अप्रैल में यह प्रस्ताव पास हो गया और बाइडन ने यूक्रेन को 61 अरब अमेरिकी डॉलर की सैन्य सहायता पैकज पर हस्ताक्षर किए। रूस के हालिया हमले और यूक्रेन की सेना के कमजोर प्रतिरोध के बीच अमेरिका सहित कुछ नाटो सहयोगियों ने पिछले सप्ताह कहा था कि वे यूक्रेन को रूस के अंदर सीमित हमले करने के लिए दिए गए हथियारों का उपयोग करने की अनुमति देंगे।

## राष्ट्रपति जिनपिंग से मिले पाकिस्तानी पीएम शरीफ, दोनों के बीच CPEC के काम को आगे बढ़ाने पर बनी सहमति

एजेंसी

**बीजिंग।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच बैठक हुई। इस दौरान दोनों नेता ने चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) के सुधार और दूसरे चरण में अरबों डॉलर की इस परियोजना के विकास को आगे बढ़ाने पर सहमति जताई।

शहबाज शरीफ चीन की आधिकारिक यात्रा पर गए हुए हैं। वह यहां चार जून से पांच दिवसीय यात्रा पर हैं। दोनों नेताओं ने शुक्रवार को बीजिंग के ऐतिहासिक ग्रेट हॉल ऑफ पीपुल में गहन चर्चा की। यहां दोनों नेताओं के अलावा मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। बता दें, साल 2024 में पद संभालने के बाद से राष्ट्रपति शी के साथ शरीफ की यह पहली मुलाकात थी सरकारी मीडिया के अनुसार, दोनों नेताओं ने सीपीईसी के सुधार और इस बड़ी परियोजना को दूसरे चरण में आगे बढ़ाने पर सहमति जताई। गौरतलब है, पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में ग्वादर बंदरगाह को चीन के शिनजियांग प्रांत से जोड़ने वाला सीपीईसी चीन की महत्वाकांक्षी बेल्ट एंड रोड पहल (बीआरआई) की प्रमुख परियोजना है। बीआरआई को चीन द्वारा दुनिया भर में चीनी निवेश द्वारा वित्तपोषित बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के माध्यम से विदेशों में अपना प्रभाव बढ़ाने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है।

बीआरआई पहली बार 2013 में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग द्वारा %सिल्क रोड% के रूप में एक भाषण में सामने आया था, जिसे अप्रैल 2015 में चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे की घोषणा के साथ हटा दिया गया था। बीआरआई ग्वादर से चीनी शहर झिंजियांग में काशगर तक फैला था।

चीन ने 65 अरब डॉलर की सीपीईसी योजना के तहत पाकिस्तान में विभिन्न बिजली परियोजनाओं और सड़क नेटवर्क में अरबों का निवेश किया है, लेकिन हाल के महीनों में विभिन्न परियोजनाओं का काम धीमा हो गया है। एक रिपोर्ट में कहा गया है, प्रधानमंत्री शरीफ ने राष्ट्रपति शी को आर्थिक सुधार और सतत वृद्धि, औद्योगिक विकास, कृषि आधुनिकीकरण और क्षेत्रीय संपर्क के लिए पाकिस्तान की नीतियों और पाकिस्तान के विकास में सीपीईसी द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जानकारी दी। प्रधानमंत्री ने चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग की 2015 में पाकिस्तान की ऐतिहासिक यात्रा को याद किया, जब सीपीईसी को औपचारिक रूप से शुरू किया गया था और द्विपक्षीय संबंधों में एक नया अध्याय शुरू हुआ था। राष्ट्रपति शी की बेल्ट एंड रोड पहल और वैश्विक विकास पहल (जीडीआई) की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि बीआरआई की महत्वाकांक्षी परियोजना के तौर पर सीपीईसी ने पाकिस्तान के सामाजिक-आर्थिक विकास में महत्त्वपूर्ण योगदान किया है।

इन मुद्दों पर भी चर्चा

दोनों नेताओं ने कश्मीर सहित अफगानिस्तान, फलस्तीन और दक्षिण एशिया सहित क्षेत्रीय और वैश्विक विकास पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने प्रधानमंत्री के सम्मान में एक भोज की मेजबानी की, जहां आपसी हितों के विभिन्न मामलों पर चर्चा का एक और दौर आयोजित किया गया। एक खबर के अनुसार शरीफ ने बैठक में पाकिस्तान में चीनी नागरिकों, परियोजनाओं और संस्थानों की सुरक्षा के लिए पाकिस्तान की प्रतिबद्धता दोहराई।

## 24 जुलाई को इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू अमेरिकी संसद को करेंगे संबोधित

एजेंसी

**वाशिंगटन।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू 24 जुलाई को अमेरिकी संसद को संबोधित कर सकते हैं। इससे उन्हें इजराइल-हमास के बीच जारी युद्ध के महत्वपूर्ण बिंदुओं का उल्लेख करने का मौका मिलेगा। अमेरिकी नेताओं ने पिछले सप्ताह नेतन्याहू को सांसदों को संबोधित करने के लिए औपचारिक रूप से आमंत्रित किया था और गुरुवार देर रात उन्होंने संबोधन की तारीख तय की।

नेतन्याहू को लिखे पत्र में अमेरिकी कांग्रेस के अध्यक्ष और रिपब्लिकन पार्टी के नेता माइक जॉनसन, डेमोक्रेट पार्टी के नेता चक शूमर, रिपब्लिकन नेता मिच मैककोनेल और डेमोक्रेट हकीम जेफ्रीस ने कहा, ईरान, रूस और चीन के बीच बढ़ती साझेदारी सहित हमारे सामने मौजूद अस्तित्व की चुनौतियां हमारे देशों और दुनिया भर के स्वतंत्र लोगों की सुरक्षा, शांति और समृद्धि के लिए खतरा हैं। उन्होंने कहा, हमारे संबंधों को और मजबूत करने तथा इजराइल के साथ अमेरिका की एकजुटता को दर्शाने के लिए हम आपको लोकतंत्र की रक्षा करने, आतंकवाद से मुकाबला करने तथा क्षेत्र में न्यायपूर्ण एवं दीर्घकालिक शांति स्थापित करने के वास्ते इजराइल सरकार के दृष्टिकोण को साझा करने के लिए आमंत्रित करते हैं।

## म्यूनिख विश्व कप के समापन के साथ सिफ्त कौर समरा ने जीता कांस्य पदक

**नई दिल्ली।** महिलाओं की 3पी (50 मीटर राइफल 3 पोजिशन) विशेषज्ञ सिफ्त कौर समरा ने म्यूनिख में इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) विश्व कप राइफल/पिस्टल के समापन वाले दिन कांस्य पदक जीता और इसी के साथ भारत ने दो पदकों के साथ प्रतियोगिता समाप्त की। सरबजोत सिंह ने गुरुवार को पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल में स्वर्ण पदक जीता था। सिफ्त ने 452.9 का स्कोर करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। वह मौजूदा एयर राइफल महिला विश्व चैंपियन चीन की हान जियायु से सिर्फ़ 0.1 के अंतर से पीछे रहते हुए रजत पदक से चूक गईं। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी ग्रेट ब्रिटेन के सियोनैड मैकिंटोश ने 466.7 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता। म्यूनिख ओलंपिक शूटिंग रेंज में आज डेनिश ओलंपियन इबसेन रेके माएंग के इलेक्ट्रॉनिक लक्ष्य प्रणाली में खराबी के कारण महिलाओं के 3पी फाइनल की नीलिंग स्थिति को पूरा करने में थोड़ी देरी हुई। जबकि सियोनैड ने इसके अंत में पहले ही अच्छी बढ़त ले ली थी वहीं सिफ्त सातवें स्थान पर थीं।

## सीपीएल 2024 : मिलर, डी कॉक की बारबाडोस रॉयल्स में वापसी

**नई दिल्ली।** क्विंटन डी कॉक और डेविड मिलर कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) के 2024 संस्करण के लिए बारबाडोस रॉयल्स की टीम में लौट आई है, फ्रैंचाइज़ी ने उक्त घोषणा की। मिलर ने 2022 सीज़न में टीम को अंक तालिका में शीर्ष पर पहुँचाया था, हालाँकि फ्रैंचाइज़ी ने आगामी सीज़न के लिए रोवमैन पॉवेल को अपना कप्तान बनाए रखा है। इस बीच, रॉयल्स ने रासी वैन डेर डुसेन, डोनोवन फेरेरिया और रोलोफ वैन डेर मेरवे की विदेशी तिकड़ी को रिलीज़ कर दिया है। महेश थीक्षाना, नवीन उल हक और केशव महाराज आगामी सीज़न के लिए अन्य विदेशी खिलाड़ी होंगे। रॉयल्स ने इस साल के लिए रहकीम कॉर्नवाल, एलिक अथानाज़े और केविन विकम को बरकरार रखा है, साथ ही नईम यंग और रिवाल्डो क्लार्क, रेमन सिमंड्स और ओबेद मैककॉय भी टीम में वापस आ गए हैं। 14 खिलाड़ियों की पुष्टि के साथ, उनके पास जुलाई में ड्राफ्ट में भरने के लिए तीन स्थान होंगे।

## भारत में पहली द्विपक्षीय श्रृंखला खेलने के लिए तैयार आयरलैंड की महिला क्रिकेट टीम

**नई दिल्ली।** आयरलैंड महिला क्रिकेट टीम इस साल के आखिर में भारत का दौरा करेगी, जिसमें लॉरा डेलानी की अगुआई वाली टीम हरमनप्रीत कौर की टीम के खिलाफ तीन वनडे और इतने ही ट्वेंटी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगी। यह पहली बार होगा जब कोई आयरिश टीम (पुरुष या महिला) द्विपक्षीय दौरे के लिए भारत का दौरा करेगी। आयरिश पुरुष टीम 2011 विश्व कप के लिए भारत आई थी, लेकिन द्विपक्षीय श्रृंखला के लिए कभी नहीं। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, आयरिश महिलाएँ 30 दिसंबर को भारत पहुँचेंगी और दो सप्ताह तक वहाँ रहेंगी। सभी छह मैच जनवरी में खेले जाएँगे, जिनके लिए स्थान अभी तक तय नहीं किए गए हैं। वनडे 2022-2025 आईसीसी महिला वनडे चैंपियनशिप का हिस्सा होंगे, जिसमें भारत में खेले जाने वाले 2025 महिला क्रिकेट विश्व कप के लिए योग्यता निर्धारित करने के लिए 10 टीमों के बीच मुकाबला हो रहा है। आयरिश क्रिकेट के एक अधिकारी ने कहा, उम्मीद है कि हम 2025 में भारत में होंगे।

## भारतीय पहलवान अंतिम पंघाल और अंशु मलिक ने बुडापेस्ट कुश्ती रैंकिंग सीरीज में जीता रजत

एजेंसी

**बुडापेस्ट।** भारतीय पहलवान अंतिम पंघाल और अंशु मलिक ने बुडापेस्ट में पोलाक इमरे और वर्गा जानोस मेमोरियल 2024 कुश्ती टूर्नामेंट (बुडापेस्ट कुश्ती रैंकिंग सीरीज) में अपने-अपने मैचों में रजत पदक जीते, जबकि शीर्ष पहलवान विनेश फोगट को कोई पदक नहीं मिला। पंघाल को महिलाओं के 53 किग्रा वर्ग के फाइनल में स्वीडन की जोना मालमग्रेन से 4-0 से हार का सामना करना पड़ा। 19 वर्षीय भारतीय ने 2021 विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता कटारज़ीना क्राविज़्क को 3-1 से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। अंशु मलिक, जिन्होंने भारत के लिए पेरिस 2024 ओलंपिक का कोटा हासिल किया था, को केक्सिन होंग से 1-12 से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा। अंशु ने सेमीफाइनल में मौजूदा विश्व चैंपियन चीन की क्यू झांग को 2-1 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। उन्होंने तनावपूर्ण क्वार्टर-फाइनल में मोल्दोवा की पूर्व विश्व चैंपियन अनास्तासिया निचिता को भी 6-5 से हराया था।

# अफगानिस्तान ने न्यूजीलैंड को 84 रनों से हराकर किया बड़ा उलटफेर, राशिद-फजलहक ने बरपाया कहर

एजेंसी

**गयाना।** न्यूजीलैंड और अफगानिस्तान के बीच आज टी20 विश्व कप 2024 का 14वां मुकाबला खेला गया। 160 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कीवी टीम 75 रन पर ऑलआउट हो गई। इसी के साथ अफगानिस्तान ने विश्व कप में बड़ा उलटफेर कर दिया। टीम को पहला झटका फजलहक फारुकी ने दिया। उन्होंने फिन एलन को पहले ओवर की पहली गेंद पर बोल्ड कर दिया। वह बिना खाता खोले पवेलियन लौटे। इस मुकाबले में कीवी टीम के बल्लेबाजों को संघर्ष करते देखा गया। डेवोन कॉनवे आठ, डेरिल मिचेल पांच, केन विलियमसन नौ, मार्क चैपमैन चार, माइकल ब्रेसवेल शून्य, ग्लेन फिलिप्स 18, मिचेल सेंटनर चार, मैट हेनरी 12, लॉकी फर्ग्यूसन दो रन बनाकर आउट हुए। वहीं, ट्रेंट बोल्ट तीन रन बनाकर नाबाद रहे। इस मुकाबले में अफगानिस्तान के



गेंदबाजों ने कहर बरपाया। फजलहक फारुकी और राशिद खान ने चार-चार विकेट चटकाए जबकि मोहम्मद नबी को दो सफलता मिली।

**अफगानिस्तान की पारी**

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी अफगानिस्तान ने 20 ओवर में छह विकेट पर 159 रन बनाए। इस मैच में रहमनुल्लाह गुरबाज और इब्राहिम जादरान ने टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 102 रनों की धमाकेदार साझेदारी हुई। टीम को पहला झटका मैट हेनरी ने दिया। उन्होंने जादरान को बोल्ड किया। वह तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से 44 रन बनाने में कामयाब हुए। इसके बाद हेनरी ने तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए अजमतुल्लाह उमरजई को अपना शिकार बनाया। वह 22 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इस मुकाबले में सलामी बल्लेबाज रहमनुल्लाह गुरबाज ने विस्फोटक प्रदर्शन किया। उन्होंने 56 गेंदों में 80 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 142.85 के स्ट्राइक रेट से पांच चौके और इतने ही छक्के लगाए। इस मैच में राशिद खान छह, गुलबदीन नाइब शून्य रन बनाकर आउट हुए। वहीं, करीम एक और नाजीबुल्लाह एक रन बनाकर नाबाद रहे। कीवी टीम के लिए बोल्ट और हेनरी ने दो-दो विकेट चटकाए जबकि लॉकी फर्ग्यूसन को एक सफलता मिली।

## नॉर्वे शतरंज 2024: कार्लसन, जू वेनजुन बने विजेता, प्रज्ञानानंद तीसरे स्थान पर रहे

एजेंसी

**स्टावेंजर।** मैग्नस कार्लसन और जू वेनजुन ने नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में क्रमशः पुरूष और महिला वर्ग का खिताब अपने नाम किया। कार्लसन 17.5 अंकों के साथ ओपन सेक्शन में स्पष्ट विजेता रहे, जबकि जू 19 अंकों के साथ महिलाओं में विजेता रहीं।

अंतिम दौर में, स्थानीय नायक कार्लसन ने आर्मागेडन में संयुक्त राज्य अमेरिका के फैबियानो कारुआना को हराया। उनके सबसे करीबी प्रतिद्वंद्वी, हिकारू नाकामुरा (यूएसए) को आर्मागेडन में ही आर. प्रज्ञानानंद ने हराया। नाकामुरा 15.5 अंकों के साथ उपविजेता रहे, जबकि चेन्नई के युवा खिलाड़ी प्रज्ञानानंद ने 14.5 अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। फ्रांस के



अलीरेजा फिरौजा 13.5 अंकों के साथ चौथे स्थान पर रहे, उन्होंने विश्व चैंपियन डिंग लिरेन को एक और शिकस्त दी।चीनी खिलाड़ी ने पांचवे स्थान पर रहने वाले कारुआना से 4.5 अंक पीछे रहकर केवल सात अंक हासिल करते हुए अंतिम स्थान हासिल किया। जू ने अपने अभियान का समापन शानदार तरीके से किया, उन्होंने क्लासिकल गेम में हमवतन लेई टिंगजी को हराया। लेई ने 14.5 अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया, जो यूक्रेन की उपविजेता अन्ना मुज़ीचुक से 1.5 अंक पीछे है। आखिरी दिन भारतीय महिलाओं के लिए निराशाजनक रहा। आर्मगेडन में आर. वैशाली को स्वीडन की पिया क्रैमलिंग से और कोनेरू हम्पी को मुज़ीचुक से हार का सामना करना पड़ा।

# श्रीलंका को हराकर बांग्लादेश ने की जीत के साथ शुरुआत

एजेंसी

**डलास।** अमेरिका और वेस्टइंडीज की मेजबानी में जारी टी20 विश्व कप 2024 का 15वां मैच बांग्लादेश ने श्रीलंका के खिलाफ दो विकेट से जीतकर मौजूदा टूर्नामेंट में बड़ा उलटफेर कर दिया। ग्रुप डी के रोमांचक मुकाबले में जीत के साथ बांग्लादेश ने सुपर-8 के लिए अपनी दावेदारी मजबूत कर दी है। फिलहाल अंक तालिका में नाजमुल हसन शांतो की टीम तीसरे स्थान पर है। वहीं, श्रीलंका लगातार दूसरे मैच में हार के साथ आखिरी पायदान पर पहुंच गई है। इससे पहले उन्हें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा था।

डलास के ग्रैंड प्रियरी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका ने पथुम निसंका की 47 रनों की पारी के दम पर 20 ओवर में नौ विकेट गंवाकर 124 रन बनाए। जवाब में बांग्लादेश ने 19 ओवर में आठ विकेट पर 125 रन बनाए और दो विकेट से मैच अपने नाम कर लिया। बांग्लादेश की यह इस टूर्नामेंट में पहली जीत है।

**बांग्लादेश के लिए संकटमोचक**

125 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश की शुरुआत कुछ खास नहीं हुई थी। उन्हें धनंजय डीसिल्वा ने एक रन के स्कोर पर ही पहला झटका दे दिया था। सौम्य सरकार बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए जबकि तंजीद हसन को तुषारा ने बोल्ड किया। वह सिर्फ तीन रन बना सके। इसके बाद नाजमुल हसन शांतो बल्लेबाजी के लिए आए जिन्हें तुषारा ने ही अपना शिकार बनाया। 28 रन के स्कोर पर बांग्लादेश के चार विकेट गिर



चुके थे। टीम को अब एक साझेदारी की जरूरत थी। ऐसे में मोर्चा लिट्टन दास और तौहीद हृदय ने संभाला। दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 63 रनों की साझेदारी हुई। 12वें ओवर में हसरंगा ने तौहीद को एलबीडब्ल्यू आउट किया। वह 20 गेंदों में 40 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेलकर पवेलियन लौटे जबकि लिट्टन दास दो चौकों और एक छक्के की मदद से 36 रन बनाए। इस मैच में शाकिब अल हसन ने आठ, रिशाद हुसैन ने एक और तस्कीन अहमद ने शून्य रन बनाए। वहीं, महमूदुल्लाह 16 और तंजीम एक रन बनाकर नाबाद रहे। श्रीलंका के लिए नुवान तुषारा ने चार और वानिंदु हसरंगा ने दो विकेट चटकाए। वहीं, डीसिल्वा और पथिराना को एक-एक सफलता मिली।

**श्रीलंका ने बांग्लादेश के सामने रखा 125 रन का लक्ष्य**

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत दमदार हुई थी। हालांकि, टीम के सलामी बल्लेबाज इसे ज्यादा देर तक जारी नहीं रख सके। तस्किन अहमद ने 21 रन के स्कोर पर श्रीलंका को पहला झटका कुसल मेंडिस के रूप में दिया जो सिर्फ 10 रन बना सके। इसके बाद विकेटों की झड़ी सी लग गई। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे कामिंदु मेंडिस सिर्फ चार रन बनाकर आउट हो गए। एक छोर पर पथुम निसंका कमान संभाल हुए थे तो दूसरी तरफ विकेटों के गिरने का सिलसिला जारी था। इस मैच में ओपनिंग के लिए आए निसंका 28 गेंदों में 47 रन बनाने में कामयाब हुए। हालांकि, अर्धशतक पूरा करने से पहले मुस्तफिजुर रहमान ने उन्हें नाजमुल हसन शांतो के हाथों कैच आउट करा दिया। इस शानदार पारी के दौरान उनके बल्ले से सात चौके और एक छक्का निकला। श्रीलंका के लिए धनंजय डीसिल्वा ने 21, चरिथ असलंका ने 19, वानिंदु हसरंगा ने शून्य, एंजलो मैथ्यूज ने 16, दसुन शनाका ने तीन और महीश तीक्षणा ने शून्य रन बनाए। वहीं, मथीशा पथिराना और नुवान तुषारा बिना खाता खोले नाबाद रहे। बांग्लादेश के लिए मुस्तफिजुर रहमान और रिशाद हुसैन ने तीन-तीन विकेट चटकाए जबकि तस्किन अहमद को दो और तंजीम हसन साकिब को एक विकेट मिला।

# अभ्यास सत्र के दौरान चोटिल हुए रोहित, मैच से पहले हो पाएंगे फिट?

**न्यूयार्क।** भारत और पाकिस्तान के बीच रविवार को न्यूयॉर्क में टी20 विश्व कप का मुकाबला खेला जाना है, लेकिन उससे पहले ही भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की चोट ने टीम की चिंता बढ़ा दी है। रोहित अभ्यास सत्र के दौरान बल्लेबाजी करते वक्त चोटिल हो गए। दरअसल, अभ्यास के वक्त रोहित के हाथों में गेंद लगी थी, लेकिन कप्तान ने बल्लेबाजी जारी रखी जिससे टीम के साथ खिलाड़ियों और सहायक स्टाफ ने राहत की सांस ली। चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ रोहित का उपलब्ध रहना टीम के लिए काफी महत्वपूर्ण है।

**थ्रो डाउन विशेषज्ञ की गेंद पर हुए चोटिल**

रोहित को अभ्यास सत्र के दौरान थ्रो डाउन विशेषज्ञ की गेंद पर चोट लगी। बल्लेबाजी के दौरान



गेंद रोहित की अंगुली में जाकर लगी। रोहित को तुरंत ही फिजियो ने देखा और कुछ देर के लिए बल्लेबाजी अभ्यास भी प्रभावित हुआ, लेकिन बाद में रोहित ने फिर अभ्यास करना जारी रखा। यह दूसरी बार है जब रोहित को हाथ में चोट लगी है। इससे पहले, आयरलैंड के खिलाफ पहले मैच के दौरान भी रोहित चोटिल हो गए थे और अर्धशतक लगाने के बाद रिटायर्ड हर्ट होकर पवेलियन लौट गए थे। उन्होंने बाद में कहा था कि उन्हें सूजन दिख रही थी इसलिए एहतियातन वह मैदान से बाहर चले गए थे।

**संजना गणेशन के पोस्ट ने बढ़ाई टेंशन**

रोहित के चोटिल होने की खबरों के बीच तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की पत्नी संजना गणेशन ने एक चौंकाने वाली पोस्ट कर फैंस की टेंशन बढ़ा दी। उन्होंने भारत बनाम पाकिस्तान मैच से पहले सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया जिसमें उन्होंने लिखा, जसप्रीत के टॉस करने का इंतजार नहीं कर सकती।

भारतीय खिलाड़ियों ने पाकिस्तान के खिलाफ अहम मुकाबले से पहले तीन घंटे तक जमकर अभ्यास किया। इस दौरान विराट कोहली काफी कूल नजर आए। इस मैच में टीम इंडिया अपनी जीत की लय बरकरार रखने का लक्ष्य लेकर उतरेगी। वहीं, पाकिस्तान को अपनी पहली जीत की तलाश होगी। हाल ही में बाबर आजम की टीम को अमेरिका के हाथों करारी हार का सामना करना पड़ा था।

## फ्रेंच ओपन 2024: फाइनल में पहुंचे अलेक्जेंडर ज्वेरेव,अल्कराज से होगी खिताबी भिड़ंते

**पेरिस।** जर्मनी के स्टार टेनिस खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने सातवें वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड को 2-6, 6-2, 6-4, 6-2 से हराकर फ्रेंच ओपन के फाइनल में प्रवेश किया, जहां उनका सामना रविवार को स्पेनिश टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्कराज से होगा। चौथे वरीय ज्वेरेव, जो लगातार चौथी बार रोलैंड गैरोस सेमीफाइनल में पहुंचे थे, अंततः ओपन युग में खिताबी मुकाबले में पहुंचने वाले दूसरे जर्मन खिलाड़ी बन गए और माइकल स्टिच की 1996 की उपलब्धि की बराबरी कर ली।

ज्वेरेव, जिन्हें 2022 में राफेल नडाल के खिलाफ सेमीफाइनल के दौरान टखने के लिगामेंट में गंभीर चोट लगी थी, ने मैच के बाद ऑन कोर्ट साक्षात्कार में कहा, मैं निश्चित रूप से बेहद खुश हूँ। इस कोर्ट पर मेरा बहुत इतिहास है, मेरी कुछ सबसे अच्छी और सबसे खराब यादें इसी कोर्ट पर हैं। मैं अपने चौथे प्रयास में फाइनल में पहुँचकर खुश हूँ। मैं रविवार को फाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ देने जा रहा हूँ। 2020 यूएस ओपन के फाइनल में डोमिनिक थिएम से हारने के बाद, ज्वेरेव ने कहा कि वह अपना पहला बड़ा खिताब जीतने के लिए तैयार हैं। फ्लशिंग मीडोज के अपने खिताबी मुकाबले के बारे में ज्वेरेव ने कहा, मैं दो सेट और ब्रेक अप से चूक गया था और जीत से दो अंक दूर था। लेकिन तब मैं अपना पहला ग्रैंड स्लैम फाइनल जीतने के लिए तैयार नहीं था।

# पंजाब एफसी ने जीता ड्रीम स्पोर्ट्स फुटबॉल चैंपियनशिप का खिताब

एजेंसी

**मुंबई।** पंजाब एफसी ने मुंबई के कूपरेज फुटबॉल ग्राउंड में खेले गए फाइनल मुकाबले में ईस्ट बंगाल एफसी पर 1-0 की जीत के साथ ड्रीम स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया है। अर्शवीर सिंह के एकमात्र गोल ने पंजाब एफसी को इस अंडर-17 क्लब फुटबॉल टूर्नामेंट के उद्घाटन सीजन का विजेता बनाया।

दोनों टीमें मैच में कई मौकों पर गोल करने के करीब पहुंच गईं थीं लेकिन वे फिनिशिंग टच नहीं दे सकीं। चैंपियनशिप में सबसे अधिक गोल करने वाले देबोजीत रॉय 21वें मिनट में ईस्ट बंगाल के लिए गोल करने के बिल्कुल करीब पहुँचे लेकिन गोलकीपर विश्वजीत यादव ने उनको निराश कर दिया। इसी तरह गुरनाज सिंह ग्रेवाल की लॉफ्टेड बॉल को समय पर लपकने में विफल रहने के कारण 27वें मिनट में उन्हें एक बार फिर से निराशा हाथ लगी।

पहले हाफ के इंजरी टाइम के




पहले मिनट में, मिडफील्डर अर्शवीर ने पेनल्टी बॉक्स के बाहर से एक बेहतरीन शॉट की बदौलत गोल किया। अर्शवीर ने ईस्ट बंगाल के गोलकीपर दीप बर्मन को छकाते हुए यह शानदार गोल किया। पंजाब एफसी के लिए यह एक शानदार पल था।

मामूली बढ़त के साथ पंजाब एफसी ने दूसरे हाफ में हमले तेज कर दिये। उसने अपने विरोधियों पर अच्छा दबाव बनाया और गेंद पर कब्जा बनाये रखते हुए कई जोरदार हमले किए। विशाल यादव 59वें मिनट में पंजाब एफसी की बढ़त को दोगुना करने के सबसे करीब पहुंचे। उन्होंने गेंद को बॉक्स में पहुंचाया, लेकिन सिंगमयुम शमी खाली गेंद को नेट में टैप करने में विफल रहे।

इसके बाद दीप ने दो मिनट में दो महत्वपूर्ण बचाव किए, जिससे ईबीएफसी मैच में बना रहा, लेकिन उनकी टीम अपने गोलकीपर से मिले लाइफलाइन का लाभ नहीं उठा सकी। शमी ने साइड-नेटिंग पर शॉट मारा, जबकि विश्वजीत ने अंतिम पलों में देबोजीत को रोकने के लिए अच्छा प्रदर्शन किया और इसका नतीजा हुआ कि पंजाब एफसी चैंपियन बनकर उभरा।

युवा फुटबॉलरों को भारत के पूर्व गोलकीपर सुब्रत पॉल की मौजूदगी ने अच्छा एहसास कराया। सुब्रत ने ड्रीम स्पोर्ट्स चैंपियनशिप के साथ-साथ फाइनल के बारे में बात की और कहा, यह एक अच्छा मैच था। भविष्य के लिए इन सभी युवा सितारों को शुभकामनाएँ।

# कतर के खिलाफ फीफा विश्व कप क्वालीफायर के लिए 23 सदस्यीय भारतीय टीम घोषित

एजेंसी

**कोलकाता।** भारत की सीनियर पुरुष टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने शनिवार, 8 जून, 2024 को कतर के खिलाफ फीफा विश्व कप 2026 और एएफसी एशियाई कप 2027 प्रारंभिक संयुक्त योग्यता राउंड 2 मैच के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है।

भारतीय टीम शनिवार शाम को कोलकाता से दोहा के लिए रवाना होगी। टीम मंगलवार को अल रयान के अहमद बिन अली स्टेडियम में अपने आखिरी ग्रुप ए मैच में दो बार के एशियाई चैंपियन कतर से भिड़ेगी। गुरुवार को कुवैत के खिलाफ गोलरहित ड्रा खेलने के बाद भारत -3 के गोल अंतर और पांच अंकों के साथ दूसरे स्थान पर बना हुआ है। अफगानिस्तान ने भी कतर के साथ 0-0 से ड्रा खेला और -10 के गोल अंतर के साथ तीसरे स्थान पर बना हुआ है। कुवैत अभी भी चार अंकों के साथ तालिका में सबसे नीचे है। कतर



ने पहले ही तीसरे दौर में अपना स्थान पक्का कर लिया है, अन्य सभी तीन टीमें दूसरे और अंतिम स्थान के लिए दावेदारी में बनी हुई हैं। भारत अगर कतर को हरा देता है और अफगानिस्तान पर अपना गोल अंतर बनाए रखता है, तो वह तीसरे दौर के लिए क्वालिफाई कर जाएगा। अफगानिस्तान और कुवैत के बीच मैच ड्रॉ होने पर भी ब्लू टाइगर्स के लिए एक अंक पर्याप्त होगा। हालांकि, कतर में हार से भारत की आगे बढ़ने की उम्मीदें खत्म हो जाएंगी, चाहे कोई भी नतीजा क्यों न हो।

**कतर के खिलाफ फीफा विश्व कप क्वालीफायर के लिए भारत की 23 सदस्यीय टीम:**

गोलकीपरः गुरप्रीत सिंह संधू, अमरिंदर सिंह, विशाल कैथ।

डिफेंडरः अनवर अली, जय गुप्ता, मेहताब सिंह, नरेंद्र, निखिल पुजारी, राहुल भेके।

मिडफील्डरः अनिरुद्ध थापा, ब्रैंडन फर्नांडिस, एडमंड लालरिंदिका, जैक्सन सिंह थोनाओजम, लालियानजुआला छांगटे, लिस्टन कोलाको, महेश सिंह नोरेम, नंदकुमार सेकर, सहल अब्दुल समद, सुरेश सिंह वांगजम।

फॉरवर्डः मनवीर सिंह, रहीम अली, विक्रम प्रताप सिंह, डेविड लालहलनसांगा।

## अल्कराज फाइनल में, पांच सेट के रोमांचक मुकाबले में सिनर को हराया

**पेरिस।** स्पेन के स्टार टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने खराब शुरुआत से उबरते हुए, एक उतार-चढ़ाव भरे मुकाबले में इटली के जननिक सिनर को 2-6, 6-3, 3-6, 6-4, 6-3 से हराकर अपने पहले फ्रेंच ओपन फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। तीसरे वरीय खिलाड़ी अल्कराज ने शुरूआती सेट में अपने शानदार खेल का प्रदर्शन नहीं किया, लेकिन इसके बाद सिनर की गलतियों का पूरा फायदा उठाते हुए दूसरा सेट जीतकर मैच को बराबरी पर ला दिया। हालांकि ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन सिनर, जो अगले सप्ताह विश्व नंबर एक के रूप में कार्यभार संभालेंगे, ने कोर्ट फिलिप चैटरियर पर खेले गए इस मुकाबले के तीसरे सेट में शानदार वापसी की तीसरा सेट अपना नाम किया, हालांकि इसके बाद अल्कराज ने बाकी दो सेट जीतकर मैच अपने नाम किया। डबल ग्रैंड स्लैम चैंपियन अल्काराज, जो अपने विंबलडन और यू.एस. ओपन खिताबों में इजाफा करने की उम्मीद कर रहे हैं, रविवार को फाइनल में जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव या नॉर्वे के दो बार के उपविजेता कैस्पर रूड का सामना करेंगे। मैच जीतने के बाद अल्काराज ने ऑन कोर्ट साक्षात्कार में कहा, आपको दुख में आनंद तलाशना होगा, मुझे लगता है कि यही सफलता की कुंजी है, यहाँ क्ले पर और भी अधिक, यहाँ रोलैंड गैरोस में, लंबी रैलियाँ, चार घंटे के मैच, पाँच सेट, आपको लड़ना होगा, आपको कष्ट सहना होगा। संभवतः, मेरे छोटे से करियर में मैंने जो सबसे कठिन मैच खेले हैं, वे सिनर के खिलाफ़ रहे हैं, और मुझे उनके खिलाफ़ इस तरह के कई और मैच खेलने की उम्मीद है, लेकिन हाँ निश्चित रुप से यह मेरे द्वारा खेले गए सबसे कठिन मैचों में से एक है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



## फास्ट न्यूज

### हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर भी होगी सुनवाई

**टीम एक्शन इंडिया**

**रांची:** ग्रीष्मावकाश के बाद 10 जून (सोमवार) से झारखंड हाई कोर्ट की कार्यवाही पूर्व निर्धारित रूप से चलेगी। हाई कोर्ट की सभी बेंच में सूचीबद्ध मामलों की सुनवाई होगी। वहीं 10 जून को ही जमीन घोटाले मामले में आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर भी सुनवाई होगी। मामले में अब तक ईडी का जवाब नहीं आया है।ईडी को मामले में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था। यह सुनवाई हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की बेंच में शाम चार बजे होगी। हाई कोर्ट के कैलेंडर के अनुसार इस वर्ष ग्रीष्मावकाश 20 मई से सात जून तक निर्धारित था।

### केदारनाथ में यात्रियों को थार में घुमाया, जांच के आदेश

**टीम एक्शन इंडिया**

**गुप्तकाशी:** केदारनाथ धाम में दिव्यांगों, असहाय लोगों और मरीजों की सहायता के लिए पहुंचाई गई थार गाड़ियों को लेकर एक नया विवाद खड़ा हो गया है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें कुछ लोग थार से उतरकर मंदिर की तरफ जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद लोग इसको लेकर आपत्ति दर्ज करा रहे हैं। वहीं मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने मामले में जांच के आदेश दे दिए हैं। हाल ही में केदारनाथ धाम में दो थार गाड़ी को हेलीकॉप्टर से पहुंचाया गया था। तब कहा गया था कि ये वाहन जरूरतमंदों के लिए है, लेकिन थार में आम यात्री यात्रा करते दिखे तो बवाल खड़ा हो गया। अब अधिकारियों ने जांच और कड़ी कार्रवाई की बात कही है। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने इस मामले को गंभीरता से लिया है। उन्होंने कहा कि पर्यटन विभाग द्वारा भेजे गए वाहन केवल दिव्यांग, असहाय और मरीजों को लाने और ले जाने के लिए हैं। ये सामान्य यात्रियों के लिए नहीं हैं। इस पूरे मामले की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। जिस भी अधिकारी ने वाहन में सफर करने के लिए इन लोगों को इजाजत दी है, उसके खिलाफ जल्द ही सख्त कार्रवाई की जाएगी और सुनिश्चित किया जाएगा कि भविष्य में ऐसा न हो।

### चीनी नागरिक की गिरफ्तार, अलर्ट जारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला:** हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले में भारत-तिब्बत अंतरराष्ट्रीय सीमा के समीप बिना परमिट घूमने निकले चीनी नागरिक की गिरफ्तारी से सुरक्षा एजेंसियों के कान खड़े हो गए हैं।

# विस उपचुनाव में बीजेपी और सपा की होगी अग्निपरीक्षा

## जो विधायक चुनाव जीतकर दिल्ली का टिकट कटा चुके हैं,उन विधानसभा सीटों पर छह महीने के अंदर उपचुनाव होंगे

**चुनाव की तैयारी**

▸▸ लोकसभा चुनाव के मैदान में सबसे ज्यादा आठ विधायकों व तीन एमएलसी को चुनाव मैदान में उतारा था





**टीम एक्श इंडिया**

**लखनऊ: 18वीं लोकसभा चुनाव** के नतीजों में समाजवादी पार्टी दौड़ में अव्वल रही। बीजेपी को उम्मीद से कम सीटों पर संतोष करना पड़ा। लेकिन आने वाले दिनों में बीजेपी और सपा को फिर से एक और चुनाव की अग्नि परीक्षा से गुजरना होगा। उसकी वजह यह है कि जो विधायक चुनाव जीतकर दिल्ली का टिकट कटा चुके हैं,उन विधानसभा (विस) सीटों पर छह महीने के अंदर उपचुनाव होंगे। यूपी में ऐसी नौ विधानसभा सीटें हैं। बता दें, यूपी विधानसभा में मौजूदा समय में बीजेपी 252 विधायकों के साथ सबसे बड़ा दल है।

**इन नौ सीटों पर होगा उपचुनाव:** लोकसभा चुनाव के बाद यूपी की गाजियाबाद, मझावन, मीरापुर, अयोध्या, करहल, कटेहरी, फूलपुर, कुंदरकी और खैर विधानसभा क्षेत्रों पर उपचुनाव होना तय हो गया है। बीजेपी व सहयोगी दलों ने लोकसभा चुनाव के मैदान में सबसे ज्यादा आठ विधायकों व तीन एमएलसी को चुनाव मैदान में उतारा था। इनमें से फूलपुर लोकसभा सीट से प्रवीण पटेल ने जीत दर्ज की है। गौरतलब है कि,लोकसभा चुनाव में विभिन्न दलों ने 14 विधायकों को चुनावी अखाड़े में उतारा था। इनमें से नौ विधायक सांसद बनने में कामयाब रहे।

**अतुल गर्ग गाजियाबाद से संसद पहुंचे:** बीजेपी के प्रत्याशी अतुल गर्ग यूपी के अहम सीट गाजियाबाद से जीतकर संसद पहुंचे हैं। यूपी विधानसभा सीट संख्या 56 गाजियाबाद से बीजेपी की टिकट पर 2022 में अतुल गर्ग विधायक निर्वाचित हुए। अतुल गर्ग के सांसद निर्वाचित हो जाने के बाद गाजियाबाद सीट पर उपचुनाव होना तय है।

### मीरापुर विधानसभा से विधायक चंदन चौहान संसद पहुंचे



**मीरापुर** विधानसभा सीट से विधायक चंदन चौहान को रालोद के टिकट पर बिजनौर से जीत दर्ज कर अपना कद बढ़ाया है। रालोद एनडीए का हिस्सा है। 2019 के चुनाव में बिजनौर सीट बसपा के मलूक नागर ने जीती थी। चंदन चौहान गठबंधन की उम्मीदों पर खरे उतरे और उन्होंने शानदार जीत दर्ज की। इस सीट पर उपचुनाव में रालोद की अग्नि परीक्षा होगी।

**कुंदरकी विधानसभा से विधायक जियाउर्रहमान संभल से संसद पहुंचे:** मुरादाबाद के कुंदरकी विधानसभा सीट के विधायक जियाउर्रहमान बर्क ने सपा के टिकट पर संभल से जीत दर्ज की है। पिछले चुनाव में संभल सीट सपा की टिकट पर जियाउर्रहमान बर्क के दादा शफीकुर्रहमान बर्क ने जीत दर्ज की थी। इस बार सपा ने उन्हें टिकट दी थी, लेकिन उनके निधन के कारण टिकट उनके पोते को दी गई। 2022 के विधानसभा चुनाव में जियाउर्रहमान बर्क ने बीजेपी को कमल कुमार को हराकर विधायकी हासिल की थी।

**करहल से विधायक अखिलेश दिल्ली पहुंचे:** मैनपुरी जनपद की करहल विधानसभा सीट से विधायक व यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कन्नौज से जीत दर्ज की है। अखिलेश यादव को किसी एक पद से इस्तीफा देना होगा। इस हिसाब से करहल सीट पर उपचुनाव होंगे। अखिलेश यूपी विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष भी हैं। 2022 में विस चुनाव में अखिलेश ने भाजपा के प्रो0 एसपी सिंह बघेल को शिकस्त दी थी।

**अयोध्या से सपा के विधायक जीते:** लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने 6 विधायकों को चुनावी रण में उतारा था।

### सिरफिरे आशिक ने युवती पर तलवार से हमला कर मौत के घाट उतारा

**टीम एक्शन इंडिया**


**चंडीगढ़:** मोहाली में सिरफिरे आशिक ने युवती पर तलवार से हमला कर मौत के घाट उतार दिया। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में साफ दिखाई दे रहा कि एक अज्ञात युवक ने युवती पर अचानक से हमला कर दिया। अज्ञात युवक ने उस दौरान हमला किया जिस दौरान युवती अपने काम पर जा रही थी।

**अस्पताल में इलाज के दौरान युवती ने तोड़ा दम:** घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई हैं और मामले की जांच कर दी है। युवती को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि युवती की हालत गंभीर है। जानकारी मिल रही है कि फेज 6 के सरकारी अस्पताल में लड़की की इलाज के दौरान मौत हो गई है। लड़की का नाम बलजिंदर कौर 26 वर्ष बताया जा रहा है।

### चुनावी नतीजे आने के बाद बंगाल में हिंसा

**टीम एक्शन इंडिया**

**हुगली:** लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजे आने के बाद से ही राज्य के विभिन्न इलाकों में हिंसा की खबरें लगातार आ रही है इसी क्रम में शुक्रवार रात हुगली जिले के गोघाट में भी हिंसा हुई। यहां तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर भाजपा कार्यकर्ताओं पर हमला करने का आरोप लगा है। हालांकि कांग्रेस ने भाजपा के आरोपों का खंडन किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हुगली के गोघाट के भुरकुंडा इलाके में तृणमूल कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यकर्ताओं पर हमला कर दिया जिसमें करीबन आठ भाजपा कार्यकर्ताओं को गंभीर चोटें आईं। चार घायलों को कामारपुकुर स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। उपद्रव रोकने की कोशिश में एक पुलिसकर्मी भी घायल हो गया। हालांकि, तृणमूल ने आरोपों से इनकार किया है। स्थानीय भाजपा अध्यक्ष विजय राय ने शनिवार को बताया कि तृणमूल नेता इलाके से भाजपा का झंडा हटाने के लिए दबाव बनाने रहे थे। आरोप है कि झंडा न खोलने पर शुक्रवार रात उन्हें और उनके भाई को जमकर पीटा गया। आरोप है कि भाजपा की महिला कार्यकर्ताओं पर भी हमला किया गया। भाजपा ने आरोप लगाया कि विरोध करने पर तृणमूल कार्यकर्ताओं ने पत्थरबाजी शुरू कर दी। सूचना मिलने पर गोघाट थाने पुलिस मौके पर गई। पुलिस सूत्रों के मुताबिक ईंट लगने से एक पुलिसकर्मी घायल हो गया। बाद में बड़ी संख्या में फोर्स ने जाकर स्थिति को संभाला।



### अखिलेश सपा संसदीय दल के नेता चुने गए



**केंद्र की राजनीति**

▸▸ अखिलेश यादव मैनपुरी जिले के करहल विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के कन्नौज से नवनिर्वाचित लोकसभा सदस्य एवं सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के शनिवार को पार्टी संसदीय दल का नेता चुने जाने के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि वह अब केंद्र की राजनीति करेंगे और विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा देंगे। अखिलेश मैनपुरी जिले के करहल विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। लोकसभा चुनाव में सपा के 37 उम्मीदवार जीत दर्ज करने में कामयाब रहे हैं। अखिलेश यादव के संसदीय दल का नेता चुने जाने के बाद पार्टी के नवनिर्वाचित सांसदों ने उनको बधाइयां दीं। इस दौरान अखिलेश ने पूरे मनोभाव से अपने कार्यकर्ताओं का अभिवादन किया। अखिलेश ने पत्रकारों से कहा कि सपा के सांसद जनता के हित में बात रखने का कार्य करेंगे और जनता के बीच रहकर संघर्ष करेंगे। पीडीए की रणनीति पर अखिलेश यादव ने जोर देकर कहा कि पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक अर्थात पीडीए की रणनीति पर सपा कार्य करती रही और इसका परिणाम 2024 के चुनाव में हमें मिला है। अपने यहां दो प्रकार के सांसद हैं, जिन्हें सर्टिफिकेट मिला है और जो सर्टिफिकेट नहीं पा पाये हैं। ऐसे दोनों ही सांसदों को हम जीत की बधाई देते हैं। करहल विधानसभा सीट से जुड़े सवाल पर अखिलेश ने कहा कि मैनपुरी में सपा की बहुत समय से पकड़ रही है और उसी का नतीजा है जो हमने वहां लोकसभा चुनाव जीता है।